रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 30 सितंबर 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 43 मूल्य 3.00 ₹







## क्विक न्यूज

### बिहार में बसपा का चुनावी गठबंधन

**नयी दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने बिहार विधानसभा चुनाव में राष्टीय लोक समता पार्टी और अन्य राजनीतिक दलों के साथ मिलकर चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा की है। मायावती ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि बिहार विधानसभा चुनावों में उतरने के लिए बसपा गठबंधन करेगी। राष्टीय लोक समता पार्टी के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा गठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे।

### राजनाथ ने लॉन्च किया 'रक्षा भारत स्टार्टअप चैलेंज'

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को 'रक्षा भारत स्टार्टअप चैलेंज' (डीआईएससी4) की शुरुआत की और रक्षा तंत्र को मजबूत बनाने में निजी क्षेत्र के महत्त्व को रेखांकित किया। रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडेक्स) कार्यक्रम के तहत श्री सिंह ने यहां डीआईएससी4 के साथ ही आईडेक्स4फौजी और उत्पाद प्रबंधन अप्रोच (पीएमए) पर दिशा-निर्देश भी लॉन्च किये।

### अब कोरोना वैक्सीन की 20 करोड़ खुराक बनायेगा सीरम इंस्टीट्यूट

**नयी दिल्ली।** पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने मंगलवार को कहा कि वह भारत तथा दुनिया के अन्य निम्न तथा मध्यम आयवर्ग वाले देशों के लिए कोरोना वैक्सीन की 10 करोड़ की जगह 20 करोड़ खुराक तैयार करेगा। एसआईआई ने मंगलवार को कहा कि अगले साल तक कोरोना वैक्सीन की 20 करोड़ डोज बनाने के लिए उसे बिल एंड मेलिंडा गेट्स फांउडेशन तथा गावी वैक्सीन एलाएंस से 30 करोड़ डॉलर का फंड प्राप्त हुआ है।

# 11 राज्यों की 56 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखें घोषित

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



चुनाव आयोग ने मंगलवार को घोषणा की कि 10 राज्यों की 54 विधानसभा सीटों पर तीन नवंबर को उपचुनाव होगें जबकि बिहार की एक लोकसभा सीट और मणिपुर की दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव सात नवंबर को कराये जायेंगे तथा मतगणना 10 नवंबर को होगी। आयोग ने कहा कि कोविड -19 के कारण उत्पन्न स्थानीय परिस्थितियों के मद्देनजर असम, तमिलनाडु और केरल की दो-दो तथा पश्चिम बंगाल की एक विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव नहीं होंगे। आयोग के अनुसार मध्यप्रदेश विधानसभा की 28, गुजरात की आठ , उत्तर प्रदेश की सात , झारखंड, कर्नाटक, ओडिशा तथा नागालैंड की दो -दो, हरियाणा, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ की एक - एक सीट के लिए उपचुनाव तीन नवम्बर को होंगे। बिहार की वाल्मीकि नगर लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव सात नवंबर को होंगे। उसी दिन मणिपुर की दो विधानसभा सीटों के लिए भी चुनाव होगा।

■ **नतीजे 10 नवंबर को**

आयोग के अनुसार 54 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए अधिसूचना नौ अक्टूबर को जारी होगी जबकि मतदान तीन नवम्बर को होगा। बिहार की संसदीय सीट के लिए मतदान सात नवम्बर को होगा। उसके लिए अधिसूचना 13 ➤शेष पेज 8 पर

## मरवाही विधानसभा सीट पर 3 नवंबर को वोटिंग, 10 को नतीजे आएंगे

**रायपुर।** गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले की मरवाही विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने वाले हैं। इसकी तारीखों का ऐलान हो गया है। इस सीट पर चुनाव के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी 9 अक्टूबर को नोटिफिकेशन जारी करेंगे। इसके बाद नामांकन की आखिरी तारीख 16 अक्टूबर तक होगी। नॉमिनेशंस की स्क्रूटनी 17 अक्टूबर को होगी। 19 अक्टूबर तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद वोटिंग 3 नवंबर को होगी। वोट की गिनती यानी नतीजे 10 नवंबर को आएंगे। दरअसल, पिछले दिनों इस सीट से विधायक और प्रदेश के पहले सीएम अजीत जोगी का निधन हो गया। जिसके बाद यह सीट खाली थी। इससे अब उनके बेटे जनता कांग्रेस पार्टी के प्रमुख अमित जोगी चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने हाल ही में अपने फेसबुक अकांउट पर अपने बेटे और अजीत जोगी के पोते की तस्वीर लगाई है। इस पर लिखा है कि मैं जन्म ले लिया हूं, आपका आशीर्वाद चाहिए। दरअसल, जनता कांग्रेस के कई नेता इस बच्चे को अजीत जोगी का दोबारा जन्म मानते हैं। इस सीट पर सालों से जोगी परिवार का ही कब्जा था। इस किले को भेदने की कोशिश कांग्रेस और भाजपा दोनों कर रही हैं। **विस्तृत समाचार 12 पर**

### आज से गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में आचार संहिता लागू, छुट्टी पर भी रोक

चुनाव आयोग ने मरवाही उपचुनाव के लिए तारीखों का ऐलान कर दिया है। छत्तीसगढ़ की मरवाही सीट के लिए 9 से 16 अक्टूबर तक नामांकन भरे जाएंगे। 3 नवंबर को मतदान होगा और 10 नवंबर को इसके नतीजे भी आ जाएंगे। मरवाही उपचुनाव का ऐलान होते गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में अब आचार संहिता लागू हो गई है। कलेक्टर डोमन सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही अब सभी अधिकारी-कर्मचारी की छुट्टियों पर रोक लग गया, बिना कलेक्टर की अनुमति के अधिकारी-कर्मचारी अवकाश पर नहीं जाएंगे और अपने मुख्यालय में मौजूद रहेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड में नमामि गंगे की 8 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

वार्ता ◄ देहरादून
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्तराखंड में नमामि गंगे की आठ परियोजनाओं को वर्चुअल लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने रोविंग डाउन द गंगेज तथा ग्राम पंचायतों और पानी समितियों के लिए बनाई गई मार्गदर्शिका का विमोचन और जल जीवन मिशन के लोगो (प्रतीक चिह्न) का भी अनावरण किया।

श्री मोदी ने उत्तराखण्डवासियों को बधाई देते हुए कहा कि मां गंगा हमारे सांस्कृतिक वैभव और आस्था से तो जुड़ी है, साथ ही लगभग आधी आबादी को आर्थिक रूप से समृद्ध भी करती है। नमामि गंगे मिशन, नई सोच और नई एप्रोच के साथ शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि यह देश का सबसे बडा नदी संरक्षण अभियान है। इसमें समन्वित रूप से काम किए गए।

उन्होंने कहा कि गंगा जी में गंदा पानी गिरने से रोकने के लिए एसटीपी का निर्माण किया जा रहा है, अगले 15 वर्षों की आवश्यकता के अनुसार एसटीपी की क्षमता रखी गई, गंगा के किनारे करीब 100 शहरों और पांच हजार गांवों को खुले में शौच से मुक्त किया गया है और गंगा की सहायक नदियों को भी प्रदूषण से मुक्त रखने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में नमामि गंगे के अंतर्गत लगभग सभी प्रोजेक्ट पूरे हो गए हैं। राज्य में छह वर्ष में सीवेज ट्रीटमेंट की क्षमता को चार गुना कर दिया गया है। चंद्रेश्वर नाले सहित सभी नालों को टैप कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यहां देश का पहला ➤शेष पेज 8 पर

## महिला उत्पीड़न के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया गिरफ्तार



एजेंसी ◄ हाथरस
www.dailypioneer.com

हाथरस में हुई हैवानियत के शिकार पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग कर रहे राज्यसभा सदस्य एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया सहित कांग्रेसजनों को दिल्ली पुलिस ने राजीव चौक में गिरफ्तार किया। सांसद पीएल पुनिया के साथ पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो, पूर्व सांसद उदित राज और दिल्ली महिला कांग्रेस की नवनियुक्त अध्यक्ष अमृता धवन के नेतृत्व में कांग्रेस का जबरदस्त विरोध प्रदर्शन और गिरफ्तारी दी गई। बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं और महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस नेताओं को मंदिर मार्ग थाने में लाया गया। सारे गिरफ्तार कांग्रेसी नेता इस समय मंदिर मार्ग थाने में मौजूद रहे।

## पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के नेतृत्व में राज्यपाल को कृषि विधेयक के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया





**रायपुर।** राज्यपाल अनुसुईया उइके से राजभवन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व विधायक मोहन मरकाम के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की और उन्हें कृषि विधेयक के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस सिंहदेव, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा, विधायक अरूण वोरा, विधायक धनेन्द्र साहू, विधायक कुलदीप जुनेजा, विधायक ममता चन्द्राकर, महापौर एजाज ढेबर एवं अन्य हजारों की तादात में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 2003 तक चीन दोनों देशों के बीच सीमा विवाद का हल ढूंढने में साथ देता रहा, पर इसके बाद दिलचस्पी नहीं दिखाई

## चीन के नए पैंतरे पर भारत का दो टूक जवाब, 1959 की एलएसी की वो परिभाषा हम नहीं मानते

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

चीन ने एक बार फिर अपनी बात से मुकरते हुए एलएसी के मसले पर नया विवाद खड़ा करने की कोशिश की है। हालांकि भारत ने पलटवार करते हुए चीन से सख्त अंदाज में कहा कि बार-बार भटकाने की मंशा सफल नहीं होगी। दरअसल, चीन ने कहा है कि वह केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख को मान्यता नहीं देता है और इस इलाके में भारत की ओर से किए जा रहे इंफ्रास्ट्रक्चर के काम का विरोध करता है। चीन एक बार फिर एलएसी को तय करने में 1959 के एकतरफा समझौते का हवाला दे रहा है। एलएसी को लेकर चीन के दावे को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने अपने बयान में कहा कि भारत ने कभी भी 1959 के चीन के एकतरफ़ा तौर पर तय एलएसी को नहीं माना। 1993 के बाद ऐसे कई समझौते हुए जिसका मक़सद अंतिम समझौते तक सीमा पर शांति और यथास्थिति बनाए रखना था।



**भारत ने जताई प्रतिबद्धता-** विदेश मंत्रालय ने कहा कि 2005 के भारत सीमा के निपटारे के लिए राजनीतिक मापदंडों और मार्गदर्शक सिद्धांतों पर समझौते के लिए प्रतिबद्ध है। भारत और चीन दोनों ही लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल की एक आम समझ तक पहुंचने के लिए एलएसी के स्पष्टीकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। **चीन का बयान आपत्तिजनक -** विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने कभी भी 1959 में चीन की ओर एलएसी की एकतरफा दी गई परिभाषा को स्वीकार नहीं किया।

### चीन एलएसी की मनमानी व्याख्या भारत पर ना थोपे : विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारत ने आज कहा कि उसने 1959 में चीन द्वारा एकतरफा ढंग से परिभाषित तथाकथित वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को कभी भी स्वीकार नहीं किया है। इसलिए चीन सभी द्विपक्षीय समझौतों एवं सहमतियों का पालन करे तथा एलएसी की अपनी मनमानी व्याख्या भारत पर जबरन थोपने की कोशिश नहीं करे। एक अंग्रेजी दैनिक की रिपोर्ट में चीनी विदेश मंत्रालय द्वारा पहली बार वास्तविक नियंत्रण रेखा पर उसका पक्ष साफ किये जाने के बाद भारत ने यह प्रतिक्रिया व्यक्त की है। अखबार की एक रिपोर्ट के अनुसार चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह सात नवंबर 1959 को चीनी प्रधानमंत्री चाऊ एनलाई द्वारा प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को लिखे पत्र में प्रस्तावित एलएसी का पालन करता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्त I अनुराग श्रीवास्तव ने यहां कहा कि हमने 29 सितंबर के समाचार पत्र में इस बारे में रिपोर्ट को देखा है। भारत ने 1959 में एकतरफा ढंग से परिभाषित तथाकथित एलएसी को कभी स्वीकार नहीं किया और भारत का यह रुख चीन सहित सभी को अच्छी तरह से पता है।

## अधिकारी एक सप्ताह के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें: राज्यपाल

■ **अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत बनाते समय संविधान के प्रावधानों का पालन किया जाना चाहिए**

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल अनुसुईया उइके ने अधिसूचित क्षेत्र में ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत में परिवर्तन करने के संबंध में वैधानिक स्थिति की आज यहां राजभवन में विस्तार से समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को एक सप्ताह में प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि इस विषय में मुख्यमंत्री से भी चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही करेंगी।

राज्यपाल ने नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों से कहा है कि अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत बनाते समय संविधान के प्रावधानों का पालन किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों से कहा है कि वे नियम कानूनों की सहीं जानकारी अपने मंत्री के समक्ष रखें। उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत बनाने के संबंध में वे विभागीय मंत्री और मुख्यमंत्री से भी चर्चा करेंगी। राज्यपाल ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत बनाने के लिए संविधान के प्रावधानों के अनुसार वैधानिक प्रक्रिया पूरी करनी चाहिए, जिससे जनजातियों का अधिकार भी सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि अंकार-डौंडी, प्रेमनगर, नरहरपुर, बड़े बचेली ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत बनाये जाने पर उन ग्राम पंचायतों द्वारा दावा आपत्ति कर नगर पंचायत में शामिल न होकर ग्राम पंचायत में रहने का आग्रह ➤शेष पेज 8 पर

# रमन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने से सदमे में बृजमोहन : विकास तिवारी

- पूर्व कृषिमंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने किसानों को ठगा है, छला है, धान समर्थन मूल्य इक्कीस सौ नहीं दिलवा पाये
- प्रदेश के किसानों का रकबा कम करने वाले और घटिया खाद, बीज वितरित करने वाले बृजमोहन ड्रामा कर रहे है

## गौ माता के भूख से मारकर घड़ियालों, मगरमच्छ को खिलवाने वाले भाजपा वाले नौटंकी कर रहे है

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रवक्ता विकास तिवारी ने पूर्ववर्ती रमन सरकार के पूर्व कृषिमंत्री और रायपुर दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का बयान उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली स्थिति में है अपने धुर विरोधी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने से बृजमोहन अग्रवाल बुरी कदर से विचलित है उन्हें अपने भविष्य की राजनीति का भय सताने लगा है इसके चलते वह किसान विरोधी बयानबाजी करने से भी बाज नहीं आ रहे हैं कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से वह किस मुंह से पच्चीस सौ रु धान समर्थन मूल्य देने की बात कर रहे हैं जबकि उनके द्वारा घोषित इक्कीस सौ रु धान समर्थन मूल्य और तीन सौ रु बोनस कभी नहीं दिया गया जिसके कारण उनके रमन सरकार की विदाई हो गई केंद्र की मोदी सरकार के ही कारण राज्य के किसानों को बोनस नहीं दिया जा पा रहा है



इस बात पर पूर्व कृषि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल क्यों खामोश बैठे हुए हैं किसान का रकबा का बात करने वाले पूर्व मंत्री को बताना चाहिए कि उनके कृषि मंत्री रहते प्रदेश के किसानों का धान का रकबा बढ़ने के जगह घटने क्यों लगा था और सरकारी एनीकेट को निजी हाथों में बेचने का काम भी पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के शासनकाल में हुआ मतलब एक और किसान अपनी फसल के लिए पानी रहते भी सिंचाई नहीं कर पाए थे वही एनीकेट को बेच बेच कर उद्योगपति मित्रों को खुश करने वाले बृजमोहन अग्रवाल किसानों के साथ घोर अन्याय और अत्याचार कर रहे थे और अब किसान हित की बात उनके मुंह से सुनकर प्रदेश के किसान अचरज और अचंभित है कांग्रेस प्रवक्ता से पूछा है कि अतिवृष्टि से प्रभावित अपने शासनकाल में कितनी है किसानों को उनके फसल के नुकसान की राशि वितरित की है इन तमाम सवालों का जवाब उन्हें जनता और किसानों को देना चाहिए नकली खाद बीज का सवाल वह किस मुंह से उठा रहे हैं जबकि पिछले शासनकाल में ही नकली खाद बीज के नाम से किसानों ने सड़कों तक आंदोलन किया था और पूर्ववर्ती रमन सरकार की राष्ट्रीय स्तर में मट्टी पलित हुई थी भाजपा आरएसएस के ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए घटिया और स्तरहीन खाद की खरीदी की जाती थी,वर्मी कंपोज,और वर्मी खाद में भी करोड़ों-अरबों रुपयों का घोटाला हुवा था,प्रदेश के मत्स्य पलको से साथ भी अन्याय करने का काम पूर्व कृषि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने ही किया था काँग्रेस प्रवक्ता ने पूर्व कृषिमंत्री बृजमोहन अग्रवाल को चुनौती देते हुए यह पूछना चाहती है कि क्या केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की भाजपा हलफनामा देकर यह घोषणा करेगी कि मंडी व्यवस्था खत्म नहीं किया जाएगा और एक राष्ट्र एक बाजार और एक मूल्य का जो फार्मूला मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुझाया है उस पर अमल करने की हिम्मत भाजपा की केंद्र सरकार करेगी और इस हेतु पहल पूर्व कृषि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल पहल करेंगे जबकि जीएसटी और नोटबंदी के भयावह स्थिति के बाद देश के नागरिकों के साथ अब किसानों का भी भरोसा मोदी सरकार से उठ चुका है।

# प्रभारी मंत्री ने लॉकडाउन का जायजा लिया, उसके बाद क्वींस क्लब में फायरिंग से उठे कई सवाल : शिवरतन

## लॉकडाउन में जहा गरीब, मजदूरो को रोजी-रोटी का संकट रहा, वही राजधानी में सरकार के नाक के नीचे लॉकडाउन की धज्जियां उड़ती रही

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा ने रायपुर जिले में सशर्त लॉकडाउन हटाने की घोषणा के परिप्रेक्ष्य में तंज कसते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार तो इस तरह सुविधा की राजनीति करके मनमाने फैसले लेने की नीयत का प्रदर्शन पहले से ही कर रही थी और सोमवार को उसने अपने इस इरादतन एजेंडे पर मुहर लगाकर भाजपा की आशंकाओं को सच ही साबित किया है। शर्मा ने कहा कि लॉकडाउन के चलते कृषि कानूनों के विरोध में अपने आंदोलन के मद्देनजर लॉकडाउन हटाकर कांग्रेस और उसकी प्रदेश सरकार ने न केवल प्रदेश में कोरोना संक्रमण की भयावहता को अनदेखा कर अपनी जिम्मेदारी से मुँह मोड़ा है, बल्कि स्वार्थपूर्ण राजनीतिक नजरिए का परिचय भी दिया है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक शर्मा ने राजधानी के क्वींस क्लब में रविवार की रात आयोजित बर्थ डे पार्टी में हुई फायरिंग की घटना को गंभीर माना और कहा कि यह बेहद शर्मनाक स्थिति है कि जिले के प्रभारी मंत्री रवींद्र चौबे ने राजधानी में घूमकर लॉकडाउन का जायजा लिया और उन्हें सबकुछ सामान्य नजर आया और उसके बाद क्वींस क्लब में फायरिंग की वारदात हो गई! श्री शर्मा ने शासन





व जिला प्रशासन से सवाल कर कहा कि बर्थ डे पार्टी की अनुमति किसने और कैसे दी, यह सार्वजनिक होना चाहिए। प्रभारी मंत्री चौबे को अपनी भूमिका भी प्रदेश के सामने स्पष्ट करनी चाहिए। राजधानी में लॉकडाउन को लेकर शुरू से ही लापरवाही का यह आलम था कि ईदगाह भाठा क्षेत्र में लोगों का मजमा लगता रहा, होटल खोलकर सट्टे का कारोबार चलाया जाता रहा। और तो और, स्वयं मुख्यमंत्री ने लॉकडाउन प्रोटोकॉल को धता बताकर न केवल प्रेस कॉन्फ्रेंस की अपितु राजधानी के एक होटल को खुलवाकर गर्मागर्म नाश्ता बनवाकर मंगाया गया।

शर्मा ने कहा कि लॉकडाउन का उल्लंघन करने वालों के साथ-साथ उल्लंघन करने वालों को संरक्षण देने वालों पर जिला प्रशासन को संज्ञान लेकर एफआईआर करना चाहिए। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार का लॉकडाउन का यह प्रयोग भी सियासी लफ्फाजियों और निकम्मेपन का परिचायक ही सिद्ध हुआ है। एक तरफ गरीब-मजदूरों की रोजी-रोटी का संकट मुँह बाए खड़ा रहा और कोरोना का संक्रमण अपनी रफ्तार से प्रदेश को अपने चंगुल में कसता रहा, वहीं दूसरी तरफ प्रदेश सरकार अपने गैर जिम्मेदाराना आचरण का प्रदर्शन करती रही। शर्मा ने कहा कि कोविड गाइडलाइन और प्रोटोकॉल को धता बताकर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव क्रमशः नागपुर और पटना जाकर सियासत करने और अपने 'परिवार-दरबार' की चापलूसी करने में ही मशगूल रहे और राजधानी में उनकी सरकार की नाक के नीचे लॉकडाउन तक की धज्जियाँ उड़ाई जाती रहीं और प्रशासन के लोग आम लोगों पर ही कानून के नाम पर अपना 'पराक्रम' प्रदर्शित करते रहे!

शर्मा ने कहा कि जो प्रदेश सरकार अपने ही बनाए फायदों की धज्जियाँ उड़ाने में शर्म महसूस नहीं कर रही है।

### क्वींस क्लब फायरिंग मामले में युवती सहित दो और गिरफ्तार

क्वींस क्लब फायरिंग मामले में तेलीबांधा पुलिस ने और दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में अमित धवल और युवति राजवीर सिंह कौर शामिल है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ थाने में 188, 269, 270, एवं महामारी एक्ट अधिनियम 1897 की धारा 3 के तहत मामला दर्ज है। पुलिस दोनों आरोपियों से इस मामले में पूछताछ कर रही। साथ ही तेलीबांधा पुलिस ने क्वींस क्लब के पूर्व संचालकों को भी नोटिस देकर थाने में उपस्थित होने को कहा है। 27 सितम्बर की देर रात राजधानी का सबसे पॉश और संवेदनशील इलाक़े व्हीआईपी रोड स्थित क्वींस क्लब में गोली चली थी। हवाई फ़ायर करने वाले युवक को पुलिस ने तत्काल गिरफ्तार किया था। दरअसल घटना को लेकर पुलिस को यह जानकारी मिली थी कि क्वींस क्लब में बर्थडे पार्टी का आयोजन था। आरोपी अमित धवल के नाम से होटल का कमरा नंबर 206 बुक कराया गया था। रात में बर्थडे पार्टी के दौरान पार्किंग को लेकर विवाद हुआ जिस पर भिलाई निवासी हितेश पटेल ने गोली चला दी। गोली चलने की खबर मिलते ही पुलिस मौक़े पर पहुँच कर आरोपी को हिरासत में लिया गया। इसके बाद इस मामले में तेलीबांधा पुलिस ने 14 लोगों को आरोपी बनाया था। आरोपी हितेश पर 307 के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है, आरोपी इस वक्त जेल में बंद है।

# कोरोना का भय दिखाकर किसान मुक्त भारत बनाने का मोदी का सपना कभी पूरा नहीं होगा : सिंह

## सांसद सुनील सोनी के बयान पर साधा निशाना



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता आरपी सिंह ने रायपुर सांसद सुनील सोनी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि कोरोना का डर दिखाकर किसान मुक्त भारत बनाने का सपना अधूरा ही रहेगा। क्या पूरे देश में कोरोना का कहर मोदी जी की कृपा से सिर्फ इसलिए फैलाया गया था ताकि मोदी के तानाशाही और मनमाने फैसलों को जनता के ऊपर थोपा जा सके। किसानों को अपनी ही जमीन पर गुलाम और मजदूर बनाने का भाजपा का मंसूबा अधूरा ही रहेगा क्योंकि कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी कीमत पर पूरा नहीं होने देगी। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा है कि अपनी फसल को किसान पूरे देश में कहीं भी बेचने के लिए तो पहले ही स्वतंत्र था फिर इस कानून को बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी सुनील सोनी को इस बात का जवाब देना चाहिए।

एक सबसे बड़ा झूठ एमएसपी के नाम पर जो देश के प्रधानमंत्री से लेकर रायपुर के सांसद सुनील सोनी तक कह रहे हैं वह एमएसपी के बारे में है अगर इस कानून में एमएसपी देने की मंशा होती तो कम से कम अध्यादेश और बाद में बिल और अब कानून में एमएसपी शब्द का जिक्र क्यों नहीं है? अगर मोदी सरकार की मंशा एमएसपी देने की है तो इसे नए कृषि कानून में शामिल करते हुए एम एस पी देना किसानों का अधिकार बना दीजिए। जो भी खरीदार एमएसपी से कम दर पर किसानों का उत्पाद खरीदेगा उसके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की जाएगी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं करते हुए किसानों को उनकी जमीन पर गुलाम और मजदूर कैसे बना दिया जाए इस बात का कुचक्र रचा जा रहा है।

कांग्रेस प्रवक्ता आरपी सिंह ने सांसद सुनील सोनी से सवाल पूछा है अगर दूसरे राज्यों के किसान छत्तीसगढ़ में आकर अपना धान बेचेंगे तो यहां का किसान कहां जाएगा? क्या दूसरे राज्यों के किसान आकर अपना धान छत्तीसगढ़ में बेचे सांसद सुनील सोनी और भारतीय जनता पार्टी इसका समर्थन करती है? सुनील सोनी जी को पड़ना चाहिए आज ही के अखबार में यह समाचार भी प्रकाशित हुआ है कि भाजपा शासित उत्तर प्रदेश के किसानों का धान भाजपा शासित हरियाणा में खरीदने से मना कर दिया है सुनील सोनी जी का इस बारे में क्या विचार है जवाब अवश्य देना चाहिए प्रदेश के किसान जानना चाहते हैं।

# मैट्स विश्वविद्यालय में कोविड-19 के प्रभाव पर इंटरएक्टिव सेशन का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना जैसी महामारी से बचाव के लिए समय-समय पर केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जारी किये जाने वाली गाइडलाइन, नियमों आदि का पालन आवश्यक है। इस महामारी के खिलाफ एम्स पूरी मेहनत के साथ लड़ रहा है, आम लोगों की सहभागिता भी आवश्यक है जिनका जागरुक रहना आज बहुत आवश्यक है। यह बातें एम्स रायपुर के निदेशक डॉ. नितिन नागरकर ने मैट्स विशवविद्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित ऑनलाइन इंटरएक्टिव सेशन में कहीं।

मैट्स विशवविद्यालय के स्कूल आफ बिजनेस स्टडीज के विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश गुप्ता ने बताया कि विभाग द्वारा कोविड-19




के प्रभाव विषय को लेकर ऑनलाइन स्टूडेंट एक्सपर्ट टॉक एंड इंटरेक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र महामारी कोरोना वायरस के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं और इसके खिलाफ ल?ने के तरीके पर आधारित था। इस सत्र का आयोजन मैट्स विश्वविद्यालय के सभी सेमेस्टर विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए किया गया था। इस सत्र के विषय विशेषज्ञ एवं मुख्य वक्ता अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक डॉ. नितिन नागरकर थे जिन्होंने कोरोना महामारी की स्थिति एवं बचाव पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा अनेक महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। उन्होंने बताया कि इस महामारी के खिलाफ एम्स रायपुर द्वारा इलाज के साथ-साथ आम लोगों को बचाव के लिए जागरुक भी किया जा रहा है। आम जनता को समझाया जा रहा है कि कुछ सामान्य बातों की सावधानी रखी जाए तो कोरोना वायरस का सफलतापूर्वक सामना किया जा सकता है और बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी की जाने वाली गाइडलाइन का पालन करें, मास्क, सोशल डिस्टेंस, सेनेटाइजर आदि का उपयोग करें और सकारात्मक सोच रखें।

## मुख्यमंत्री ने बेक के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जशपुर के पूर्व विधायक लुईस बेक के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है और शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## कांग्रेस ने पत्रकारों के साथ हुई घटना के लिए जांच समिति गठित की

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने जांच समिति का गठन किया, जो कांकेर जिला मुख्यालय में 26 सितंबर को कथित पत्रकारों के साथ हुई मारपीट की घटना की जांच करेंगे। जांच समिति में जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन,रायपुर विधायक विकास उपाध्याय, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, प्रभारी महामंत्री-प्रशासन रवि घोष शामिल है।

# दिवंगत पत्रकार मोहन राव को रायपुर प्रेस क्लब में दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार, पायनियर के संपादक रहे मोहन राव का विगत दिवस निधन हो गया। उन्हें आज रायपुर प्रेस क्लब में भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



इस अवसर पर रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष दामु आंबेडारे ने स्वर्गीय मोहन राव के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मोहन राव जी ने लंबे पत्रकारिता जीवन में हमेशा सभी साथियों को उचित मार्गदर्शन देने के साथ ही उनका उत्साह बढ़ाया। वही वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार सोनी ने मोहन राव के पत्रकारिता के संघर्षो तथा उनके सीद्धंतो पर अपने वक्तव्य कहकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, महापौर एजाज ढेबर, नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे ने भी स्वर्गीय मोहन राव के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर आज की जनधारा के प्राधान संपादक सुभाष मिश्रा, पायनियर के प्रबंध संपादक ए एन द्विवेदी, सोमेश पटेल, प्रशांत दुबे, प्रफुल्ल ठाकुर, शगुफ्ता शिरीन, दीपक पांडे, संतोष साहू, गोकुल सोनी, अनिरुद्ध दुबे, मनोज साहू, सुकांत राजपूत तथा कई पत्रकार साथियों ने भी स्वर्गीय मोहन राव को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# एम्स के डॉक्टर का सामान ले उड़े चोर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित एम्स में एक बार फिर चोरी होने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद से एम्स की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।



चोर ने इस बार गोरखपुर के रहने वाले एक जूनियर डॉक्टर को अपना निशाना बनाया है। मामले आमानाका थाना क्षेत्र का है, जहां आशुतोष कुशवाहा नाम के जूनियर डॉक्टर ने अपना सामान चोरी होने की शिकायत की है। बताया जा रहा है कि नाइट ड्यूटी के बाद कमरे में आकर जूनियर डॉक्टर आराम कर रहे थे। जब शाम को अपने लैपटॉप पर कुछ काम करना चाहा तो देखा वो तो गायब है। खोजना शुरू किया तो पता चला कि आईपैड और पर्स समेत सारे दस्तावेज भी नहीं हैं। हड़बड़ा कर उन्होंने आसपास के कमरों में देखा दोस्तों से पूछा, मगर कुछ पता नहीं चल सका। अब इस मामले की जांच पुलिस कर रही है। बीते 24 अगस्त को एम्स के ब्लड बैंक के लॉकर से 38 हजार रुपए चोरी हो गए थे। महिला नर्सिंग स्टाफ ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की थी, इस केस में भी जांच चल ही रही है। कुछ वक्त पहले एम्स के ब्लड बैंक के लॉकर से रुपए चोरी होने का मामला भी सामने आया था।

## क्रॉस सब्सिडी से उद्योग-धंधों को राहत दिलाना आवश्यक : जिंदल

# उद्योग-कारोबार को सीधे एक्सचेंज से बिजली खरीद की सुविधा मिले

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद और जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपीएल) के चेयरमैन श्री नवीन जिन्दल ने कोविड19 महामारी के चंगुल से निकलने और अर्थव्यवस्था को पुनः पटरी पर लाने के प्रयासों में जुटी सरकार को दो महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं। उन्होंने कहा कि उद्योग-व्यवसाय के लिए सामान्य शर्तों के तहत न्यूनतम क्रॉस सब्सिडी के साथ सीधे एक्सचेंज से बिजली खरीद की सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए और उपभोक्ताओं को भी रियल टाइम बिजली दरों का लाभ मिलना चाहिए।

जिन्दल ने ये सुझाव अपने ब्लॉग में दिये हैं। जिन्दल ने लिखा है कि पूरी दुनिया कोरोना वायरस के साथ जीना सीख रही है क्योंकि अभी तक इसका कोई टीका नहीं बना है। सभी देश अपनी आर्थिक स्थिति संभालने में जुट गए हैं। भारत ने भी आत्मनिर्भर बनने और देश को अंतरराष्ट्रीय बाजार की मांगों के अनुरूप विशाल निर्माण-हब में बदलने का सपना देखा है। ये सपना साकार हो सकता है लेकिन इसके लिए कुछ बुनियादी उपाय किये जाने की जरूरत है, खासकर बिजली क्षेत्र में क्योंकि वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। बिजली की दरें कम होंगी तो औद्योगिक उत्पादों की लागत कम होगी और तभी वे अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा कर पाएंगे। ब्लॉग के अनुसार बिजली उत्पादक कंपनियों को औसतन प्रति यूनिट 2.50 रुपये मिलते हैं जबकि बिजली वितरण कंपनियां यही बिजली उद्योगों और व्यवसायियों को 6 से 9 रुपये प्रति यूनिट बेचती हैं। इसकी मुख्य वजह यह है कि बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को सब्सिडी दी जाती है और उसका भार कई गुना अधिक शुल्क के रूप में औद्योगिक-वाणिज्यिक उपभोक्ताओं पर डाल दिया जाता है। इसे क्रॉस सब्सिडी कहते हैं जो बाजार में नकारात्मक असर डालता है क्योंकि भारी बिजली शुल्क से लागत बढ़ने के कारण उद्योग लाचार हो जाते हैं और उनकी उत्पादकता पर गंभीर असर पड़ता है। कुटीर, लघु और मध्यम उद्योग तो 4-4.50 रुपये प्रति यूनिट बिजली खरीदने की भी स्थिति में नहीं हैं। परिणाम यह होगा कि ये उद्योग भारी बिजली लागत के कारण बंद हो जाएंगे जिसका असर सीधे पावर प्लांट पर पड़ेगा जो मांग घटने के कारण मंदी और बंदी की चपेट में चले जाएंगे और परिणामस्वरूप पूरी अर्थव्यवस्था का कचूमर निकल जाएगा।


श्री जिन्दल ने लिखा है कि उद्योगों-व्यवसायों को सीधे एक्सचेंज से बिजली खरीदने की सुविधा देकर राहत पहुंचाई जा सकती है। एक सामान्य शर्त के तहत उनपर प्रति यूनिट 25 पैसे क्रॉस सब्सिडी का भार लादा जा सकता है। इसके बावजूद उन्हें औसतन 2.50 रुपये प्रति यूनिट बिजली पड़ेगी, जिससे वे न सिर्फ प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे बल्कि पूरे देश की आर्थिक तस्वीर भी बदल सकेंगे। हालांकि सरकार भी क्रॉस सब्सिडी कम करने के मुद्दे पर गंभीर है। सैद्धांतिक रूप से क्रॉस सब्सिडी हटाने पर सभी सहमत हैं। राष्ट्रीय शुल्क नीति-2016 में यह सीमा 20 फीसदी रखने की सिफारिश की गई है लेकिन कई राज्यों में 50 फीसदी से अधिक सब्सिडी है। नीति आयोग भी 20 फीसदी सीमा के पक्ष में है। नए विद्युत विधेयक के मसौदे में भी सिफारिश की गई है सब्सिडी हटाकर लागत आधार पर बिजली शुल्क तय किया जाए। नई शुल्क नीति पर मंत्री समूह ने भी सिफारिश की है कि क्रॉस सब्सिडी घटाई जाए।


# रायपुर स्मार्ट सिटी में युवाओं के लिए इंटर्नशिप का सुनहरा मौका

## ट्यूलिप पोर्टल की लिंक पर जाकर करें आवेदन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के ट्यूलिप इंटर्नशिप कार्यक्रम में शामिल होने युवाओं के लिए सुनहरा अवसर। इसके लिए इंजीनियरिंग, साइंस, मेडिकल, कला, पत्रकारिता, समाज कल्याण एवं जनसंपर्क सहित विभिन्न संकायों के 300 रिक्तियों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। युवाओं को इंटर्न कार्यक्रम पूरा करने पर भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. ट्यूलिप कार्यक्रम के जरिए सर्वाधिक युवाओं को अवसर प्रदान कर देश में प्रथम स्थान पर है। ट्यूलिप इंटर्नशिप पोर्टल की लिंक पर जाकर अभ्यर्थी अपना आवेदन प्रेषित करें। ऑनलाइन आवेदन भरने में किसी भी तरह की सहायता के लिए





मोबाइल नंबर-7970003285 पर संपर्क कर सकते हैं। इस कार्यक्रम के तहत बी.टेक, बी.प्लान, बी.टेक सिविल, बी.आर्किटेक, बी.टेक आईटी/ सीएस/ मैकेनिकल/ कैमिकल/ इलेक्ट्रिकल, बीएससी हार्टीकल्चर, बीए इकोनॉमिक/ सोशलॉजी/ एनवायरमेंटल स्टडी, बीएससी वेटरनरी साइंस, बीए, बीएससी, बीसीए, एमबीबीएस, बीएचएमएस, बीएएमएस और नर्सिंग एवं एमपीडब्ल्यू आदि संकाय के छात्र खुद को रजिस्टर करें।

### इंटर्नशिप के लिए ऐसे करें आवेदन

आवेदन करने के लिए युवाओं को 'ट्यूलिप' पोर्टल की लिंक पर जाना है। लिंक पर जाकर युवाओं को 'रजिस्टर' पर क्लिक करना है और उपलब्ध विकल्पों में अपनी श्रेणी का चयन करना है। इसके बाद संस्थान का नाम, नामांकन संख्या, नाम, ईमेल आईडी जैसे मूल विवरण भरकर खुद को पंजीकृत करना है। साथ ही सत्यापन लिंक के लिए अपने ईमेल की जांच कर सत्यापन के लिए क्लिक करना है। ईमेल आईडी का उपयोग करके लॉगिन कर और विवरण फॉर्म भरने व आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने के लिए पासवर्ड बनाना है। उपलब्ध विकल्पों की सूची से इंटर्नशिप कार्यक्रम का चयन कर आवेदन करें।

# शोषण, अन्याय एवं भेदभाव के खिलाफ 2 अक्टूबर को सत्याग्रहः छग टीचर्स एसो.

## क्रमोन्नति, पदोन्नति, शारीरिक शिक्षा को सैद्धांतिक विषय में सम्मिलित करने सहित हिंदी माध्यमिक विद्यालय को यथावत बनाए रखने की मांग रखी

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला द्वारा पढ़ाई तुहर द्वार, ऑफ लाईन संचालित मोहल्ला क्लास निरीक्षण कार्यक्रम के तहत बस्तर संभाग कोण्डागांव प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला कोण्डागांव जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, प्रदेश संगठन सचिव चन्द्रकान्त ठाकुर, व्यायाम शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष प्रभाकर सिंह के नेतृत्व में क्रमोन्नति, पदोन्नति, स्कूल शिक्षा विभाग में शारीरिक शिक्षा को अनिवार्य सैद्धांतिक विषय के रूप में सम्मिलित करने तथा अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले जा रहे है उन संस्थाओं में पूर्व से संचालित हिंदी मीडियम स्कूल को यथावत रखते हुए पृथक शासकीय इंग्लिश मिडियम स्कूल खोलने की मांग का ज्ञापन सौंपा। स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत प्रदेश में कार्यरत व्यायाम शिक्षक एलबी संवर्ग 22 वर्ष से लगातार एक ही पद पर व्यायाम शिक्षक पीटीआई के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। व्यायाम शिक्षकों के पदोन्नति पद नहीं होने के कारण उक्त संवर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है, ऐसी परिस्थिति में एक ही पद पर 10 वर्ष सेवा अवधि पर प्रथम एवं 20 वर्ष की सेवा अवधि पर द्वितीय क्रमोन्नति की मांग की गई।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा में गुणात्मक सुधार अन्तर्गत वर्तमान खेल नीति पर विचार करते हुए बच्चों के सर्वांगीण व चहुंमुखी प्रतिभा को विकसित करने एवं उनमें आपसी सहयोग, भाईचारा, संगठन, नेतृत्व, समझ व आत्मविश्वास जागृत करने के लिए खेल को मैदान तक सीमित करने के बजाय सैद्धांतिक विषय के रूप में अध्यापन कराए जाने हेतु प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला में व्यायाम शिक्षकों की पदौन्नति-नियुक्ति हेतु मांग रखी गई।

### ज्ञापन सौंपते समय सम्मिलित रहे

ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, प्रदेश संगठन सचिव चंद्रकांत ठाकुर, व्यायाम शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष प्रभाकर सिंह, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन प्रदेश महिला प्रकोष्ठ मालती ध्रुव, जिला सचिव संजय राठौर, जिला उपाध्यक्ष नरेश ठाकुर, लीना तिवारी, दंतेश्वरी नायडू, इरशाद अंसारी, ब्लॉक अध्यक्ष मन्नाराम नेताम, अशोक साहू, अनिल कोर्राम, घनश्याम नाग, अनुप विश्वास, फूलधर नेताम, अमलेश वारले, शिव तिवारी, गुप्तेश्वर नाग, कृष्ण कुमार यदु, अवध किशोर मिश्रा, लोकेश कुंवर विकास गुप्ता, कामेश्वर सेठिया आदि सम्मिलित रहे।

### पदोन्नति प्रक्रिया में भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण बस्तर संभाग सहित अन्य संभागों में उच्च श्रेणी शिक्षक, प्रधान पाठक माध्यमिक शाला एवं प्राचार्य के पद पर पदोन्नति हेतु पदोन्नति प्रक्रिया प्रारभ्भ की जा रही है जो स्वागतयोग्य है, परन्तु जारी पत्र में शिक्षक ई एवं टी संवर्ग की ही जानकारी मंगाई जा रही है। उक्त पत्र में शिक्षक एलबी संवर्ग की जानकारी मांगने का उल्लेख नहीं किया गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि पदोन्नति प्रक्रिया में भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। इसका पुरजोर ढंग से विरोध करते हुए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के द्वारा छत्तीसगढ़ राजपत्र प्राधिकार में प्रकाशित भर्ती पदोन्नति अनुसूची-दो नियम 6 का उल्लेख करते हुए पदोन्नति नियम में शिक्षक ई टी संवर्ग एवं शिक्षक ईटी एलबी संवर्ग के लिए निर्धारित अलग-अलग प्रतिशत के मापदंडों के अनुसार दोनों संवर्ग के पदोन्नति प्रदान किए जाने की मांग की गई। वर्तमान शिक्षा सत्र में प्रदेश के 51 हिंदी मीडियम स्कूलों को बंद कर शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल खोले गए हैं। 146 विकासखंड में भी इंग्लिश मीडियम स्कूल खोले जाने हेतु समानांतर प्लानिंग का निर्देश दिया गया है। इंग्लिश मीडियम स्कूल खोले जाने का छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन स्वागत करते हुए पूर्व में संचालित हिंदी माध्यम के विद्यालय की गतिविधियों को बंद किए जाने का पुरजोर विरोध करता है। प्रदेश के छत्तीसगढ़ी भाषी विद्यार्थी जो राष्ट्रभाषा हिंदी माध्यम से अपना शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं। उनके लिए वर्षों से संचालित हिंदी माध्यम के विद्यालय को यथावत रखते हुए उसी भवन में शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल भी संचालित किए जाएं। हिंदी माध्यम की शालाओं को बंद करने के बजाए हिंदी एवं इंग्लिश दोनों कक्षाओं का संचालन प्रथम और द्वितीय पाली के रूप में किए जाने की भी मांग की गई। शिक्षक एलबी संवर्ग कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण, अन्याय, भेदभाव के खिलाफ 2 अक्टूबर को सत्याग्रह आंदोलन के तहत व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्यूटर व इस्ट्राग्राम सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी मांग शासन तक पहुचाएंगे।

# शराब दुकान हटाने के लिए लामबंद हुए वार्डवासी



## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

शराब दुकान हटाने को लेकर वार्डवासी लामबंद हुए है। वार्डवासी के साथ-साथ सर्व आदिवासी समाज ने एसडीएम को ज्ञापन सौपा और दुकान को हटाने की मांग रखी। जिला मुख्यालय स्थित सुपनार में शराब दुकान संचालित है। जिसको हटाने के लिए कई बार वार्डवासी मांग कर चुके है। वही सोमवार को सुपनार वार्ड के लोग व सर्व आदिवासी समाज के सदस्यों ने एसडीएम नभ एल स्माइल को ज्ञापन दिया है। जिसमे कहा गया कि शराब दुकान के पास माता का मंदिर है और वहां आसपास शराब की बोतल फेके जा रही है। वही लोग खेती काम कर रहे है तो उनके खेतो में भी शराब की बोतल मिल रही है। बोतल, डब्बो और भी कई चीजें मिलने से लोग परेशान है। वही माड़वी हड़मे के निजी जमीन पर बनाया गया है जिसके बारे में प्रशासन को पहले अवगत कराया गया। लेकिन अभी तक करवाई नही हुई है। इन सभी मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम का ज्ञापन दिया गया। इस दौरान मड़कम हूंगा, रामा सोढ़ी, मंजू कवासी, गंगा नाग, दुल्ला, हिरमा राम मौजूद थे।


# मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम कोंडागांव कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव के भारतीय जनता पार्टी शहर मण्डल अध्यक्ष जैनेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम कोंडागाँव कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है, जिसमें 26 सितम्बर को कांकेर के वरिष्ठ पत्रकार कमल शुक्ला के साथ कॉंग्रेसी पार्षदों व कॉंग्रेसीयों के द्वारा की गई मारपीट व अभद्र व्यवहार की घटना बेहद निन्दनीय है वर्तमान में कॉंग्रेस शासन पूरे प्रदेश में गुण्डा राज व माफीया राज चल रहा है। पुलिस प्रशासन के सामने ही लोकतंत्र की हत्या हुई है। जिसमें शासन प्रशासन मुकदर्शक बना रहा ऐसे दोसी पुलिस अफसरों व पुलिस कर्मीयों के उपर भी कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। और इस शर्मनाक घटना का भारतीय जनता पार्टी घोर निन्दा करती है। साथ ही सम्बंधित दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही कर पत्रकार बन्धुओं को न्याय दिलवायें तथा मुख्यमंत्री पत्रकारों की सुरक्षा के लीये पत्रकार सुरक्षा कानुन जल्द से जल्द लागू करें।

इस दौरान जैनेन्द्र सिंह ठाकुर, सजीव गहलोद, संतोष मरकाम, विमान हलदर, गन्नू पोयम, प्रकाश देवांगन, विश्वपति भट्टाचार्य, संतोष मानिकपुरी उपस्थित रहे।



# एनएमडीसी परियोजना अस्पताल में ऑटोमैटिक सेनिटाइजर मशीन लगाई

**किरंदुल।** लौहनगरी किरंदुल में लगातार कोरोना मरीजो की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। जिसके मद्देनजर एनएमडीसी परियोजना अस्पताल में ऑटोमैटिक वेक्यूम प्रेशर सेनेटाइजर मशीन लगाई है। गुफानुमा आकार से तैयारकर मशीन स्थापित की गई।जिसमें लोगों के गुजरने से मशीन पूरे शरीर को ऑटोमेटिक सैनेटाइज कर देता है।इसे अस्पताल के स्टाफ के अलावा मरीज एवं आने जाने वाले लोग भी इसका लाभ ले रहे है। एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा एक अच्छी पहल देखने को मिल रही है लेकिन इसे नगर के अलग अलग क्षेत्रों में सार्वजनिक तौर पर लगाई जानी चाहिए जिससे अन्य लोगों को भी इसका फायदा मिल सके।

# दिव्यांग तुलाराम को पुनः नियुक्त करने की मांग, धरना पर बैठे एआइएसएफ के कार्यकर्ता

## दो सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना



पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

दिव्यांग तुलाराम नागरिक आपूर्ति निगम में लेखपाल पद पर काम कर रहा था लेकिन उसे वहां से निकाल दिया गया और उसके जगह दूसरे को रखा गया है। जिसको लेकर एआईएसएफ के कार्यकर्ता व दिव्यांग तुलाराम अनिशिचतकालीन हड़ताल पर बैठ गए है। मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित लाइवलीहुड कालेज के सामने यात्री प्रतीक्षालय में एआइएसएफ के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम व दिव्यांग तुलाराम धरने पर बैठ गए है। दो सूत्रीय मांग रखी गई है। जिसमे नागरिक आपूर्ति निगम विभाग में लेखपाल पद पर दिव्यांग तुलाराम की पुनः नियुक्ति की जाए। और जिले में सभी रिक्त पदों पर स्थानीय बेरोजगारों को भर्ती किया जाए। इन मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है।

> जिले में सभी रिक्त पदों पर स्थानीय भर्ती किया जाए ताकि यहां के बेरोजगारो को नोकरी मिल सके। वही दिव्यांग तुलाराम को फिर से नागरिक आपूर्ति निगम में लेखपाल पद पर रखा जाए। अन्यथा हमारा आंदोलन जारी रहेगा।
>
> **-महेश कुंजाम,** प्रदेश अध्यक्ष एआइएसएफ

# नगर में सैनिटाइजेशन का काम जोरों से चल रहा



**किरंदुल।** वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के रोकथाम हेतु किरंदुल में लॉकडाउन जारी है। और इस लॉकडाउन में किरंदुल नगरपालिका परिषद द्वारा बढ़ रहे कोरोना मामले के दर को कम करने हेतु तमाम तरीके अपनाएं जाने के साथ ही सख्ती से लॉकडाउन का भी पालन करवाया जा रहा है।इस बीच खास एहतियात भी बरती जा रही है पूरे नगर में सैनिटाइजेशन का काम जोरों से चल रहा है।आज नगर के वार्ड क्र 02 व 03 के प्रत्येक घरों को नपा कर्मचारियों द्वारा सैनेटाइज किया जा रहा है।

# नवरात्र पर्व के संबंध में कोविड-19 के तहत् दिशा-निर्देश जारी

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

नोबेल कोरोना वायरस के संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए तथा वर्तमान में जिले में कोरोना पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसे रोकने एवं नियंत्रण में रखने हेतु सभी संबंधित उपाय अमल में लाया जाना उचित एवं आवश्यक हो गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दीपक सोनी ने नवरात्र पर्व के संबंध में विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किये है। इसके तहत् मूर्ति की ऊंचाई एवं चौड़ाई 6 बाई 5 फिट से अधिक न हो। मूर्ति स्थापना वाले पंडाल का आकार 15 बाई 15 फिट से अधिक न हो। पंडाल के सामने कम से कम 3000 वर्गफिट की खुली जगह हो। पंडाल एवं समने 3,000 वर्गकिट की खुली जगह में कोई भी सड़क अथवा गली का हिस्सा प्रभावित न हो। एक पंडाल दूसरे पंडाल की दूरी 250 मीटर से कम न हो। मंडप, पंडाल के सामने दर्शकों के बैठने हेतु पृथक से पंडाल न हो, दर्शकों एवं आयोजकों के बैठने हेतु कुर्सी नहीं लगाये जाएंगे। किसी भी एक समय में मंडप एवं सामने मिलाकर 20 व्यक्ति से अधिक न हो। मूर्ति स्थापित करने वाले व्यक्ति अथवा जिला समिति एक रजिस्टर संधारित करेगी। जिसमें दर्शन हेतु आने वाले सभी व्यक्तियों का नाम, पता, मोबाईल नंबर दर्ज किया जायेगा, ताकि उनमें से कोई भी व्यक्ति कोरोना संक्रमित होने पर कान्टेक्ट ट्रेसिंग किया जा सके। इसी प्रकार मूर्ति स्थापित करने वाले व्यक्ति अथवा समिति चार सीसीटीवी लगायेगा, ताकि उनमें से कोई भी व्यक्ति कोरोना संक्रमित होने पर कान्टेन्ट ट्रेसिंग किया जा सके। मूर्ति दर्शन अथवा पूजा में शामिल होने वाला कोई भी व्यक्ति बिना मास्क के नहीं जायेगा, ऐसा पाये जाने पर संबंधित एवं समिति के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किया जायेगा। मूर्ति स्थापित करने वाले व्यक्ति अथवा समिति द्वारा सेनेटाइटर, थर्मल स्क्रीनिंग, ऑक्सीमीटर, हैण्डवॉश एवं क्यू मैनेजमेंट सिस्टम की व्यवस्था की जायेगी। थर्मल स्क्रीनिंग में बुखार पाये जाने अथवा कोरोना से संबंधित कोई भी सामान्य या विशेष लक्षण पाये जाने पर पंडाल में प्रवेश नहीं देने की जिम्मेदारी समिति की होगी।

# संक्रमित मरीज ठीक होकर घर वापस लौटे

**बचेली।** बचेलीवासियों के लिए राहत की खबर. करोना संक्रमित मरीज ठीक होकर घर वापस लौटे। मंगल भवन में बने कोविड केयर सेंटर से 25 पॉजिटिव मरीज ठीक होकर वापस लौटे अपने घर सभी ठीक हुए मरीजो को



अपोलो प्रबंधन के सीएमए डॉ हक व स्टाफ द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट करने के साथ साथ दवाइयां ,सेनेटाइजर व मास्क प्रदान किया गया। बता दे कि नगर में लगातार कोरोना का कहर बढ़ रहा था जिसको देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा 10 दिनों का लॉक डाउन नगर में लगाया गया जिसके बाद धीरे धीरे कोरोना संक्रमित मरीजो की संख्या में कमी देखने को मिल रही है। प्रशासन द्वारा लोगो को लॉक डाउन का कड़ाई से पालन करने की अपील की जा रही थी जसमे आम जनता भी अपना सहयोग प्रदान कर रही है जिसके कारण स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन लगातार बड़ रहे संक्रमण की कड़ी को तोड़ने में कुछ हद तक सफलता पाए हैं। नगर में स्वास्थ्य विभाग हर संक्रमित मरीजो के स्वास्थ्य पर निगरानी रखें हुए हैं सभी मरीजो को समय समय पर उचित परामर्श के साथ साथ उनकी देखभाल भी की जा रही है जिसके चलते आज 25 मरीज कोविड केयर सेंटर से पूरी तरह से स्वस्थ होकर वापस अपने घर लौटे हैं। कही न कही ये नगर के लोगो के लिये अच्छे संकेत है।

# क्रेशर प्लांट को बंद करने की मांग, सरपंच, जिला अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com



जिले के कोण्टा ब्लाक के ढोंडरा गांव में लगे क्रेशर प्लांट को बंद करने की मांग को लेकर सरपंच नागमणि व भाजपा जिला अध्यक्ष हूँगाराम मरकाम ने कलेक्टर से मिलकर ज्ञापन सौपा।

जिसमें लिखा है कि ढोंडरा पंचायत में क्रेशर प्लांट खोला गया। जिसको बन्द करने को लेकर ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित किया गया। लेकिन बिना किसी सूचना के क्रेशर प्लांट को फिर से चालू कर दिया गया। वही इस प्लांट से आसपास के घरों में रह रहे लोगो को परेशानी हो रही है। राहगीरों को पत्थर लगते रहते है जिससे अप्रिय घटना होने की संभावना बनी रहती है। वही पटेलपारा व कोननपारा के लोग परेशान हो रहे है। इसलिए इस क्रेशर प्लांट को बंद किया जाए। या फिर किसी दूसरी जगह पर स्थानांतरण कर दिया जाए। इस दौरान कोण्टा के भाजपा युवा नेता नरेश भी मौजूद थे।

> - क्रेशर प्लांट से लोग काफी परेशान हो रहे है। इस प्लांट को दूसरे जगह स्थानांतरण कर दिया जाए ताकि ग्रामीण आराम से रह सके। जिसको लेकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया।
>
> **- हूँगाराम मरकाम**

# आंतरिक सुरक्षा सलाहकार के विजय कुमार पहुँचे भेज्जी




### जवानों से की बातचीत, बढ़ाया जवानों का हौसला

**सुकमा।** केंद्रीय आंतरिक सुरक्षा सलाहकार के विजय कुमार ने जिले के नक्सल प्रभावित भेज्जी का दौरा किया। जहां जवानों के साथ मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। वही भोजन लेकर रायपुर के लिए रवाना हुए। हेलीकॉप्टर से केंद्रीय आंतरिक सुरक्षा सलाहकार के विजय कुमार ने नक्सल प्रभावित भेज्जी का दौरा किया। नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों से काफी देर तक चर्चा की। सूत्रों की माने तो नक्सल मामले पर जवानों व अधिकारियो से चर्चा व रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। वही उसके बाद जवानों के साथ भोजन किया और हेलीकॉप्टर से रायपुर के लिए रवाना हो गए। हालांकि जिले में एक और केम्प का दौरा करना था लेकिन मौसम खराब होने के कारण रायपुर चले गए।

## स्कूल व आश्रमों को जल्द करे दुरुस्त

### समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# निर्माण कार्यों में लाए तेजी, रुकने नहीं चाहिए शासकीय काम- कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर चन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों से समय सीमा के प्रकरणों के निराकरण के संबंध मे वन-टू-वन जानकारी प्राप्त की।

मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा बैठक में कलेक्टर चंदन कुमार ने जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और कार्यों को गति प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुकमा जिले में प्रगतिरत ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सभी स्वीकृत निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र सहित अन्य अधोसंरचनाओं के निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि कोई भी शासकीय कार्य नहीं रूकना चाहिए। साथ ही बैठक में कलेक्टर चन्दन कुमार ने राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा, बारी के तहत जिले में गौवंशीय पशु धन के संरक्षण एवं संर्वधन के विषय में विस्तृत समीक्षा की।




स्कूल व आश्रमों को जल्द करे दुरुस्त

उन्होंने सभी गोठानों में वर्मी कम्पोस्ट खाद निर्माण हेतु वर्मी टांका के निर्माण आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी के पहले बोये गये खरीफ फसलों का रकबा सत्यापन अर्थात् गिरदावरी के कार्य की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नूतन कुमार कंवर, जिला वनमण्डलाधिकारी आर डी तारम, संयुक्त कलेक्टर रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी कोन्टा हिमांचल साहू, अनुविभागीय अधिकारी सुकमा नभ एल ईस्माइल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### स्कूल, आश्रम को दुरुस्त करने के निर्देश

कलेक्टर चंदन कुमार ने जिले के शिक्षा अधिकारी व सहायक आयुक्त को निर्देशित किया है कि जिले के सभी स्कूलों, आश्रमो में साफ-सफाई व सेनेटाइजर करे। साथ ही इन स्कूलों व आश्रमों की व्यवस्था को भी दुरुस्त करे। वही इसी तारतम्य में उन्होंने लोक सेवा गांरटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदन पत्रों की भी समीक्षा की। उन्होंने लोक सेवा गांरटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदन पत्रों को निर्धारित समयावधि में निराकृत करने के निर्देश दिये। इसी तरह उन्होंने अन्य योजनाओ की भी विस्तारपूर्वक समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। आंगनबाड़ी कार्यक्रर्ता और सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# स्वच्छता सर्वेक्षण पर ऑनलाइन कार्यशाला में भाग लिए पालिकाध्यक्ष,अधिकारी विशेषज्ञ ने दी ओडीएफ प्रोटोकॉल की जानकारी



**किरंदुल।** भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा मंगलवार दोपहर को ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की गई। स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 की ऑनलाइन कार्यशाला में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मृणाल राय इंजीनियर नेगी ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग कार्यशाला में सरकार के विशेषज्ञ द्वारा गार्बेज फ्री सिटी स्टार रेटिंग प्रोटोकॉल,ओडीएफ प्लस एवं वाटर प्लस प्रोटोकॉल के विस्तृत जानकारी दी गई।

आने वाले दिनों में सरकार द्वारा दी गई दिशा निर्देशों का पालन करते हुए पालिका कार्य करेगी।

# अब जिला मुख्यालय की निगरानी होगी तीसरी आंख से

## नक्सलियों का शहरी नेटवर्क होगा ध्वस्त, सरेंडर नक्सली रखेंगे नजर

### चौक-चौराहों पर लगाए जा रहे सीसी टीवी कैमरे

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

नक्सल मोर्चे पर जंगलो में नक्सलियों से मुकाबला कर रही पुलिस अब हाइटेक हो रही है। शहरी नेटवर्क को तोड़ने व अन्य अपराध को रोकने के लिए पुलिस ने अब तीसरी आंख का पहरा जिला मुख्यालय में लगा दिया है। पल-पल की अपडेट व हाइटेक सायबर टीम की तैनाती अपराधों पर नकेल कसने में मदद करेगी।

जिला मुख्यालय में चौक-चौराहों पर सीसी टीवी कैमरे लगाए जा रहे है। पूरे जिला मुख्यालय में फिलहाल 20 कैमरे लगाए जा रहे है। पिछले तीन दिनों से जिला मुख्यालय में कैमरे लगाने का काम किया जा रहा है। यह कैमरे लगभग जिलाम मुख्यालय को पूरा कवर करेगा। वही पुराने एसपी कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां हाइटेक साइबर टीम तैनात की गई है। और यहां कंट्रोल रूम से 24 घंटे जिलाम मुख्यालय पर नजर पुलिस बनाए रखेगी। जिसका काम चल रहा है। बहुत जल्द काम पूरा हो जाएगा।





### नक्सलियों गतिविधि पर भी रहेगी नजर

कंट्रोल रूम में सरेंडर नक्सलियों की भी तैनाती रहेगी। और उन सरेंडर नक्सलियों की नजर उन कैमरों पर रहेगी। अगर कोई नक्सली जिला मुख्यालय आता है या फिर नक्सलियों का शहरी नेटवर्क जो जिला मुख्यालय में आता है तो उन पर नजर बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### अन्य अपराधों में नकेल कसने में मिलेगी मदद

ये सीसी टीवी कैमरे जिला मुख्यालय में अन्य अपराधों पर भी नजर रखने में मदद मिलेगी। क्योंकि आने वाला समय साइबर का ही है। इसलिए पुलिस प्रशासन अभी से हाइटेक हो रहा है। क्योंकि आए दिन अपराधिक गतिविधि बढ़ती जा रही है लिहाजा सीसी टीवी कैमरों से पुलिस को काफी मदद मिलेगी।

जिला मुख्यालय के चौक-चौराहों पर प्रशासन की मदद से सीसी टीवी लगाए जा रहे है। इन सीसी टीवी से क्राइम होने के बाद भी महत्त्वपूर्ण फुटेज से मदद मिलती है। साथ ही भीड़-भाड़ वाले इलाके पर भी नजर बनाए रखने में मदद मिलती है। खासकर नक्सलियों के शहरी नेटवर्क व सप्लायरों पर भी सरेंडर नक्सलियों की मदद से हम नजर बनाए रख सकते है।

**- शलभ सिन्हा,** एसपी सुकमा।

## पूर्व मंत्री एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले की पत्नी के निधन पर शोक जताया

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री एवं मुंगेली के विधायक पुन्नूलाल मोहले की सहधर्मिणी द्वारका देवी के निधन पर भाटापारा के विधायक शिवरतन शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता आनंद अग्रवाल, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष मनेंद्र सिंह गुंबर, जिला मंत्री महाबल बघेल, सांसद प्रतिनिधि सुदामा मनधान, पूर्व पालिका अध्यक्ष मोहन बांधे, उपाध्यक्ष सुनील यदु, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष परस देवांगन, विधायक प्रतिनिधि आशीष जायसवाल, पार्षद पुरुषोत्तम यदु ,व्यास यदु, मुकेश सोनी, देवेंद्र साहू, नारायण साहू, आशीष पुरोहित, योगेश अनंत, कुंजराम कोसले, सुशील अग्रवाल, उमाशंकर वर्मा, सुमन मिश्रा, सुरेश मिश्रा, मनीष मिश्रा, सलीम खान, कमल तिवारी, गोवर्धन डहरिया, संतोष साहू, खगेंद्र यादव, अशोक साहू, गोविंद पटेल, राजेश छाबड़िया, राजा शर्मा, नरेश अग्रवाल, रोशन बंजारे, जयसंत कौशल, माखन महिलांगे, संजय सिंह चौहान, मालिकराम बांधे, महिला मोर्चा अध्यक्ष आइसा खान, महामंत्री नीरा साहू, चंद्रकला साय, कृष्णा कटारे सहित भाजपा भाटापारा मंडल ने श्रद्धांजलि देते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि वह उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

## अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** पुलिस अधीक्षक आई.के.एलेसेला के द्वारा अवैध शराब जुआ सट्टा के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु कड़े निर्देश दिये गये थे जिस पर निवेदिता पाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार व संजय तिवारी एसडीओपी बिलाईगढ़ के निर्देशन पर थाना प्रभारी अरुण साहू के कुशल नेतृत्व में जुर्म जरायम पतासाजी हेतु पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम धनसीर में मुखबिर सूचना मिली की आरोपी कार्तिकेश्वर श्रीवास पिता स्व. आनंद श्रीवास उम्र 30 साल साकिन लाखडबरी थाना सलिहा जिला ब.बाजार द्वारा अवैध महुआ शराब अपने कब्जे में रखने का कृत्य अपराध धारा का घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

# हुटर लगे वाहनों पर यातायात विभाग ने की कार्यवाही



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सम्पूर्ण लाकडाउन के दौरान नियमो का उलंधन करने के साथ ही यातायात नियमो का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर यातायात विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही कर वाहन चालको को समझाइश के साथ जुर्माना भी किया जा रहा है। सम्पूर्ण लाकडाउन के दौरान शासन द्वारा बनाये गये नियमो एवं यातायात नियमो का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध यातायात विभाग लगातार कार्यवाही करते हुए उन्हे नियमो का पालन करवाने मे अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहा हे। यातायात प्रभारी द्वारा लगातार गश्त कर बेवजह घूमने वाले व सिर पर हेलमेट न पहनने वालो पर कार्यवाही के साथ ही गाडियों में तेज आवाज वाली सायलेसर, गाड़ियों में हुटर लगाकार ध्वनि प्रदूषण करने वाले वाहनो पर भी कार्यवाही लगातार की जा रही है ऐसे ही एक वाहन मारूती वेन पर आज अम्बेडकर चौक पर कार्यवाही करते हुए उसमे लगा हुटर को तत्काल प्रभाव से निकलवाया गया साथ ही सख्त हिदायत दी कि दोबारा लगवाये तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। वही लाकडाउन के दौरान भी रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन की जानकारी होने पर बायपास मे ओव्हर लोड रेत भरकर जा रही दो हाईवा वाहनो पर कार्यवाही करते हुए माईनिग विभाग को सौप दिया गया है। बता दे जिले मे सम्पूर्ण लाकडाउन लागू तो है पर रेत माफि या को इसका भी खौफनहीं है और वे सारे नियमो को ताक मे रखकर रेत का अवैध परिवहन लगातार जारी रखे हुए है। जिसको देखते हुए यातायात प्रभारी प्रमोद कुमार सिह ने आज अपने मातहत कर्मचारियो के साथ कार्यवाही की।

यातायात निरीक्षक प्रमोद कुमार सिह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला के दिशानिर्देश पर लाकडाउन के दौरान नियमो का उलंधन करने वाले वाहन चालको पर लगातार कार्यवाही जारी है और इसी के तहत आज हुटर लगे वाहन पर भी कार्यवाही की गयी और उनके हुटर को निकलवाया गया है भविष्य में इसी तरह के हुटर लगे वाहनों पर आगे भी कार्यवाही की जायेगी, इसके साथ ही रेत से भरे दो हाईवा को भी जप्त करते हुए माईनिग विभाग को कार्यवाही के लिए सौंपा गया है।

# कारोना योद्धाओं का सम्मान किया छत्तीसगढ़ उत्थान समिति ने

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



थाना में छत्तीसगढ़ उत्थान समिति के तत्वावधान में कोरोना योद्धा थाना प्रभारी शरद चंद्रा सम्मेत सभी पुलिस जवानों का स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन युवा समाजसेवी संदीप वर्मा के नेतृत्व में नगरपालिका अध्यक्ष लेमीक्षा गुरु डहरिया उपाध्यक्ष विकास सुखवानी पार्षद सतीश निषाद जी के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

छत्तीसगढ़ उत्थान समिति निरंतर कोरोना योद्धाओं का सम्मान व गांव गांव शहर शहर में जनजागरण चला रहे है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष नगरपालिका ने कहा कि पुलिस विभाग का कार्य इस विषम परिस्थितियों में सराहनीय रहा है ऐसे लोगो का सम्मान उचित व सराहनीय कार्य है उन्होंने छत्तीसगड़ उत्थान समिति के निःस्वार्थ सेवा को प्रेरणादायी बताया। उपाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस विभाग व आपातकालीन सेवा देने वाले भारत के सच्चे सपूत है जो इस परिस्थिति में भी डटे हुवे है, उन्होंने संदीप वर्मा को सभी युवावों के प्रेरणाश्रोत बताते हुवे समिति से जुड़कर निःस्वार्थ भाव से सेवा करने की अपील किये। आरएसएस के रायपुर जिला ग्रामीण प्रचारक देवेंद्र पटेल ने छत्तीसगढ़ उत्थान समिति व युवा समाजसेवी संदीप वर्मा के राष्ट्रभक्ति को नमन कर सभी कोरोना योद्धाओं को प्रणाम किये। थाना प्रभारी शरद चंद्रा ने लोगों को अपील करते हुए कहा कि पुलिस जनता की सेवा के लिए बनी है लोग भय मुक्त होकर अपनी समस्या को पुलिस के सामने लेकर आया करे हम मित्रवत व्यवहार के साथ आपकी मदद करेंगे व किसी पीड़ित व्यक्ति जो दुर्घटना के शिकार होने वाले को निडर रहकर प्राथमिक स्वस्थ केंद्र तक पहुँचाने की भी अपील की सेवा करने वालो पर सुप्रीमकोर्ट के गाइडलाइंस का वर्णन किये क्योकि मानव जीवन अनमोल है। उन्होंने ऐसे अदभूत सम्मान समारोह के लिए छत्तीसगढ़ उत्थान समिति व युवा समाजसेवी संदीप वर्मा सम्मेत सभी कार्यकर्ताओं को थाना परिवार की ओर से धन्यवाद दिया बधाई देकर ऐसे निःस्वार्थ सेवा करके समाज को जगाते रहने की अपील कर श्रेष्ठ कार्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## कोरोना के 70 नए मरीज, 37 को मिली छुट्टी, 4 की मौत

**डोंगरीडीह।** जिले में रविवार 27 सितम्बर को कोरोना के 70 नये मरीजों की पहचान की गई है। वहीं 37 लोग को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। 4 मरीजों की मौत भी आज हुई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने बताया कि आज 70 लोग का कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आया है। इसमें 43 आरटीपीसीआर और 27 एंटीजन सैंपल के पॉजिटिव रिपोर्ट शामिल हैं। विकासखण्ड वार मिली जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार विकासखण्ड से 2 मरीज, भाटापारा विकासखण्ड से 25 मरीज, बिलाईगढ़ विकासखण्ड से 24 मरी?, कसडोल से शून्य, पलारी से 4 मरीज, सिमगा से 9 मरीज और जिला अस्पताल से 6 मरीज शामिल हैं। इन्हें मिलाकर पॉजिटिव सं मित मरीजों की संख्या 3 हजार 99 तक पहुंच गई है। इनमें से 1 हजार 480 पूरी तरह ठीक होकर अपने घर चले गए हैं, वहीं 1 हजार 580 मरीजों का इलाज चल रहा है। कोविड अस्पताल, केयर सेन्टरों के साथ ही कुछ मरीजों का इलाज घरों में आइसोलेशन के साथ किया जा रहा है। सीएमएचओ ने बताया कि जिले में आज 4 मरीजों की मौत हुई। कोरोना के साथ ही अन्य जटिल बीमारियों से वे पीड़ित थे। उन्होंने बताया कि आज सिमगा विकासखण्ड की 62 वर्षीय महिला, बिलाईगढ़ विकासखण्ड के 44 वर्षीय पुरुष, पलारी विकासखण्ड की 55 वर्षीय महिला और एक 55 वर्षीय पुरुष शामिल हैं। इनमें से तीन मरीजों की मौत रायपुर के तीन अलग-अलग अस्पतालों में और एक की मौत बलौदाबाजार के जिला कोविड अस्पताल में हुई है।

# सभापति राजू शर्मा ने ली किसानों की सभा

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत सभापति राजू शर्मा नेग्राम घुलघुल के गुड़ी चौक में किसानों की सभा ली, यहां पर ग्राम छपोरा, देवरी, कोहका व घुलघुल के किसानों ने बताया कि उन्होंने ग्रामीण सेवा सहकारी समिति, देवरी से सरना व महामाया धान का प्रमाणित बीज खरीदकर अपने खेतों में बुआई की थी और उनके बाद वे बेहद परेशान व चिंतित है, क्योंकि सरना धान में 25 प्रतिशत तक महामाया धान का छीटा आ रहा। इस तरह से उनका धन टर्रा हो गया, बम्पर उत्पादन के नाम पर किसानों को महंगे दर पर बीज को बेचा जाता है। लेकिन अब फसल खराब होने से किसानों ने भी अच्छे उत्पादन कि उम्मीद छोड़ दी। और इन किसानों का लागत भी निकलना मुश्किल हो गया है। जिला पंचायत सभापति कृषि विभाग राजू शर्मा ने इन प्रभावित किसानों के साथ दौरा कैसा तथा फसल का मुआयना किया, इन किसानों को चिंता इस बात की है कि अब इस धान को सरकार समर्थन मूल्य में खरीदी नहीं करेगी। इसलिए जिला पंचायत सभापति व इन गावों के किसानों ने उक्त बैठक में यह तय किया कि, ग्रामीण सेवा सहकारी समिति उक्त धान व किसानो को पूर्ण रूप से मुआवजा दे या धान खरीदी कि गारंटी दे।



ग्रामीण सेवा सहकारी समिति उक्त धान व किसानो को पूर्ण रूप से मुआवजा दे या धान खरीदी कि गारंटी दे, अन्यथा किसान ग्रामीण सेवा सहकारी समिति के खिलाफ उभोक्त ा फोरम मे केस दायर करेंगी।

**राजू शर्मा,** जिला पंचायत सभापति कृषि विभाग

### गलत बीज वितरण की मार को करीब 100 एकड़ पर पड़ी

जिला पंचायत सभापति राजू शर्मा ने इसकी शिकायत कृषि विभाग के जिलाधिकारी, जिला के कलेक्टर, बैंक के अधिकारियों से कि और कहा है कि तत्काल पटवारी व तहसीलदार के माध्यम से उन खेतों का मुवायना व पंचनामा करा कर रिपोर्ट शासन के प्रेषित करे, और कहा कि किसान भाइयों द्वारा लगातार इस समस्या कि जानकारी मिल रही है, जैसे जैसे क्षेत्र के किसानों को पता चल रहा है, वो सभी अपनी समस्या से अवगत करा रहे है, किसान भाइयों के समस्या का समाधान करने व राहत प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयश किया जाएगा।

मेरे विभाग द्वारा किसानों के मांग के आधार पर इस्टिमेट बना करके बीज निगम को दे दिया जाता है जहा से प्रमणित बीज सोसायटियो को भेज दिया जाता है।

- वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तिल्दा

ग्रामीण सेवा सहकारी समिति, देवरी मेरे पास अभी ऐसी कोई शिकायत नहीं आयी है जो प्रमाणित बीज है वह बीज वितरण केन्द्र जोरा से आया है..किसानो द्वारा गर्मी में भी फसल उगाया जाता है उसका शेष धान उग गया होगा। किसानो के समस्या का समाधान करने व राहत प्रदान करने अथवा मुवावजे के सम्बन्ध में पूछे जाने पर अधिकारियो ने कहा की निरीक्षण करके उच्च अधिकारियो को प्रतिवेदन बना कर भेज दिया जायेगा इसका निर्णय वही लेंगे। **-भोला प्रसाद सोनी**

# दक्षिण पश्चिम मानसून ने ली छत्तीसगढ़ से विदाई, रबी फसल की करें तैयारी

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

दक्षिण पश्चिम मानसून ने छत्तीसगढ़ से विदा ले ली है। सामान्य अवधि से 15 दिन विलंब से वापसी के बाद रबी फसल की बोनी में एक पखवाड़े का विलंब होगा। इसलिए किसानी नमी का लाभ लेने के लिए धान की ऐसी फसल की कटाई कर सकते हैं जिनकी बालियां पूरी तरह पक चुकी है लेकिन पत्तियां हरी है।

दक्षिण पश्चिम मानसून की विदाई इस बार 15 दिन विलंब से होने के बाद रबी फसल के लिए किसानों को एक पखवाड़े का इंतजार करना होगा क्योंकि विदाई के 1 सप्ताह पहले तक समूचे प्रदेश में बारिश हुई है। इसलिए अब किसान धान की फसल वाली खेतों में भरे पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था चालू करें ताकि फसल कटाई के लिए जमीन सूख सके।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस बार प्रदेश में बारिश की मात्रा पर्याप्त रही है जिसका फायदा भरपूर उत्पादन के रूप में हासिल होगा।





### विदा हुआ दक्षिण पश्चिम मानसून

औसत से ज्यादा बारिश से कमोबेश प्रदेश का हर जिला अच्छी बारिश के बाद फसलों की स्थिति को देखते हुए किसान खुश है क्योंकि मेहनत रंग ला रही है। इस बीच मौसम वैज्ञानिकों ने दक्षिण पश्चिम मानसून की वापसी की घोषणा करते हुए फसलों की कटाई की तैयारियां चालू करने का संदेश दे दिया है। सामान्य अवधि से 15 दिन विलंब से हो रही मानसून की विदाई से खेतों में इस बार पर्याप्त नमी का लाभ मिलेगा। अलबत्ता उतेरा पद्धति से बोनी करके फसल लेने वाले किसानों को इसका लाभ ज्यादा मिलेगा क्योंकि समय पर बोनी के लिए पर्याप्त समय मिलने जा रहा है।असर यह होगा कि गेहूं और सरसों सहित दूसरे फसलें भी विलंब से आएंगी।

# पुलिस कप्तान के निर्देशन में हुआ अंतराज्यीय गांजा तस्करों का भांडाफोड़

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिला के राजिम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया। बता दे कि पुलिस कप्तान भोजराम पटेल के निर्देशन में अंतरराज्यीय गांजा तस्करों का भांडाफोड़ हुआ है राजिम पुल के पास बने चेकप्वाइंट पर पुलिस ने गांजा से भरे एक पिकअप वाहन को जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार गाँजा 2 क्विंटल 70 किलो बताया जा रहा है चेकपोस्ट पर पुलिस बल व स्टाफ तैनात था। इसी दौरान एक पिकअप वाहन आया जिसकी तलाशी के दौरान 2 क्विंटल 70 किलो गांजा बरामद हुआ।पुलिस ने मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी उड़ीसा से गांजा लेकर रायपुर की ओर जा रहा था इसी बीच रास्ते में उन्हें चेक पॉइंट पर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस इसे एक बड़ी कामयाबी मान रही है। पुलिस कप्तान भोजराम पटेल के आने के बाद जिला भर में तस्करी को रोकने के लिए ताबड़ तोड़ कार्रवाई की जा रही रही जो कि पुलिस कप्तान ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किये है कि किसी भी प्रकार का जिला भर में तस्करी नही होनी चाहिए और तस्करों के ऊपर लगातार कार्रवाई की जाए ,जिसके बाद से जिला में लगातार ताबड़तोड़ गांजा, हीरा, दारू,और वन्य जीव पेंगुलिन व खाल की तस्करी को रोकने के लिए ताबड़तोड़ जिला भर में कार्रवाई की जा रही है आज फिर एक अंतरराज्यीय गांजा के 2 तस्करों के साथ भारी मात्रा में गांजा जप्त किया है।



## जिले में कोविड के 78 नए मरीजों की पुष्टि

**बलौदाबाजार।** जिले में कोरोना के 78 नए मरीजों की पुष्टि की गई है। इन्हें मिलाकर जिले में कोरोना संक्रमित लोग की संख्या 3 हजार 177 तक पहुंच गई है। वहीं आज 57 मरीजों को ठीक होने पर छुट्टी दे दी गई। इस प्रकार शुरू से अब तक 1 हजार 537 कोरोना मरीज ठीक हो चुके हैं। जिले में आज बिलाईगढ़ विकासखण्ड के 73 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। रायपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान कल रात निधन हुआ। कोरोना के साथ बीपी, शुगर एवं सांस की बीमारी से वे पीड़ित थे। मौत की संख्या जिले में अब 40 हो गई है। सीएमएचओ डॉ सोनवानी ने बताया की जिले में आज 639 लोग का जांच के लिए सैंपल लिया गया। इसमें 78 का रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आया है। विकासखण्ड वार इसमें बलौदाबाजार से 1 मरीज, भाटापारा से 1 मरीज,बिलाईगढ़ से 26 मरीज, कसडोल से 20 मरीज, पलारी से 7 मरीज, दिमागा से 8 मरीज और जिला अस्पताल बलौदाबाजार से 15 मरीज शामिल है। फिलहाल जिले में सक्रिय मरीजों की संख्या 1 हजार 600 है।

## रात 8 बजे तक ही खोली जा सकेंगी दुकाने, सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क एवं सेनिटाइजर का उपयोग ही कोरोना से बचावः कलेक्टर

# जिले में व्यवसायिक गतिविधियों की शुरुआत

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

जिले में एक सप्ताह से जारी सम्पूर्ण लॉकडाउन को आज 30 सितंबर से पुनःअनलॉक किया जा रहा है। जिसके तहत कोरोना से बचाव के लिये निर्धारित शर्तों के साथ व्यवसायिक गतिविधियों को पुनः प्रारंभ करने की अनुमति दी गई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुनील कुमार जैन ने 6 अगस्त एवं संशोधित आदेश 14 अगस्त एवं क्रमांक 2165 अ.जि.द./एस.डब्ल्यू.2020 बलौदाबाजार 21.सितंबर को अधिक्रमित करते हुये अनलॉक के संबंध में निम्नलिखित आदेश प्रसारित किये है। जिसके अनुसार आज 30 सितंबर से समस्त कार्यालय शासन द्वारा निर्धारित समयावधि में संचालित होंगे। व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन पर सामान्यतः कोई प्रतिबंध नहीं होगा किन्तु कोई भी दुकान एवं व्यवसायिक संस्थान रात 8 बजे के बाद संचालित नहीं होंगे। पेट्रोल पंप एवं मेडिकल दुकाने उनके निर्धारित समय में ही खुलेंगे। इसके साथ ही केवल रेस्टोरेंट, होटल संचालन एवं टेक-अवे, होम डिलिवरी की अनुमति रात 10 बजे तक ही होगी। सभी कार्यालय प्रमुख अपने कार्यालय परिसर में फिजिकल डिस्टेंसिंग, मास्क का उपयोग एवं समय-समय पर हाथ धोने, सेनेटाईज करने हेतु आवश्यक व्यवस्था अनिवार्यतः सुनिश्चित करेंगे। यदि किसी भी कार्यालय में इस निर्देश की अवहेलना पाई जाती है।



### नियमों के उल्लंघन करने पर होगा जुर्माने की कार्रवाई

छत्तीसगढ़ शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अधिसूचना अनुसार 17 जुलाई 2020 द्वारा कोविड-19 के सं मण के रोकथाम एवं नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किए जाने की दशा में महामारी रोग अधिनियम, 1897 के अधीन निर्मित विनियम के तहत निम्नानुसार जुर्माना अधिरोपित करने हेतु पुलिस सहायक उप निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार से अनिम्न अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को आदेशित किया गया है। जिसके तहत सार्वजनिक स्थलों में मास्क, फेस कवर नहीं पहनने की स्थिति में 100 रुपये, होम क्वारेंटाईन के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किए जाने की स्थिति में 1 हज़ार रुपये, सार्वजनिक स्थलों पर थूकते पाये जाने की स्थिति मे 100 रुपये, दुकानों, व्यावसायिक संस्थानों के मालिकों द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग ,फिजिकल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन किये जाने की स्थिति में 200 रुपये इसके साथ ही कार्यालयीन आदेश क्रमांक 1636 अ.जि.द. एस.डब्ल्यू 2020 बलौदाबाजार 21 जुलाई 2020 द्वारा उपरोक्त ानुसार अर्थदण्ड अधिरोपित करने हेतु नायब तहसीलदार, सहायक उप निरीक्षक, एएसआई एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी को प्राधिकृत किया गया है।

**मास्क एवं सेनिटाइजर का उपयोग ही बचाव-कलेक्टर**

कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने कहा की सम्पूर्ण जिले को कंटेनमेंट जोन घोषित करने के पश्चात परिणाम के अध्ययन से यह अवलोकन किया गया है कि लॉकडाउन स्थायी समाधान नहीं है बल्कि कोरोना वायरस कोविड-19 संक्रमण से बचाव, रोकथाम एवं संक्रमण की चैन को तोड़ने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग फिजिकल डिस्टेंसिंग, मास्क एवं समय-समय पर हाथ धोना, सेनेटाईजर का सतत उपयोग करना अधिक कारगर है। अतः आप सभी इन नियमो का अनिवार्य रूप से पालन करते हुए खुद को एवं परिवार को भी कोरोना संक्रमण से बचायें।

# छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने राष्ट्रीय विरोध दिवस मनाया

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय आह्वान पर छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने राज्य के प्रत्येक जिले में केन्द्र और राज्य सरकार के कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन देकर विरोध दिवस मनाया। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष राकेश साहू ने सभी जिलों के अध्यक्षों से अपील की थी कि वे अपने जिले में इस कार्यक्रम को सफल बनावें। राष्ट्रीय स्तर की मांगें - 1.एनपीएस रद्द कर पुरानी पेंशन बहाल किया जाए। 2.श्रम कानून एवं कृषि कानून में किए गए परिवर्तन वापस लिया जावे। 3.ठेका प्रथा पर रोक लगाकर रिक्त पदों पर नियमित भर्ती किया जावें और अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जावे।

4. कोविड 19 के रोकथाम में लगे समस्त कर्मचारियों का सुरक्षा बीमा अनिवार्य रूप से किया जाय तथा सभी जीवन रक्षक दवाओं एवं आक्सीजन की आपूर्ति सुनिश्चित किया जावे। 5. सार्वजनिक संस्थाओं एवं उपकरणों के निजीकरण वापस लिया जावे। 6.समस्त राज्यों को जीएसटी सहित दिए जाने वाले राजस्व अतिशीघ्र जारी किया जावे। राज्य स्तर की मांगें - 1.एनपीएस रद्द कर पुरानी पेंशन योजना लागू करें। 2.कोविड 19 के रोकथाम में लगे समस्त कर्मचारियों का सुरक्षा बीमा अनिवार्य रूप से किया जावे।



# सिमगा में पुलिस ने जुआ, सट्टा पट्टी, अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध कार्यवाही की

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदा बाजार भाटापारा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार चौहान के कुशल नेतृत्व में प्रधान आरक्षक शत्रुहन सिंह ध्रुव आरक्षक सुमित देवांगन रूपेश चंद्रवंशी के द्वारा 28.सिंतबर को मुखबिर सूचना मिला कि मुक्तिधाम सिमगा के पास कुछ जुआरियान ताश खेल रहे हैं।

सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाह के मुक्तिधाम सिमगा के पास रेड कार्यवाही कर जुआरीयान 1.शंकर सोनकर पिता बुलखु उम्र 45 वर्ष,2.दबेन निषाद पिता रामा उम्र 23 वर्ष,3. जनक सोनकर पिता पुनीत राम सोनकर उम्र 26 वर्ष,4. कृष्ण कुमार पिता रामलाल यादव उम्र 35 वर्ष, 5. भोलाराम वर्मा पिता स्वर्गीय धनु लाल वर्मा उम्र 35 वर्ष साकिनान भवानी नगर सिमगा थाना सिमगा जिला बलौदा बाजार को घेरा बंदी कर पकड़ा गया जुआरियों के फड एवं पास से जुमला नकदी रकम 850 एवं 52 पत्ती ताश को समक्ष गवाह के जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपियान का कृत्य अपराध धारा 13 जुआ एक्ट का पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार किया गया!

28.सितंबर को प्रधान आरक्षक शत्रुहन सिंह ध्रुव,आरक्षक केशव भट्ट ,धर्मेंद्र यादव,खूमलाल साहू के द्वारा मुखबिर की सूचना पर बाजार चौक ग्राम नवागांव के पास कुछ जुआडियान ताश पत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाह के बाजार चौक ग्राम नवागांव के पास रेड कार्यवाही कर जुआडियान 1. प्रकाश निषाद पिता मोहन निषाद उम्र 21 वर्ष,2. शिवकुमार ध्रुव पिता आजू राम ध्रुव उम्र 27 वर्ष,3. सुखराम लोहार पिता परऊ लोहार उम्र 32 वर्ष,4. प्रहलाद वासुदेव पिता मत्थन वासुदेव उम्र 40 वर्ष,5. होमन दास पिता विष्णु दास उम्र 30 वर्ष साकिनान नवागांव थाना सिमगा जिला बलौदा बाजार को घेरा बंदी कर पकड़ा गया जुआरियों के फड एवं पास से जुमला नकदी रकम ?1000 एवं 52 पत्ती ताश को समक्ष गवाह के जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपियान का कृत्य अपराध धारा 13 जुआ एक्ट का पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार किया गया।

इसी तारतम्य में 28सितंबर को सहायक उप निरीक्षक नेतराम साहू आरक्षक केशव भट्ट ,धर्मेंद्र यादव ,खूमलाल साहू,ईकु पटेल के द्वारा मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम धोधा में शिव मंदिर के पास गौठान पारा में एक व्यक्ति अंकों के आधार पर रुपए पैसे का दांव लगाकर सट्टा पट्टी लिख रहा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाह के घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकडे नाम पूछने पर अपना नाम शत्रुहन साहू पिता विसनाथ साहू उम्र 35 वर्ष ग्राम धोधा थाना सिमगा जिला बलौदा बाजार बताया जिसके कब्जे पास से एक लाइन वाली कागज में लिखा हुआ अंकों का सट्टा पट्टी, एक डॉट पेन एवं नकदी रकम 7000 को समक्ष गवाह के जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपी का कृत्य अपराध धारा 4 क जुआ एक्ट का पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार किया गया।

इसी तारतम्य में लगातार 28सितंबर को सहायक उपनिरीक्षक ईश्वर टोप्पो आरक्षक प्रदीप शुक्ला को जरिए मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम लिमतरा बस्ती जाने के रोड स्वागत गेट के पास में बुधेलाल लाल कुर्रे अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए रखा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाह के मुखबिर के बताए स्थान पर जाकर घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़े नाम पता पूछने पर अपना नाम बुधेलाल लाल कुर्रे पिता स्वर्गीय जोधन लाल कुर्रे उम्र 40 वर्ष ग्राम लिमतरा का रहने वाला बताया पकड़े गए व्यक्ति के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी वाली थैला में 40 पाव देसी प्लेन शराब प्रत्येक पाव में 180द्वद्य शराब भरी हुई जुमला 7.200 मिलीलीटर कीमती 3200 मिला आरोपी को शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में धारा 91 जा.फौ. का नोटिस दिया गया।



नोटिस में शराब रखने व बेचने के संबंध में कोई वैध कागजात नहीं होना लेख किया गया आरोपी के कब्जे से 40 पाव देसी प्लेन शराब को मुताबिक जब्ती पत्रक के जब्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया।

# वन विभाग ने जंगली सूअर के मांस के साथ 4 आरोपियों को पकड़ा

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

वन विभाग ने वनांचल ग्राम परिक्षेत्र से जंगली सूअर का अवैध शिकार करते हुए चार आरोपी को पकड़ा है। सभी चारो आरोपियों पर वैन अधिनियम के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस संबंध में सरायपाली वन परिक्षेत्र अधिकारी किशोरी साहू से मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग को कल शाम 6 बजे जंगली सुअर के शिकार की योजना के संबंध में मुखबिर से सूचना मिलने पर विभागीय अमल द्वारा रात भर गश्त किया गया। संबंधित व चिन्हित स्थान के आसपास छुपकर आरोपियों के आने की जानकारी ली गई। सुबह - सुबह 4 बजे के आसपास 4 आरोपियों को जंगली सुअर के मांस के साथ पकड़ा गया। पकड़े गए चारो आरोपियों से वारदात की जानकारी लिए जाने पर आरोपियों ने बताया कि पहाड़ी व वनांचल ग्राम कोसमपाली बीट अंतर्गत कक्ष 356 सपवा डीपा के पास ग्राम तिलाईमाल में लगे ट्रान्सफर से जी.आई.तार के नंगें तार से हुकीग कर अवैध शिकार के उददेश्य से विद्युत प्रवाह किया गया थाछ। वन विभाग की टीम में सुबह 4 व्यक्तियों को कक्ष कमांक 353 ग्राम बसंतपुर कटेल (डुडुमचुवां) की ओर से मोटर सायकल कमांक सीण्जीण् 06 जी जे 6563 में सूअर का मांस लगभग 1 किग्रा एवं मरे गए सूअर का जबड़ा पकड़ा गया। आरोपियों को पूछताछ के लिए सरायपाली लाया गया है जिसमे टीकाराम व जगदीश बिझवार उम्र 25 वर्ष ग्राम मौहाडीपा, नंदकुमार व बरजीत कंवर उम्र 32 वर्ष, ग्राम मौहाडीपा, टीकाराम व. तेजराम उम्र 30 वर्ष, ग्राम डुडुमचुवां, यादराम व सुखदेव उम्र 32 वर्ष ग्राम मौहाडीपा शामिल है, उपरोक्त व्यक्तियों ने तार लगाकर जंगली सुअर का अवैध शिकार स्वीकार करने पर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत् कार्यवाही की जा रही है।

# 75 बिस्तर का कोविड-19 अस्पताल बनकर तैयार, जल्द शुरू करने की मांग

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

कोरोना संकट को देखते हुए जिला मुख्यालय से 110 किलोमीटर दूर सराईपाली में आधिकारिक रूप से 75 बिस्तर का कोविड.19अस्पताल बनकर तैयार है। सराईपाली नगरपालिका के सभापति हरदीप सिंह रैना ने जिला प्रशासन से मांग की है जल्द से जल्द सराईपाली में कोविड.19 अस्पताल को शुरू किया जाए, ताकि सरायपाली बसना के आसपास के कोरोनावायरस के पॉजिटिव पेशेंट का इलाज सराईपाली में ही किया जा सके।

नगर पालिका सभापति हरदीप सिंह रैना ने बताया की लगभग 2 हफ्तों से कोविड.19 सेंटर सराईपाली के ग्राम के केजुआं में बनकर तैयार है अगर जिला प्रशासन वहां पर स्टाफउपलब्ध करवा दे तो कोविड.19 चालू किया जा सकता है जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देते हुए जल्द से जल्द कोविड.19 सेंटर सराईपाली शुरू किया जाना चाहिए जिससे ना सिर्फप्रशासन को कोविड.19 पेशेंट को रिफर करने की दिक्कतों से छुटकारा मिलेगा बल्कि स्थानीय पेशेंट को 110 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय कोविड.19 सेंटर जाने के बजाए यही पर इलाज की सुविधा मिल पाएगी।

कुछ लोग रायपुर या महासमुंद रेफर किए जाने के डर के कारण करोना संक्रमित होने के बावजूद अपनी जांच नहीं करा रहे हैं सराईपाली में इलाज शुरू होने से वे लोग भी निडर होकर कोविड.19 की जांच कराने को सामने आएंगे,


सभापति रैना ने कहा कि हम कलेक्टर महासमुंद एवं जिला चिकित्सा अधिकारी महासमुंद से अनुरोध करते हैं कि वह जल्द से जल्द सराईपाली कोविड.19 सेंटर को शुरू करें जिससे कोरोनावायरस संक्रमण को रोकने हेतु हम और सशक्त होंगे हम सब मिलकर कोरोनावायरस को हराने में कामयाब होंगे, हरदीप सिंह रैना ने कहा इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंह देव को पत्र लिख कर भी मांग करेंगे।

# खेलसाय सिंह ने मोबाइल मेडिकल यूनिट के लिए दिये 18 लाख

**सीएमएचओ ने बताया यूनिट से दुरस्थ क्षेत्रों में पहुँचाई जायेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ**

पायनियर संवाददाता ‹ सूरजपुर
www.dailypioneer.com





सूरजपुर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देष्य से कलेक्टर रणबीर शर्मा के द्वारा स्वास्थ्य महकमें के साथ व्यवस्थाओं में भी प्रगति की ओर विभिन्न प्रयास किया जा रहा हैं। जिसमें हाल ही में कलेक्टर शर्मा के द्वारा जिले के दुरस्थ क्षेत्रों का भ्रमण कर वहॉ स्वास्थ्य सुविधा की बेहतरी के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देषित किया था। जिसपर उचित स्वास्थ्य सुविधा सुगम रूप से मुहैया कराने स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं विधायक प्रेमनगर खेलसाय सिंह के द्वारा स्थानीय विकास निधि (विधायक मद) से 18 लाख रूपये राषि मोबाईल मेडिकल यूनिट हेतु एम्बुलेंस अन्य सहायक उपकरणों सहित प्रदाय करने कलेक्टर सूरजपुर के नाम पत्र के माध्यम से स्वीकृति दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस.सिंह ने उक्त के संबंध में पुष्टि करते हुए बताया है कि 18 लाख रूपये विधायक मद से प्रदाय करने कलेक्टर सूरजपुर के नाम पत्र प्राप्त हुआ है, इसके साथ ही शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम व संसदीय सचिव एवं विधायक भटगांव पारसनाथ राजवाड़े ने भी मेडिकल यूनिट हेतु राशि प्रदाय करने की हामी भरी है। डॉ सिंह ने बताया है कि प्राप्त होने वाली मोबाईल मेडिकल यूनिट से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ दुरस्थ क्षेत्रों में लाभ पहुँचाया जायेगा। इन मोबाईल मेडिकल यूनिट का उपयोग ओएगी, प्रेमनगर व प्रतापपुर विकासखंडों के दुरस्थ क्षेत्रों मे किया जायेगा। जिससे लोगों को हाट बाजार क्लिनिक, गंभीर मरीज को दुसरे अस्पताल में रीफर करने हेतु एवं महामारी की दषा में भी मोबाईल मेडिकल यूनिट का उपयोग किया जायेगा।

# लॉकडाउन का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

**चार ढाबा तीन किराना दुकान एक सामूहिक मीटिंग करने वाले के खिलाफ हुई कार्यवाही**

नगर सहित अंचल में पूर्ण लॉक डाउन के बीच लॉक डाउन का उल्लंघन करने वाले तीन किराना दुकान के संचालक 4 ढाबा संचालक एक ही स्थान पर बिना मास्क लगाए सामूहिक बैठक रखने वाले के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की 2 दिनों में पुलिस ने 8 प्रक्रिया बनाया है और 14 लोगों के खिलाफएफआई आर दर्ज किया गया है। थाना से मिली जानकारी कोरोना के चैन को तोड़ने वैश्विक महामारी की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन ने विगत 23 सितंबर की रात्रि 12.00 से 30 सितंबर की रात्रि 12.00 बजे तक पूरे जिले कंटेनमेंट जोन घोषित कर लॉकडाउन किया गया है इस दौरान सरल पुलिस शहर में व्यापारियों शहरवासियों आम जनता द्वारा लॉक डाउन का पूर्ण समर्थन किया जा रहा है लेकिन ग्रामीण अंचल में बिना कोई धर्मा है कि शासन के आदेश का खुला उल्लंघन किया जा रहा था जिस पर सरायपाली पुलिस ने 8 प्रकरण में 14 लोगों के खिलाफ एफआई आर दर्ज किया गया है इसमें ग्राम भोथलडीह अशोक बिहारी बाबा के मैनेजर धनीराम बरिहा पिता मनमोहन निवासी डोगरीपाली पिथौरा के द्वारा बिना मास्क लगाए लॉक डाउन का उल्लंघन करते हुए ढाबा खोलकर लोगों को बिठा कर खाना खिलाया जा रहा था।

इसी तरह भोथलडीह के रामदेव बाबा मैनेजर तुलसाराम सियाग पिता धर्मा राम सियाग वही के गुप्ता ढाबा के संचालक रामानुज प्रसाद गुप्ता पिता सरजू गुप्ता चट्टीगिरोला डीएम ढाबा 2 के मैनेजर राजेश सतपति पिता संतोष सतपति के द्वारा लाभ डाउन का उल्लंघन करते हुए ढाबा खोलकर खाना खिलाया जा रहा था। इसी तरह बबलू मैहर पिता गिरधारी उम्र 35 वर्ष तोरेसिहाए आशीष मैहर पिता गिरधारी 33 वर्ष तोरेसिहाए राजकुमार साहू पिता आकर्षित 27 वर्ष जोगनीपाली सभी किराना दुकान व्यापारी के द्वारा लाभ डाउन का उल्लंघन करते हुए दुकान खोल कर सामान बेचते पाए जाने पर उनके खिलाफ एफआई आर दर्ज किया गया है इसके अलावा लॉकडाउन का उल्लंघन करते हुए बिना मास्क लगाए एक ही स्थान पर बैठक कर पलसा पाली चौक में मीटिंग कर रहे विजय पटेल पिता तुलसीराम पटेल उम्र 37 साल निवासी केदुवाए मोहन साहू पिता प्रेम राम साहू उम्र 50 वर्ष निवासी पलसापालीए सदाधर यादव पिता शिवलाल यादव 53 वर्ष निवासी केदुवा श्रवण चौहान नेहरू लाल चौहान उम्र 21 वर्ष तुलाराम पिता गंगाराम डडसेना उम्र 19 वर्ष रमेश भाई पिता बंसी लाल भाई उम्र 45 वर्ष सुदर्शन श्रीवास पिता गंगाधर श्रीवास उम्र 29 वर्ष सभी केदुवा निवासी के द्वारा लाभ डाउन आदेश का उल्लंघन करते हुए कोरोनावायरस से मानव जीवन स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को खतरा उत्पन्न करना एवं संक्रमण फैलाने का प्रबल संभावना उत्पन्न करने पर सभी के खिलाफधारा 188 270 269 महामारी अधिनियम 1897 की धारा तीन के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# गांजा तस्करी का आरोपी गिरफ्तार, रिमांड पर जेल दाखिल

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक इन्दिरा कल्याण एलेसेला के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदा बाजार निवेदिता पाल, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी बिलाईगढ़ संजय तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र में सख्त से लॉकडाउन करने हेतु निर्देशित करने पर थाना प्रभारी ओपी त्रिपाठी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों का आदेश का कड़ाई से पालन करते हुए थाना क्षेत्र में कड़ाई से लॉक डाउन का पालन हेतु सघन पेट्रोलिंग करने के दौरान मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति बिना नंबर प्लेट के हीरो अचीवर लाल कलर मोटरसाइकिल में अवैध रूप से गांजा मादक पदार्थ रखकर परिवहन करते बिलाईगढ़ तरफ से गिधौरी की ओर आ रहा है कि सूचना पर मुखबिर की सूचना को वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा कर वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार एवं थाना प्रभारी त्रिपाठी के मार्गदर्शन पर थाना स्टाफ के गिधौरी महानदी बैरियर के पास घेराबंदी कर मुखबिर के बताये अनुसार एक लाल रंग के मोटर सायकिल आते दिखा जिसे रोकने पर पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे दौड़ाकर पकड़े जिसका नाम पूछने पर अखिलेश चौहान पिता जागेश्वर चौहान उम्र 42 साल साकिन लुहारी थाना मंझौली जिला जबलपुर मध्य प्रदेश का रहने वाला बताया जिसका मोटरसाइकिल को चेक करने पर मोटर सायकल के सीट कवर में छिपाकर 06 किलो 794 ग्राम वैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर परिवहन करते मिला कीमत 33710/-रुपये एवं एक मोटरसाइकिल बिना नंबर के हीरो 150 लाल कलर का कीमत 50000 रुपए को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया ।आरोपी के विरुद्ध धारा 20(बी) NDPS एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्रवाई मे थाना प्रभारी ओ.पी. त्रिपाठी, प्रआर 175 दिलीप टोप्पो, 127 रामप्रवेश घृतलहरे, आर. 66 नरेश खूंटे, 875 सत्येन्द्र बंजारे, यशवंत साहू 599 पल्लव सिंह का उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान रहा।

# निमोनिया पीड़ित कोविड.19 धनात्मक मरीज की मौत

**सरायपाली।** 41 वर्षीय व्यक्ति की राजधानी के एक निजी चिकित्सालय में मृत्यु होने की पुष्टि की है। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. आर के परदल से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार 26 सितम्बर 2020 को सरायपाली निवासी 41 वर्षीय मरीज उपचार के लिए रायपुर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती हुए थे। उन्हें निमोनिया की शिकायत थी। इस दौरान राजधानी के निजी चिकित्सालय में ही उनमें कोविड.19 संक्रमण की जांच की गई। जिसमें वे धनात्मक पाए गए थे। तकलीफ बढ़ती देख चिकित्सकों द्वारा उपचार किए जाने के बावजूद उन्हें नहीं बचाया जा सका। रविवार 27 सितम्बर 2020 की दोपहर एक बज कर 10 मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ली। अंतिम संस्कार के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी डॉ. अनिमेस राय ने बताया कि कोविड.19 प्रोटोकॉल के निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत मृतक के स्थानीय क्षेत्र में संबंधित चिकित्सा अधिकारी एवं दण्डाधिकारी की उपस्थिति में विधिवत उनका अंतिम संस्कार किया।

# मारपीट की घटना से रोष व्याप्त, पत्रकारों ने की निंदा

पायनियर संवाददाता ‹ सरसींवा
www.dailypioneer.com

**आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की**

गत शनिवार को कांकेर में पत्रकार कमल शुक्ला पर हुए जानलेवा हमले को लेकर बिलाईगढ़ ब्लॉक के पत्रकारों में रोष व्याप्त हैं तथा सभी ने इस घटना की निंदा करते हुए आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

बिलाईगढ़ तहसील पत्रकार संघ के पूर्व अध्यक्षद्वय देवेंद्र केशरवानी, नीलकांत खटकर ,धर्मेंद्र साहू,रूपेश श्रीवास एवं शैलेन्द्र देवांगन ने संयुक्त रूप से कहा कि कलमकार पर इस तरह हमला करना अनुचित है जो भी पत्रकारों पर ऐसे घृणित मानसिकता से हमला करता है बिल्कुल निंदनीय है,पत्रकार शासन और जनता के बीच की कड़ी होते हैं और देश का चौथा स्तंभ हैं इन पर हमला करना *लेखनी* पर हमला करना होता है ऐसे लोगों पर सरकार कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। देश के चौथे स्तंभ पर इस तरह हमला करना बेहद चिंताजनक है इस ओर कांग्रेस सरकार तत्काल ठोस कदम उठाते हुए आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे ।प्रदेश में पत्रकारों पर लगातार हो रहे इस तरह की वारदातें से कलमकार डरने वाले नहीं हैं ऐसे घिनौने कृत्य में संलिप्त लोगों पर शासन को सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही करने की जरूरत है। वरिष्ठ पत्रकारो क्रमशः इस्माइल खा, योगेश शर्मा,सहदेव सिदार, धनेश यादव ने कहा कि हम सब पत्रकार साथी प्रदेश में पत्रकारों पर हो रहे हमले की निंदा करते है। ऐसे असामाजिक तत्वों पर सरकार अंकुश लगाएं तथा अविलंब राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून को सख्ती के साथ लागू करें।

# स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन के बाद एनएचएम कर्मियों का हड़ताल समाप्त, बर्खास्तगी वापस



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ एनएचएम की लगातार 9 दिनों से चल रही हड़ताल राज्य के स्वास्थ्य मंत्री से छत्तीसगढ़ एनएचएम संघ एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एनएचएम संघ के प्रतिनिधि मंडल की उपस्थिति में सभी पहलुओ पर लंबी वार्ता उपरांत स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा संघ की मांग के प्रतिबद्धता जताये जाने पश्चात हड़ताल स्थगित की गई। संघ की जशपुर इकाई के द्वारा 29 सितंबर को कलेक्टर महादेव कावरे के समक्ष सभी कर्मचारी एवं प्रतिनिधि मंडल के द्वारा राज्य में स्वास्थ्य मंत्री से हुई सकारात्मक चर्चा से अवगत कराते हुए जिले के सभी 11 बर्खास्त कर्मचारियों की कार्यवाही आदेश को शुन्य करते हुए समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति लिए जाने की मांग की गई। जिस पर कलेक्टर के द्वारा तत्काल बर्खास्तगी की कार्यवाही निरस्त करते हुए उपस्थिति लिए जाने की कार्यवाही प्रक्रिया अपनाए जाने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया । जिसमें कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम सुथार एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक गणपत नायक द्वारा पहल करते हुए बर्खास्त कर्मचारियो सहित समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति स्वीकार करते हुए अपने-अपने कार्यालय में उपस्थित के लिए आदेशित किया गया।

**सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात की घटना, आरोपियों का नहीं मिला सुराग**

# एसबीआई पत्थलगांव से 11.55 लाख पार, दीवार सेंधमारी कर दिया घटना को अंजाम

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुर/पत्थलगांव
www.dailypioneer.com





रायगढ़ रोड स्थित स्टेट बैंक पत्थलगांव की शाखा में सेंधमारी की खबर सुनते ही पूरे नगर में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। वही एक बार फिर चोरों ने पुलिस के लिए चुनौती खड़ी कर दी। ताजा मामला इस प्रकार है कि सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात पत्थलगांव स्टेट बैंक में चोरों ने सेंधमारी कर 11 लाख 55 हजार 520 रुपए की चोरी कर ली। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक हमेशा की तरह स्टेट बैंक के कर्मचारी बैंक बंद कर घर चले गए वहीं सुबह जब बैंक के गार्ड ने बैंक का दरवाजा खोला और बैंक की एक सफाई कर्मचारी ने जैसे ही पीछे लगे किचन के दरवाजे के पास देखा कि एक दीवार पर बड़ा सा छेद है तो देखते ही बैंक की महिला कर्मचारी हड़बड़ाते हुए बाहर निकली और अपने बैंक के गार्ड को इसकी जानकारी दी।

## सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस

सेंधमारी की सूचना मिलते ही बैंक के प्रबंधक चंदन कुमार ने मामले की जानकारी पुलिस की दी और तुरंत ही मौके पर पहुंचे एवं पुलिस का दल बल बैंक पहुंच गया जहां बैंक में बारीकी से पत्थलगांव एसडीओपी योगेश देवांगन एवं थाना प्रभारी मोहसीन खान की टीम ने मुआयना किया। बैंक की चेस्ट रूम के दरवाजे को तोड़ दिया गया था। चेस्ट पूरी तरह सुरक्षित था किंतु कुछ घंटों बाद ही बैंक के प्रबंधक चंदन कुमार ने अपने स्टाफ के पहुंचने पर बैंक के कैश की मिलान की तो चेस्ट के बाहर टीन के पेटी में रखी पेटी के ताले को तोड़कर 11 लाख 55 हजार 520 रुपए के चोरी होने का पता चला एवं इसकी सूचना पत्थलगांव थाने में दर्ज करवाई गई सूचना दर्ज होते ही पुलिस ने मामले की गंभीरता से लेते हुए सूक्ष्म जांच करनी प्रारंभ कर दी है। पत्थलगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर धारा 457 380 के तहत मामला कायम कर विवेचना में लिया है।

## बैंक प्रबंधन की लापरवाही उजागर

यहां बताना लाजिमी होगा कि इतने बड़े बैंक जहां प्रतिदिन करोड़ों का लेनदेन होता है वहां बैंक प्रबंधन द्वारा रात्रि कालीन गार्ड की व्यवस्था नहीं करना एक टीन की पेटी में लाखों रुपए रखना भी संदेहों को जन्म देता है। बैंक प्रबंधन द्वारा बैंक की पीछे की दीवारों को भी सुरक्षात्मक दृष्टि से किसी प्रकार की सुरक्षा घेरा भी नहीं लगाया गया है वही जिस स्थान से चोरों ने सेंधमारी की है उस स्थान के कैंटीन के दरवाजा तक बंद नहीं था जो दरवाजा पूर्ण रूप से खराब पड़ा था जिसका फायदा चोरों ने बड़ी आसानी से उठाया।

> आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला है। डॉग स्कॉयड की टीम का सहारा लेकर जांच की जा रही है।
>
> **मोहसिन खान,** टीआई पत्थलगांव

## पुलिस की गश्त की पोल खुली

पत्थलगांव पुलिस थाने में स्टाफ की कमी के कारण हमेशा ही चोरों द्वारा चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। वहीं पत्थलगांव में रात्रि कालीन पुलिस गश्त के नाम पर केवल खानापूर्ति ही नजर आती है। पत्थलगांव थाने से दर्जनों मोटर साइकिलों की चोरियां हो चुकी है किंतु चोर चुस्त पुलिस सुस्त की तर्ज पर चोरियां लगातार बढ़ रही हैं। पुलिस को बैंक के सीसीटीवी कैमरे से एक व्यक्ति के फुटेज दिखाई दिए हैं जिसको लेकर पुलिस मामले की तह तक जाने की कोशिशें तेज कर दी है।

# आई जी डांगी ने सरगुजा जिले के दो थाना प्रभारियों को किया लाइन अटैच

**अंबिकापुर।** अपने थाना क्षेत्र में एनडीपीएस, नशीले दवाईयों के इंजेक्शन, नशीले पदार्थों के रोकथाम हेतु कोई ठोस एवं कारगर कार्यवाही नहीं किए जाने से अपराधियों के हौसले बढ़ते रहे ,आम जनता को शिकायतें करने का मौका मिला एवं पुलिस की छवि धूमिल हुई है। उक्त अधिकारियों की कर्तव्य विमुखता एवं गैर जिम्मेदाराना पूर्ण कृत्य के कारण आईजी ने पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट प्राप्त कर थाना प्रभारी गांधीनगर राहुल तिवारी ,थाना प्रभारी अंबिकापुर आलक्ष्मी राम को तत्काल प्रभाव से हटाकर रक्षित केन्द्र संबद्ध किया गया है।

साथ ही सहायक उपनिरीक्षक बृजकिशोर पांडे थाना गांधी नगर ,धनजंय पाठक सहायक उप निरीक्षक कोतवाली अंबिकापुर अपने बीट क्षेत्र में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरुद्ध कारवाई करने मे लापरवाही बरतने के कारण जिला सरगुजा से जिला जशपुर अटैच किया गया है। इस प्रकार की गतिविधियों पर रोक नहीं लगाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध भविष्य मे भी ऐसी ही कारवाई की जाएगी। आईजी ने समस्त पुलिस अधीक्षकों को ऐसे कर्मचारियों की रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया गया है जो नशीले पदार्थों के कारोबारियों पर शिकंजा कसने मे लापरवाही बरत रहे हैं।

## संपादकीय

# संयुक्त राष्ट्र में मोदी, महामारी प्रबंधन पर जोर

**इस** वर्ष संयुक्त राष्ट्र महासभा-यूएनजीए का सत्र अनेक प्रकार से महत्वपूर्ण है। महामारी की छाया में होने वाला यह पहला वर्चुअल सत्र है। यह पहला सत्र है जब वि-वैश्वीकरण के साथ संरक्षणवादी विमर्श लौटता दिख रहा है तथा दुनिया ध्रुवों में विभाजित दिख रही है। यह इस महान संस्था की 75वीं वर्षगांठ है, अतः यह समय पीछे देख कर सदस्य देशों द्वारा महामारी-पश्चात दुनिया में अपनी सहभागी भूमिका सुनिश्चित करने का भी समय है। इसका विषय-'हमारी इच्छा का भविष्य, हमारी इच्छा का संयुक्त राष्ट्रः बहुराष्ट्रीयता के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता तथा प्रभावी बहुपक्षीय कार्रवाई द्वारा कोविड-19 का मुकाबला', हमारे समय के उपयुक्त तथा संभावनाओं से भरा है। लेकिन पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने इस अवसर की पवित्रता तथा भूराजनीति की पुनः परिभाषा को अनदेखा कर फिर कश्मीर मुद्दा उठाया तथा उसकी बदली स्थिति पर हमला बोलते हुए अपने पुराने भाषण के कुछ हिस्से दुहरा दिए। दुनिया ने वह संवैधानिक स्पेस स्वीकार किया है जिसके अंतर्गत भारत ने अनुच्छेद 370 समाप्त किया है तथा उसने पहले ही इमरान खान का विलाप अनदेखा कर दिया है। लेकिन इसके बावजूद वे मुद्दे के 'अंतरराष्ट्रीयकरण' का प्रयास कर रहे हैं। संरा. में भारत के स्थाई प्रथम सचिव मिजितो विन्टो ने इमरान खान का विलाप शुरू होने पर उनके भाषण का बहिष्कार किया तथा बाद में जवाब के अधिकार के अंतर्गत अपनी प्रतिक्रिया दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'दुनिया के दवाखाने' के रूप में भारत की भूमिका पर जोर दिया तथा कोविड-19 से मुकाबला करने में वैश्विक सहयोग में अपनी भूमिका स्पष्ट की। उन्होंने दक्षिण-दक्षिण विकास भागीदारी में भी भारत की भूमिका परिभाषित की। कल्याण तथा नियम-आधारित कानूनों के सम्मान के प्रति भारत की वैश्विक प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए उन्होंने भारत की बेहतर भूमिका के लिए संयुक्त राष्ट्रसंघ में सुधार की आवश्यकता भी रेखांकित की। यह दुनिया के लक्ष्यों को देखते हुए भारत का महत्वपूर्ण कदम था और स्वयं मोदी ने पाकिस्तान के कदम को प्रतिक्रिया के योग्य भी नहीं माना। तुर्की को छोड़ कर किसी देश ने कश्मीर की बात न कर स्पष्ट कर दिया कि कोई पाकिस्तान द्वारा हमारे खिलाफ हमले पर ध्यान नहीं दे रहा है। अरब दुनिया ने भारत को स्वीकार कर लिया है और वह अमेरिका के समर्थन से इस्राइल के साथ कारगर संबंध विकसित कर रही है। ऐसे में तुर्की आधुनिक देशों में नव-इस्लामी एजेंडा परिभाषित करने का प्रयास कर रहा है। गठबंधनों व मित्रों से दूर हो रहा पाकिस्तान अमेरिका के भारत की ओर झुकाव से और परेशान है तथा अपने क्षेत्रीयता संबंधी दावों के लिए आक्रामक हो रहा है। वह भारत द्वारा अनुच्छेद 360 समाप्त करने के बाद कश्मीर पर उसके दावों को अवैध ठहराने पर तुला है। इसी कारण उसने 15 नवंबर को गिलगिट-बाल्टिस्तान में विधानसभा चुनाव की घोषणा की है। भारत ने सैनिक रूप से कब्जा किए इस क्षेत्र में जबरन परिवर्तन का विरोध किया है। यह चुनाव चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को वैधता प्रदान करने का प्रयास है जो गिलगिट-बाल्टिस्तान से होकर गुजरता है। पाकिस्तान ने पहले मानचित्र में परिवर्तन कर कश्मीर के कुछ हिस्सों, लद्दाख व गुजरात के जूनागढ़ को अपना क्षेत्र बताया था। यह अतार्किक तथा ऐतिहासिक व विधिक वैधता से वंचित कदम है। इसके साथ ही पाकिस्तान नियंत्रण रेखा-एलओसी पर युद्धविराम उल्लंघन कर भारत में घुसपैठिये भेजने का प्रयास करता रहता है। चीन के कर्ज-जाल में फंसा पाकिस्तान इतनी एकांगी सोच का शिकार हो गया है कि इससे वह अपना होने वाला नुकसान नहीं समझ पा रहा है। नए मानचित्र से वह 1972 की शिमला संधि समेत सभी द्विपक्षीय संधियों को खारिज कर रहा है। उसकी कश्मीर रणनीति अब निष्प्रभावी हो गई है और वह घाटी में उग्रवाद पैदा नहीं कर सकता है। चीन ने उसे अपना मुहरा बना लिया है और इससे स्वयं पाकिस्तान का नुकसान हो रहा है।

# किसानों के लिए लाभकारी कानून

**कृषि क्षेत्र में सुधारों ने सब्सिडी-केन्द्रित दृष्टिकोण के बजाय बाजार-उन्मुख सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया है। इससे किसानों को कृषि-उद्यमी बनने की इच्छा पूरी होगी।**



बिंदू डालमिया
(लेखिका नीति आयोग से संबद्ध हैं)




वर्तमान समय दुनिया के सबसे मजबूत नेताओं की परीक्षा ले रहा है। देश इस समय अनेक विपरीत स्थितियों का सामना कर रहा है, इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरी बार सरकार बनाने के बाद सुधार एजेंडे को गति दी है। यह स्वर्गीय अरुण जेटली के शब्दों में 'अकारण विरोध करने वाले' विपक्ष के भारी शोर-शराबे के बावजूद है। लाकडाउन के बाद से केन्द्र ने अनेक सुधारों की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इनमें आत्मनिर्भर भारत, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी 2020 तथा तीन कृषि सुधार विधेयक हैं। इसके साथ ही पेश तीन नए विधेयकों का उद्देश्य प्रवासी श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा मजबूत करना है जिसका प्रभाव अनौपचारिक क्षेत्र में काम कर रही 80 प्रतिशत जनसंख्या पर पड़ेगा। कोरोना महामारी के पश्चात विधायनों को एक ढांचागत सुधार के अंग की तरह देखा जाना चाहिए जिनका उद्देश्य किसानों के लिए अर्थव्यवस्था में सुधार तथा बिजनेस सुगमता है।

कोरोना-पश्चात बना 'न्यू नार्मल' आर्थिक वृद्धि तथा संसाधनों के उपयोग को अधिकतम करने की चुनौती पेश करता है। अब तक कृषि सब्सिडी, खैरात व कल्याणवाद पर निर्भर रही है। इससे संसाधनों पर लगातार भारी दबाव पड़ा है और यह घाटे का सौदा बन गई है। कृषि क्षेत्र ने किसानों को केवल किसी तरह जीवित रखा है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण-एनएसएसओ के अनुमानों से स्पष्ट है कि 1993 से 2013 के बीच ग्रामीण कर्जदारी में 12 प्रतिशत वृद्धि हुई। कृषि संकट दूर करने के लिए इसे केवल आजीविका के साधन के बजाय मूल्य-संवर्धित विनिर्माण की ओर ले जाना जरूरी है। हमारे कार्यबल का 58 प्रतिशत खेती पर निर्भर है, पर उसका भारत के सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी में योगदान केवल 17 प्रतिशत है। कृषि की वृद्धि दर केवल 3.4 प्रतिशत है, जबकि इसे ग्रामीण भारत को गरीबी से बाहर निकालने के लिए कम से कम 10 प्रतिशत होना चाहिए। कृषि, विनिर्माण, निर्यात व सेवाओं को मजबूत कर ही प्रति व्यक्ति आय बढ़ाई जा सकती है।

हमारे कार्यबल का 500 मिलियन खेती में लगा है, इसलिए कृषि क्षेत्र में सब्सिडी-केन्द्रित दृष्टिकोण के बजाय बाजार-उन्मुख दृष्टिकोण अपना कर ही किसानों को कृषि-उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। राजनीतिक रूप से संवेदनशील होने के बावजूद स्वतंत्रता के 73 वर्ष बाद हमें 'एक देश एक बाजार' बनाने के लिए इनकी आवश्यकता है। हालांकि, कृषि संबंधी तीनों विधेयकों का खास महत्व है, पर इस लेख में किसान सशक्तीकरण व संरक्षण तथा मूल्य आश्वासन समझौता व कृषि सेवा विधेयक 2020 पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। इससे कम मुनाफे वाला कृषि क्षेत्र ठेका खेती के लिए खुलेगा। भारत आज अतिरिक्त खाद्यान्न वाली अर्थव्यवस्था बन गया है, अतः उसे 'अतिरिक्त प्रबंधन' की आवश्यकता है। कोल्ड स्टोर सुविधायें तथा खाद्य प्रसंस्करण ढांचा मजबूत करने से विनिर्माण में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा। हर साल 92,000 करोड़ का कृषि उत्पाद बरबाद हो जाता है। इसलिए इस क्षेत्र को किसान से उपभोक्ता तक मजबूत सप्लाई श्रृंखला बनाना जरूरी है। गलत तरीके से आरोप लगाए जा रहे हैं कि यह विधायन कार्पोरेट के पक्ष में है, जबकि इसमें मौसमी फसलों के मूल्य निर्धारण में किसानों को लाभ की स्थिति में लाया गया है। वे कार्पोरेट के साथ पहले ही मूल्य तय कर अपनी आय सुनिश्चित कर सकेंगे। इससे एकफसली खेती के बजाय फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा, तई तकनीकों का प्रयोग होगा तथा वित्तीय सहायता व आधुनिकीकरण में मदद मिलेगी। खेती के कार्पोरेटीकरण के सबसे अच्छे उदाहरण अमूल, ई-चौपाल व किसान समूहों को प्रोत्साहन देने वाला पातंजलि माडल हैं। साझा पहलों में किसानों को शामिल करने से उनमें सहयोगी-स्वामित्व की भावना पैदा होती है जिसे अमूल सहकारी संगठन के सफल प्रयोग में देखा जा सकता है जिसने श्वेत क्रान्ति का नेतृत्व किया है। भारत आज सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है जिसमें अमूल सबसे बड़ा खाद्य उत्पादक एफएमसीजी है जिसका टर्नओवर 52,000 करोड़ रुपये है। इसने डेरी किसान को उत्पाद के अधिक दाम देकर उसे अपना साथी बनाया है तथा वह उपभोक्ताओं को बहुत मामूली लाभ लेकर उत्पाद सप्लाई कर रहा है। हो सकता है कि चीन का उदाहरण देना राजनीतिक रूप से गलत हो, लेकिन भारत इससे लाभ उठा सकता है। 2016 में चीन की राज्य परिषद ने गरीबी-उन्मूलन नीति के रूप में ग्रामीण ई-कामर्स को आधिकारिक रूप से स्वीकार किया था। इससे पिछले 6 वर्ष में गरीबी 10.2 प्रतिशत से घट कर 1.7 प्रतिशत रह गई है। इसका एक तरीका किसानों को ताओबाओ गांव में अलीबाबा के ई-कामर्स प्लेटफार्मों से जोड़ना रहा है।

ठेका खेती पर विधेयक सप्लायरों व विक्रेताओं, दोनों के लिए लाभदायक है। इससे अनेक स्तर पर सामूहिकताओं का विकास होगा तथा फसल कटने के बाद प्रसंस्करण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, रिटेलिंग व व्यापक वितरण नेटवर्क तक पहुंच में सहायता मिलेगी। इससे पांच एकड़ से कम जमीन वाले छोटे किसानों को लाभ होगा। कृषि सामूहिकता बनाने से उनकी आमदनी बढ़ेगी तथा उनकी सामूहिक आर्थिक व लेनदेन की शक्ति मजबूत होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2022 तक किसानों की आय दूनी करने का वादा किया है। यदि यह कृषि सुधार जमीनी कार्रवाई में न बदला तो उनकी आमदनी पहले जैसी बनी रहेगी। किसानों की आमदनी दूनी करने के साथ ही उपभोक्ता कीमतों में अनावश्यक वृद्धि रोकने की भी चुनौती है क्योंकि खेती में लागत लगातार बढ़ रही है। मुनाफा बढ़ाने के लिए किसानों को कार्पोरेट के पास उपलब्ध कौशल का प्रयोग करना होगा जिनकी लगातार बदलती उपभोक्ता आवश्यकताओं के बारे में बेहतर समझदारी और गहरी जानकारी है।

महामारी के पश्चात उपभोक्ताओं के व्यवहार में आए परिवर्तन का कारण उनकी घटी खरीद शक्ति है, इसके बावजूद वे बेहतर पोषण लाभ, बेहतर सफाई तथा अपने दरवाजे पर कांटैक्टलेस डिलीवरी चाहते हैं। इसके साथ ही मध्यवर्गीय परिवार भी फलों, सब्जियों व दूध पर खर्च बढ़ा कर अनाजों पर खर्च घटा रहे हैं। मूल्य संवर्धित प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ रही है। इसके साथ ही स्वास्थ्य व बेहतरी के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण अनाजों की अन्य किस्मों की मांग बढ़ी है। इसके लिए किसानों को मूलभूत परिवर्तन लाने होंगे जिनका विस्तार परंपरागत उत्पादों की बिक्री से लेकर उपभोक्ताओं की बदलती इच्छाओं तक है। किसानों को अपने उत्पाद बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने से लाभ होगा। यदि बाजार का समर्थन न मिले तो केवल फसल उत्पादकता बढ़ाने से किसानों की आय नहीं बढ़ेगी।

केन्द्र सरकार को किसानों की आशंकायें देखते हुए सहमति बनाने के प्रयास करने चाहिए। उनमें निहित स्वार्थी तत्व भ्रम पैदा कर रहे हैं। ऐसा न होने पर यह प्रगतिशील विधायन संकट में फंस सकता है जैसा कि भूमि अधिग्रहण विधेयक के मामले में हुआ था। हालांकि, कृषि समवर्ती सूची में न होने के कारण राज्यों का विषय है, पर नए कानूनों का संबंध अंतर-राज्य व्यापार से होने के कारण यह केन्द्रीय विषय बन जाता है। केन्द्र को ऐसे में कानून बनाने का अधिकार है और अतीत की तरह कोई राज्य इन्हें चुनौती नहीं दे सकता है।

इसके साथ ही एक बार खेती के आकर्षक उद्योग में बदल जाने के बाद इसमें करदाताओं का आधार विकसित करने की संभावना पैदा होगी और तब इसे केन्द्रीय सूची में हस्तांतरित किया जा सकेगा। वास्तव में केंद्र को किसानों पर टैक्स लगाने के बारे में पुनः विचार करना चाहिए जो अब तक इस दायरे से बाहर हैं। खासकर अमीर वर्ग के किसानों पर टैक्स लगाया जाना चाहिए जिनके पास 10 एकड़ से अधिक जमीन है। कर निर्धारण के लिए कुछ मानक तय किए जा सकते हैं जिनमें तीन साल की औसत उपज है क्योंकि मौसम परिवर्तन के जोखिम के कारण उत्पाद में वार्षिक अंतर आ सकता है।

भारत को क्षमताओं के अधिकतम प्रयोग से विशाल खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र बनने की संभावना पर अवश्य ध्यान देना चाहिए। इसके साथ ही किसान को केवल आवश्यकतायें पूरी करने की सोच से आगे बढ़ते हुए कांग्रेस युग के नारे 'रोटी, कपड़ा और मकान' को छोड़ कर आधुनिक अर्थव्यवस्था बनाने में अपना योगदान करना चाहिए।

# अस्पतालों के कचरे से संक्रमण का खतरा

> जैव-चिकित्साजनित कचरे का प्रभावी निस्तारण उतना ही अहम है जितना कि कोरोना संकट से कुशलतापूर्वक निबटना। अन्यथा संक्रमण की दूरी लहर आ सकती है।



कोटा श्रीराज
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)

कल्पना कीजिए कि प्रचंड रूप से एक सार्वजनिक स्वास्थ्य महामारी के बारे में जो पर्यावरण के लिए खतरे को दोगुना करने वाली है और विनाशकारी कोविड-19 के बाद प्रभावी हो जाए। यह ऐसी संभावना है जो सच साबित हो सकती है यदि महामारी से लड़ने के दौर में अस्पतालों से निकलने वाले जैव-चिकित्सा जनित कचरे का भंडार बढ़ता जाता है और उसका प्रबंधन एवं निस्तारण उचित ढंग से नहीं किया जाता है।

अंतिम समाचार मिलने तक, कोविड-19 भारत में 90,000 लोगों की मौत का कारण बन चुका है और 5.6 मिलियन सक्रिय मामले विद्यमान हैं। यह स्थिति और भी बिगड़ सकती है यदि लापरवाही से फेंका जाने वाला जैव-चिकित्सा जनित कचरा देशभर में संक्रमणों की दूसरी लहर आने का कारण बन जाता है। अनगिनत अस्पताल परिसर, मुर्दाघर, श्मशान, एंबुलेंस पार्किंग सथल और आवासीय क्षेत्रों में फेंका गया कचरा लापरवाही से त्यागे गए दस्तानों, पीपीई किटो, व मॉस्कों से भरे पड़े हैं। ऐसा केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड के दिशा निर्देशों के बावजूद हो रहा है जिनमें स्पष्ट बताया गया है कि कोविड-19 संबंधी कचरे को दोहरे थैलों में करके उन पर लेबल लगाकार डाला जाए। हालांकि, चारों ओर पड़े कचरे को देखकर, यह स्पष्ट हो जाता है कि दिशा निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है और कहने की आवश्यकता नहीं कि इन वस्तुओं में वह वायरस होता है जो स्वस्थ लोगों में फैल सकता है, खासकर सफाइकर्मियों में तथा उन लोगों में जो कचरा भंडारों एवं कचरा इनसिनिरेटरों के पास कूड़ा बीनने जाते हैं। दिल्ली में जैव-चिकित्साजनित कचरा निस्तारण की दो सुविधाएं हैं जो प्रतिदिन 63 टन चिकित्सा कचरे का निस्तारण करने में सक्षम हैं। मगर टॉक्सिक लिंक्स द्वारा किए गए एक अध्ययन में बताया गया हे कि इस कचरे को नगरीय ठोस कचरे की तरह निस्तारित किया जा रहा है। स्थिति को और बिगाड़ते हुए, इस कचरे को पैदा करने वाली कई सुविधाएं दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में पंजीकृत नहीं हैं। अध्ययन के निष्कर्ष यह भी बताते हैं कि 27.9 प्रतिशत अस्पतालों के पास अनिवार्य सुई कटर नहीं है जबकि 34 प्रतिशत चिकित्सा सुविधाओं में चिकित्सीय कचरे को ले जाने योग्य परिवहन सुविधा नहीं है। परिणामस्वरूप, उसे निस्तारण के लिए हाथों से उठाकर ले जाया जाता है। और भी बुरी दशा यह है कि लगभग 26.4 प्रतिशत चिकित्सा केंद्र तरल चिकित्सीय कचरे को सार्वजनिक सीवर व्यवस्था में बहाते पाए गए। ऐसी परेशान कर देने वाली स्थितियों के साथ, भारत निश्चित रूप से रोगाणु द्वारा पैदा जैव चिकित्सा कचरे से निबटने की स्थिति में नहीं है। जैव चिकित्सा कचरा सृजन एवं उसके निस्तारण की गंभीरता का आंकलन इस तथ्य से किया जा सकता है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय को हाल ही में राज्यसभा में इससे संबंधित सवालों का जवाब देना पड़ा। साइंस डायरेक्ट में छपे एक लेख के अनुसार, भारत, जो वर्तमान समय में लगभग प्रति बिस्तर दो किलोग्राम कचरा पैदा करता है, जिसमें विभिन्न प्रकार के खतरनाक कचरे शामिल हैं, लेकिन महामारी के कारण इसकी मात्रा कई गुना बढ़ने वाली है। संक्रमण के प्रसार का प्रभाव बहुत अधिक होने से पहले, दिल्ली में औसतन 25 टन चिकित्सीय कचरा पैदा होता था लेकिन उसका निर्गत जुलाई में बढ़कर 349 टन हो गया। इसी प्रकार, मुंबई का प्रतिदिन कचरा उत्पादन जून में 12,200 टन से बढ़कर अगस्त में 24,889 टन पहुंच गया। कचरे के इस भंडार ने पहले से ही जीर्ण-शीर्ण कचरा प्रबंधन ढांचे को अपनी सीमाओं तक पहुंचा दिया। इससे पहले की महानगर जैच चिकित्सीय कचरे से भर जाएं, इस मुद्दे को संबोधित करने की आवश्यकता है तथा इस पर सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। नियमों के अनुसार, कचरे को पुनः चक्रीय एवं गैर पुनः चक्रीय डब्बों में पृथक किए जाने की आवश्यकता होती है और फिर उसे 72 घंटे तक छोड़ दिया जाता है जिससे कि संक्रमण की तीव्रता क्षीण हो जाए। यह सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा संस्थानों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाना होगा कि उनके पास जैव चिकित्सा कचरे के निस्तारण के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं। अधिक महत्वपूर्ण रूप से, तरल चिकित्सीय कचरे को आवश्यक शोधन के लिए अधिकृत कचरा संग्रहण कम्पनियों द्वारा भेजा जाना चाहिए तथा सीवर में बहाया नहीं जाना चाहिए। पश्चिमी देश कारोना वायरस कचरा प्रबंधन के लिए उच्च मानक निर्धारित कर रहे हैं और उन पर दृष्टि डालने से पता चलता है कि क्यों ये देश जैव चिकित्सा कचरा प्रबंधन के मामले में अपने कदमों पर तेजी से वापस लौट रहे हैं। फ्रांस व जर्मनी में श्रेष्ठ परिपाटियों का पालन किया जा रहा है जिनमें प्रत्येक चिकित्सा सुविधा केंद्र द्वारा सृजित कचरे का रिकार्ड रखा जाता है तथा सुनिश्चित किया जाता है कि उस मात्रा को उचित ढंग से नष्ट किया जाए। अपनाए जा रहे अन्य उच्चीकृत उपायों में शामिल है चिकित्सा संस्थानों के कचरे के डब्बों को नियमित रूप से सोडियम हाइड्रोक्लोराइड विलयन के द्वारा साफ किया जाना। फ्रांस ने एक कदम और आगे बढ़ाकर उन परिवारों पर भी ध्यान केंद्रित किया है जहां एकांतवासी मरीज मौजूद होते हैं। कचरे को प्रधिकारियों द्वारा स्थानों पर एकत्र किया जा रहा है जिससे कि अनावश्यक संक्रमण न होने पाए। एकांतवास में रह चुके निवासी उचित कागज दिखाकर फार्मेसियों से कचरे के डिब्बे खरीदने में सक्षम हैं, जिनका इस्तेमाल वे प्रधिकारियों को कचरा नष्ट करने हेतु सौंपने के लिए कर सकते हैं। दूसरी ओर जर्मनी ने बवारिया में एक विशेषीकृत कचरा नष्ट करने वाली सुविधा स्थापित की है। इन उपायों ने इन जैव चिकित्सीय कचरे से पुनः संक्रमण होने व उसके हानिकारक प्रभावों से बचाने में इन देशों की मदद की है। दक्षतापूर्ण जैव चिकित्सीय कचरा सृजन भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि इस संकट से कुशलतापूर्वक निबटना। केवल इसी तरह संक्रमण की दूसरी लहर को आने से रोका जा सकता है।

## फरमाया



**गोवा** में अड़सठ भाजपा कार्यकर्ता महामारी के दौरान कोविड संक्रमित पाए गए हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि वे जनता की सेवा में बाहर निकलकर काम कर रहे थे।

**- सदानंद शेत तनवाड़े**
गोवा भाजपा अध्यक्ष



**हम** देख रहे हैं कि व्यक्तिगत रूप से देश वर्तमान परिस्थिति का इस्तेमाल अवांछनीय सरकारों अथवा प्रतिस्पर्धियों से मुद्दे हल करने में कर रहे हैं।

**- सर्गेई लावरोव**
रूसी विदेश मंत्री



**परिषद** के उन सदस्यों को शर्म आनी चाहिए जो इस अवसर का इस्तेमाल मुद्दों के बजाए अपनी राजनीतिक नाराजगियों पर केंद्रित करने के लिए कर रहे हैं।

**- केली क्राफ्ट**
अमेरिकी राजदूत

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## संयुक्त राष्ट्र पर पीएम का कटाक्ष

**संयुक्त** राष्ट्र महासभा के 75 वे सत्र में पीएम मोदी का ऑनलाइन वक्तव्य प्रभावशाली लगा। अपने दो टूक उद्बोधन में उन्होंने जिस साफगोई के साथ संयुक्त राष्ट्र संघ की कार्यप्रणाली और नीतियों पर सशक्त रूप से कटाक्ष किया है, वह काबिले तारीफ है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में किसी प्रधानमंत्री ने पहली बार इतनी दृढ़ता पूर्वक अपना पक्ष प्रस्तुत किया है। दुनिया के आज के चाल चलन के हिसाब से संयुक्त राष्ट्र संघ में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। भारत का दृष्टिकोण सदैव से ही विश्व शांति के मूल मंत्र पर आधारित रहा है, किंतु वैश्विक युद्ध, आतंकवाद, साम्राज्यवाद और पाकिस्तान तथा चीन की दोगली चालों पर संरा प्रभावी नियंत्रण नहीं कर सका है। संरा संघ के निर्णय लेने वाले ढांचे से भारत को अलग रखना और उचित प्रतिनिधित्व प्रदान नहीं करना भी अखरने वाला है। भारत में हुए परिवर्तन का असर दुनिया के बड़े हिस्से पर पड़ता है, इसके बावजूद विश्व के इस सबसे बड़े लोकतंत्र की अनदेखी करना एक बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। संरा संघ में भारतीय प्रतिनिधि मिजितो विनितो ने भी आतंक और अल्पसंख्यकों के सवाल पर पाक की कड़ी घेराबंदी करते हुए, उसे बिल्कुल सही आईना दिखाया है।

**- ललित महालकरी**, इंदौर

## एनजीओ में पारदर्शिता

**हाल** ही में संसद में विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम 2010 में कुछ संशोधन पारित किए हैं। केंद्र सरकार के अनुसार इन संशोधनों का मुख्य उद्देश्य एनजीओ के कार्यों में पारदर्शिता को लाना है। बहरहाल इन नए नियमों ने सभी एनजीओ, शैक्षिक संस्थानों के लिए प्रतिकूल स्थितियां पैदा करी है, जिनके पास विदेशी संस्थानों के साथ वित्तीय भागीदारी है। अब बात यह है कि कोरोनावायरस महामारी के इस काल में हमने देखा कि सरकार के साथ-साथ गई एनजीओस में भी मदद करी थी परंतु अब इस सरकार के फैसले से वह संशोधन पर सवाल उठा रहे हैं। बताते चलें कि भारत में लगभग 3 मिलियन गैर सरकारी संगठन है, भारत जैसे विकासशील देश में भूमिका और जिम्मेदारियां बहुत अधिक होती हैं जिनमें एनजीओ ने बहुत अच्छी भूमिका निभाई है। एन जी ओ यानी गैर सरकारी संगठन सरकार के कार्यक्रमों में खामियों को दूर करने का प्रयास करते हैं। हालांकि पिछले कई सालों से यह देखा गया कि कई लोगों को एनजीओ में विश्वसनीयता की कमी मिलने को दिखी। विश्वसनीयता के साथ-साथ अब तो पारदर्शिता की कमी के कारण संसद में उसके लिए एक विधेयक भी पारित हो गया।

**- सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

## बॉलीवुड में नशेड़ी, माफिया

**उदीयमान** और अति प्रतिभाशाली अभिनेता स्वर्गीय सुशांत सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत बॉलीवुड में आकंठ व्याप्त भाई-भतीजावाद, खानदानी रुतबा जमाए कथित स्टार मॉफियाओं, देशहित की जगह वर्तमान सत्तारूढ़ सरकारों की चाटुकारिता करनेवाले, अंडरवर्ल्ड दाउद इब्राहीम जो सैकड़ों लोगों का हत्यारा है, के काले पैसे से फिल्म निर्माण,कॉस्टिंग काउच में महिलाओं के अंतहीन शारीरिक शोषण,नशे की हालत में गरीबों को रौंदने वाले आदि वहशी लोगों के कुकृत्य परत-दर-परत उघड़ रहे हैं। स्वर्गीय गुरुदत्त,विमल राय,महबूब खान और सत्यजीत राय आदि जैसे कालजयी महापुरुषों की बनाई सोद्देश्य व देशकाल को बदलनेवाली फिल्मों की जगह अब बिल्कुल नग्न,अश्लीलता को परोसती, उद्देश्यविहीन फिल्म बनाने वाले वर्तमान फिल्मकारों की एक बुराई हो तो उल्लेखित भी किया जाय। स्वर्गीय सुशांत सिंह के हत्यारों, नशेड़ियों, मॉफियाओं, भ्रष्टाचारियों को कठोरतम् दण्ड मिलनी ही चाहिए।

**- सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

**क्विक न्यूज**

## टोनही प्रताड़ना का लगाया आरोप

**भिलाई।** ग्राम कुगदा में टोनही प्रताड़ना का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध दर्ज कर लिया है। कुम्हारी थाना से मिली जानकारी के अनुसार कुगदा में देवरानी ने जेठानी पर टोनही होने का आरोप लगाया। लोकेश्वरी मारकण्डे (35) निवासी सेक्टर-6 ने 12 सितंबर को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका मायका गकुगदा कुम्हारी में है. वह अपनी मां सुखबाई के घर आई थी। मां के घर के बगल में चाची कौशिल्या जांगडे का घर है। कौशिल्या पिछले 8-10 दिन से छत में चढ़कर गाली-गलौज कर रही थी कि कौन टोनही उसकी लड़की को टोना जादू की है। इसे सुनकर हम लोग समझ रहे थे कि चाची किसी और को कह रही है.12 सितंबर की सुबह 8 बजे लोकेश्वरी की मां सुखबाई गांव से फोटो कॉपी कराकर आ रही थी. तभी घर के सामने रोड पर कौशिल्या जांगडे ने मां सुखबाई को पकड़कर कहने लगी तुम टोनही हो उसकी लड़की को टोना जादू कर दी हो। यह कहकर वह मारपीट करने लगीं।

# लॉकडाउन के दौरान सफाई में जुटे अधिकारी-कर्मचारी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लॉकडाउन के दौरान बेमेतरा को स्वच्छता रखने में विधायक आशीष छाबड़ा कलेक्टर शिव अनंत तायल नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू मुख्य नगरपालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर के निर्देश में विशेष सफाई अभियान एवं सैनिटाइजर छिड़काव के निर्देश स्वच्छता निरीक्षक श्रीनिवास द्विवेदी एवं सफाई जमादार तुलेश्वर चौहान को दिया गया था।

इस अभियान में पूरे नगर को सोडियम हाइपोक्लोराइट एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव वार्ड वार किया गया इसका जायजा स्वच्छता निरीक्षक श्रीनिवास द्विवेदी द्वारा लिया जाता है इस महा अभियान में वर्षा कालीन सफाई अभियान चलाकर पूरे 21 वार्डों की नालियों की मलबा निकासी का गैंग लगाकर सफाई अभियान किया गया जहां नाली को अवरुद्ध करने वाले स्लैब को तोड़कर जाम नालियों की सफाई एसपी बंगले के पास किया गया कई वार्डो में नाली पर पूरे पत्थर लगाकर जाम किया गया था उसे भी हटाकर विशेष नालियों की सफाई अभियान चलाया गया कई व्यापारियों द्वारा भी नाली के ऊपर स्लैब बना लिया था उसे जेसीबी के माध्यम से तोड़कर सफाई कर्मचारियों की टीम पूरे नाली सफाई में लगे रहे सफाई कर्मचारियों की सुबह से सब्जी मंडी नवीन बाजार नगर के तालाबों की सफाई और 21 वार्डो के नाली में प्रतिदिन सफाई अभियान करते हैं साथ ही कोविड-19 सेंटरों में भी सफाई कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदियों द्वारा झाड़ू पोछा और सैनिटाइजर करते हैं स्वच्छता कमांडो द्वारा नगर के नालियों के ऊपर रोड के ऊपर झाड़ियों की कटाई एवं रात्रिकालीन सफाई में भी अपने नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने में लगे रहते हैं एवं पार्षदों एवं आम नागरिकों अधिकारियों द्वारा सेनीटाइजर करने के लिए सूचना मिलती है तो तत्काल वहां पर भेजकर वार्डों में या घरों में बैंकों में शासकीय कार्यालय सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव किया जाता है।

स्वच्छता निरीक्षक श्रीनिवास द्विवेदी ने बताया की जनप्रतिनिधि एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों का पालन अनुसार करोना काल में सफाई कर्मचारी अपनी कर्म निष्ठा के साथ सफाई अभियान में जुड़े रहते हैं वार्डों में स्वच्छता दीदी डोर टू डोर कनेक्शन करने में लगे रहते हैं इसका निरीक्षण स्वच्छता निरीक्षक श्रीनिवास द्विवेदी सफाई जमादार तुलेश्वर चौहान अपने सफाई कर्मचारी बिलवाराम डग्गर विजय चौहान छिड़काव करने एवं मृत जानवर को उठाने में दिन रात लगे रहते हैं इसका निरीक्षण स्वच्छता निरीक्षक स्वयं जाकर निरीक्षण करते हैं और अपने कर्मचारियों के प्रति कोरोना वारियर्स के रूप में प्रोत्साहन देते हैं।

# कमीशन एजेंट आकाश गंगा सब्जी मंडी में टमाटर बेचते हुए पकड़ाया

- **निगम की टीम ने एजेंट पर लगाया 12 हजार जुर्माना,**
- **व्यापारी ट्रक में भरकर लाया था टमाटर**

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जोन-1 की टीम ने आकाश गंगा सब्जी मंडी में लॉकडाउन का उल्लंघन कर टमाटर बेचने वाले कमीशन एजेंट को पकड़ा। लाकडाउन का उल्लंघन के मामले में टीम ने 12 हजार रुपए जुर्माना लगाया। जोन-1 आयुक्त सुनील अग्रहरि ने लाकडाउन में दुकान खोलने पर ट्रक चालक और कमीशन एजेंट को कड़ी फटकार लगाई। जोन-1 के आयुक्त अग्रहरि ने बताया कि आकाश गंगा सब्जी मंडी में ट्रक में भरकर टमाटर लाने और उसे फुटकर व्यापारियों को बेचने की शिकायत मिली थी। जब मौके पर जांच करने टीम पहुंची तो पाया कि व्यापारी ट्रक में लोड टमाटर को फुटकर व्यापारियों को बेच रहे थे। उनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई और 30 सितंबर तक मंडी के दुकान को बंद रखने की समझाइश दी गई। दूसरी बार नियम का उल्लंघन करते हुए पकड़े जाने पर दुकान को सील करने की चेतावनी दी गई! कार्रवाई के दौरान टीम में एआरओ शरद दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

**उद्योग संचालक पर लगाया जुर्माना-** इधर जोन-4 वीर शिवाजी नगर के जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा की टीम ने औद्योगिक क्षेत्र छावनी में संचालित तेज उद्योग यूनिट-2 के संचालक के खिलाफ कार्रवाई की। मास्क पहने बिना कर्मचारियों से कार्य लेने के मामले में 3000 रुपए जुर्माना लगाया गया। वहीं एक दुकानदार से 500 रुपए अर्थदंड वसूला गया। वैशाली नगर की टीम ने लाक डाउन का उल्लंघन कर देर रात को सामान बेचने वाले श्री रिद्धि सिद्धि वस्त्रालय के संचालक पर जुर्माना लगाया। रविवार की रात 8 बजे दुकान खोलकर सामान बेच रहा था। शिकायत पर टीम ने उनके खिलाफ कार्रवाई की।

# वनमंत्री अकबर के निर्देश पर सीईओ ने पीएम आवास योजना का निरीक्षण किया

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



वनमंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देश पर जिला पंचायत के सीईओ ने जिले के बोडला विकासखण्ड के वनांचल क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत कराए जा रहे आवास निर्माण के कार्य की गुणवत्ता देखने वनांचल गांव का सघन दौरा कर कार्यों का जायजा लिया। बोड़ला विकासखण्ड के अंतर्गत 16 ग्राम पंचायतों के 331 आवास निर्माण कार्य को समय पर नही करने और कार्य में अनियमितता करने की शिकायत प्राप्त हुई थी।

जिसमें राशि निकालकर कार्य नहीं करना बताया गया था इन्हीं शिकायतों के आधार पर वनांचल क्षेत्र के कार्य का सघन दौरा कर निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया। वनाचंल ग्राम केसमर्दा, दलदली कुकरा पानी, चेन्द्रादादर जैसे 16 ग्राम पंचायत में कराए जा रहे प्रधानमंत्री आवास के 331 हितग्राहियों के आवास निर्माण में अनियमितता की शिकायत पर 78 व्यक्तियों के विरोध कार्यवाही के लिए थाने में सूचना दी गई है।

गौरतलब है कि प्रदेश के वनमंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर और जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया के द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक में पीएम आवास योजना के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों के शिकायत को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री विजय दयाराम के. द्वारा संबंधित आवास निर्माण के कार्यों को स्वयं मौके पर जाकर देखा गया।

# जिले धड़ल्ले से हो रहा रेत का अवैध उत्खनन, खनिज विभाग की कार्यवाही शून्य

- **जिले के वनांचल व मैदानी इलाकों में नदी में चल रहा गोरखधंधा**

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले के वनांचल ब मैदानी इलाकों में नदी से अवैध रुप से रेत निकालने का काम बेधड़क रूप से चल रहा है। व्यापक पैमाने पर अवैध रूप से खोदाई कर शासकीय व निजी निर्माण कार्य में खपा रहे हैं। इससे न सिर्फ पर्यावरण को क्षति पहुंच रही है। बल्कि शासन को लाखों रुपए का रायल्टी चूना भी लग रहा है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग खामोश बैठा है।

बोड़ला ब्लाक के सुदूर वनांचल ग्राम अंधरीकछार व मां कंकालीन मंदिर के पास नदी से रेत की अवैध खनन किया जा रहा है वही हाफ नदी में बिसेसरा , मझोली , छांटा मडमड़ा धोब्धट्टी, कुन्डा सहित कई जगहों से रेत निकालने का गोरखधंधा चल रहा है । शासन के द्वारा कई नियम बनाए गए है लेकिन कोई पालन नही किया जा रहा है । पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए नदी से एकसीवेटर और पोकलेंड से रेत का उत्खनन नहीं किया जा सकता। लेकिन सभी नदी के घाट से धड़ल्ले से रेत निकाला जा रहा है। इसके बाद भी खनिज विभाग के अधिकारी व पंचायत प्रतिनिधि मौन बैठे हुए हैं। अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने के कारण उनके हौसले बुलंद होता जा रहा है। नदियों से रेत निकालने से पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। रेत माफिया नदी के अंदर तक खोदाई कर रहे हैं। इसको ध्यान रखते हुए केंद्र सरकार ने घाट से रेत निकालने के लिए पर्यावरण क्लीरेस अनिवार्य कर दिया था। इसमे स्पष्ट रूप से कहा गया है कि नदी से रेत निकालने के लिए किसी भी स्थिति में एकसीवेटर और पोकलेंड का उपयोग नहीं किया जा सकता। साथ ही शाम के बाद घाटों से रेत की निकासी पूर्ण रूप से बंद रहेगी, लेकिन पंडरिया,बोड़ला , कुकदुर क्षेत्र के गांवों में नियमों का पालन नहीं हो रहा है। कार्रवाई नहीं हो रही है।

# छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन बोड़ला का गठन

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



जिला अध्यक्ष रियाज अत्तारी एवं जिला सचिव भुवन पटेल के आदेशानुसार बोड़ला ब्लॉक के तरेगांव जंगल मे छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन का बैठक रखा गया जिसमें ब्लॉक कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन बोड़ला ब्लॉक के अध्यक्ष महेश मानिकपुरी के उपस्थिति में सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष जीवन यादव कोषाध्यक्ष मनोज बंजारे सचिव जलेश धुर्वे सहसचिव वेदप्रकाश साहू व सरंक्षक के रूप में दीपक मागरे,लाला राम यदु गणपत अग्रवाल व सदस्य रूपलाल यादव सुकृत दास मानिकपुरी को बनाया गया। और कांकेर में पत्रकार कमल शुक्ला एवं अन्य साथी के साथ हुए दुर्व्यवहार को छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन बोड़ला ब्लॉक कड़ी निंदा करते हुए दोषियों पर सख्त कार्यवाही करे तथा इस प्रकार का पुनरावृति न हो इसको लेकर सरकार जल्द ही पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करें जिससे पत्रकार अपने आप को सुरक्षित महसूस करे।

# ऑनलाइन कक्षा में बच्चों ने रखी अपने मन की बात और साझा किया अनुभव

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शिक्षिका ज्योति बनाफर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका के निर्देशन में आनलाइन कक्षा के माध्यम से बच्चों ने अपने मन की बात एवं कोरोना काल का अनुभव अपने शब्दों में बताया। शिक्षिका का कहना है हमें अध्ययन अध्यापन के बीच में बच्चों के मन की बात भी जानने चाहिए। इसलिए इस कक्षा के माध्यम से बच्चों ने शिक्षा ,स्वास्थ्य, विज्ञान, शाला, ऑनलाइन कक्षा आदि का कोरोना काल में अनुभव को लेकर अपने विचार साझा की ।बच्चों की कही बात को हम उन्हीं के अंदाज में पाठकों के सामने रख रहे हैं । ताकि इस प्रयास के माध्यम से हम सभी छोटे बच्चों की दुनिया और उनकी अनुभव के बारे में जान सकें। इस संबंध में डाली वर्मा कक्षा सातवीं शिवलाल राठी इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा के अनुसार अभी सभी के पास समय काफी है व्यस्तता की कमी है ।पालक को चाहिए कि अपने बच्चों से उनके कैरियर के बारे में चर्चा करें। वही कुमारी टेसू साहू कक्षा सातवीं पूर्व माध्यमिक शाला मटका का कहना है कि इम्यूनिटी पावर बढ़ाना बहुत जरूरी है ,इसके लिए नींबू का रस और गिलोय का रस का सेवन रोजाना करें ।पढ़ाई के अलावा हमें ऑनलाइन कक्षा के माध्यम से बहुत सारी गतिविधियां भी सीखने का मौका मिल रहा है। वर्णित तिवारी कक्षा आठवीं राठी स्कूल का कहना है कोरोना काल में बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या है ।रोशनी सिंह कक्षा छठवीं के अनुसार ऑनलाइन पढ़ाई के माध्यम से हमें सारा कोर्स वीडियो के माध्यम से दिखाया जाता है ।इससे हमें समझने में बहुत ही सहायता मिलती है ।और पढ़ाई हमें रोचक लगता है। उनका कहना है इस समय हम कम संसाधन में भी जीना सीख गए हैं । महक साहू कहती हैं छुट्टी के दिन भी कक्षा लगने से हमारी पढ़ाई रेगुलर हो रही है । व कोर्स जल्दी समाप्त हो रहा है। जिससे हमें आगामी पढ़ाई में सुविधा होगी ।रितेश देवांगन के अनुसार वायु शुद्ध हो रहा।ओजोन परत मैं सुधार हो रहा है ।सड़क दुर्घटना में काफी कमी हो गई है ।आस्था साहू के अनुसार अपने परिवार के साथ समय बिताएं इस कोरोना काल मे सुरक्षित रहे, घर पर रहे ,स्वस्थ रहें ।इस तरह से इस ऑनलाइन कक्षा में बच्चों ने बहुत ही अच्छे से अपने मन की बात साझा किया ।इस कार्यक्रम में 23 बच्चों ने अपना विचार व्यक्त किया ।इस कार्यक्रम में डीपीसी कमल नारायण शर्मा, सुनील झा (वरिष्ठ शिक्षक), सुदिशा चटर्जी (प्राचार्य राठी इंग्लिश मीडियम स्कूल), अशोक मिश्रा (प्रधान पाठक सीबीएससी स्कूल) , मंजू साहू ( शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका )की वर्चुअल उपस्थिति रही।

## डॉ. शुक्ला को जिला क्षय अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार

**भिलाई।** जिला मलेरिया विभाग के अधिकारी डॉ. एसके मंडल का तबादला कबीरधाम हो गया है। डॉ. मंडल वहां के सीएमएचओ बनाए गए हैं। इसके साथ ही दुर्ग जिला का क्षय अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ.अनिल शुक्ला को दिया गया है। डॉ. अनिल शुक्ला वर्तमान में जिला कुष्ठ अधिकारी के साथ-साथ चंदूलाल चंद्राकर कोविड-19 केयर सेंटर आजाद कोविड-19 केयर सेंटर बीएसएफ आइसोलेशन वार्ड के प्रभारी एवं कोविड-19 ऑडिट डेथ समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सम्भाल रहे हैं। डॉ. मंडल मलेरिया विभाग के साथ क्षय विभाग भी देख रहे थे।

## कोरोना संक्रमण काल में बच्चों को 63 दिवस के लिए सूखा राशन वितरण

**बेमेतरा।** कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण काल में अनलॉक 4 के संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किया गया है। उक्त आदेष में 30 सितम्बर 2020 तक शालाओं को बंद रखे जाने का निर्देश दिया गया है। अतः खाद्य सुरक्षा भत्ता के रूप में बच्चों को सूखा चांवल एवं कुकिंग कास्ट की राशि से अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री (दाल, तेल, सूखी सब्जी इत्यादि) वितरित किया जाना है। सूखा राशन सामग्री वितरण हेतु संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय ने निर्देश दिया है।

# घटना से जुड़े सभी प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष आरोपियों पर 307 और 124 ए के तहत अपराध कायम करने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ के राज्यपाल एवं छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेंश बघेल से अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद शर्मा के आदेशानुसार एवं प्रदेश सचिव प्रशांत ईलमकार मार्गदर्शन में राजनांदगाँव जिला अध्यक्ष मनोज सिंह चंदेल एवं जिले के समस्त कार्यकारिणी के सदस्यों ने जिला कलेक्टर राजनांदगाँव को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा और उन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आरोपियों पर आईपीसी की धारा 307 और 124 के तहत अपराध कायम किया जाना चाहिए।

एवं पूरे प्रदेश में हो रहे पत्रकार साथियों के ऊपर अत्याचार, धमकी, मारपीट और पुलिस द्वारा लगाए जा रहे फर्जी केसों पर तुरंत रोक हेतु, प्रदेश के समस्त जिलों के पुलिस अधीक्षकों को तुरन्त निर्देश दिया जाये। उन्होंने अनुरोध किया कि राज्य में जल्द जल्द से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाय, जिससे इन घटनाओं को रोका जा सके जिससे पत्रकार निर्भीक हो कर चौथे स्तंभ का दायित्व निभा सके यह मांग की।

**प्रदेश कार्यकारिणी मे घोषणा जल्द, अटकलें तेज**

# भाजपा प्रदेश में बेमेतरा जिले को प्रतिनिधित्व को लेकर चर्चाए तेज, सामने आ रहे नाम

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा/नवागढ़
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा मुद्दे जल्द ही प्रदेश कार्यकारिणी के नियुक्ति की कयास लगाए जा रहे हैं। जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी की तरह नए चेहरों को मौका मिलने का आसार दिख रहा है। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में में बेमेतरा जिले को भी प्रतिनिधित्व मिलने की अटकलें तेज हो गई है। जिनमें कई नाम भी छठ कर बाहर आ रहे हैं जो संगठन में कई वर्षों तक लगातार सक्रिय हैं हो सकता है इन नए चेहरों पर पाटीदार लगाकर इन्हें प्रदेश में कोई बड़ा पद प्रदान करें। इन नए चेहरों में बेमेतरा से पुर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री दयावंत धर बांधे, वरिष्ठ नेता हर्ष तिवारी, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री संध्या परगिनहा, प्रह्लाद रजक आदि के नाम शामिल है।

बता दे कि कुछ दिनों पहले प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय जिस सूची को लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व के पास पहुंचे थे , इसमें से आधे से ज्यादा प्रमुख नामों को रिजेक्ट कर दिया गया है । बताया जा रहा है कि प्रदेश महामंत्री और उपाध्यक्ष पद पर पिछले चुनाव में हारे पूर्व मंत्रियों को रखने की सिफारिश की गई थी , जिसे स्वीकार नहीं किया गया है । भाजपा की नई प्रदेश कार्यकारिणी में विधानसभा चुनाव में हारे नेताओं की एंट्री को लेकर केंद्रीय संगठन ने आपत्ति दर्ज कराई है । इस पर केंद्रीय नेतृत्व में दो टूक कहा कि प्रदेश कार्यकारिणी में युवा और नए चेहरों को मौका दिया जाए । जनता ने जिन चेहरों को नकार दिया है , उनके दम पर संगठन में ऊर्जा नहीं भरी जासकती है ।

## इनको मिल सकता है स्थान

**1.राजेंद्र शर्मा** . भारतीय जनता पार्टी बेमेतरा जिला में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा एक बड़ा नाम है जोकि जिले के प्रथम जिलाध्यक्ष रहने के साथ-साथ लगातार दो बार इस जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक संभाल चुके हैं इन्हीं के ही कार्यकाल में भाजपा ने पहली बार जिले में तीनों की तीनों विधानसभा में परचम लहराया था। इनके कुशल नेतृत्व एवं सामंजस्य बनाने की कला का हर कोई लोहा मांगता है। वर्तमान में वे पार्टी के किसी भी दायित्व में नही है। इस लिहाज से देखा जाए तो पार्टी इस बार शर्मा को प्रदेश कार्यकारिणी में एक प्रमुख पद दे सकती।

**2.दयावंत धर बांधे** . भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री दयावंत धर बांधे को भी संगठन में बड़ी जवाबदारी सौपी जा सकती है। नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से नया चेहरा दयावंत बांधे का संघ में अच्छी पकड़ मानी जाती है। संगठन द्वारा दिये प्रत्येक कार्य को जूझकर करने के चलते वे प्रदेश के बड़े नेताओं के पंसन्द बने हुए है। अनुसूचित जाति कोटे से नए चेहरे के रूप में इन्हें प्रदेश में स्थान मिल सकता है।

**3.हर्ष तिवारी.** बेमेतरा के पूर्व विधायक एवं अविभाजित मध्यप्रदेश राज्य के उपनेता प्रतिपक्ष रहे महेश तिवारी के पुत्र हर्ष तिवारी भी बेमेतरा जिले से एक बड़ा युवा चेहरा है।तिवारी ने विगत लोकसभा चुनाव में कड़ी मेहनत की थी। गुटबाजी की राजनीति से दूर सिद्धान्तों पर चलने वाले युवा नेता तिवारी को भी प्रदेश में लेने पर विचार किया जा सकता है।

**4.संध्या परगिनहा** . वर्तमान में महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री संध्या परगिनहा बेमेतरा जिले में सशक्त महिला नेता के रूप में जानी जाती हैं। इनकी जुझारू एवं बेबाक छवि के चलते महिला कोटे से इन्हें प्रदेश में बड़ी जवाबदारी सौंपी जा सकती है।

**5.रघुनंदन तिवारी** .पार्टी यदि पुराने अनुभवी नेताओ में दांव लगाती हैं तो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुनंदन तिवारी को भी स्थान दिया जा सकता है।

# धान संग्रहण केंद्र के फड़ प्रभारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग विधायक ने की

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सरदार लेंजवारा प्रभारी के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज करने की मांग विधायक आशीष छाबड़ा ने किया है धान संग्रहण केंद्र में रख रखाव में अनियमितता पाये जानें के बाद दोषी फड़ प्रभारी शर्मा को फिर से बहाल करने विधायक आशीष छाबड़ा ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग किया है इस संबंध में विधायक आशीष छाबड़ा ने कलेक्टर को एक ज्ञापन भी सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि बीते दिनों धान संग्रहण केंद्र सरदा लेंजवारा का विपणन विभाग के प्रबंध संचालक अंकित आनंद एवं विपणन संघ महाप्रबंधक जीएस पैकरा द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान धान संग्रहण केंद्र सरदा लेंजवारा में धान की रखरखाव में भारी गड़बड़ी पाई गई जिसके कारण शासन को करोड़ों रुपए नुकसान उठाना पड़ा जिसके लिए जिम्मेदार प्रभारी हितेश कुमार शर्मा को निलंबित कर दिया गया था किंतु बाद में उन्हें बहाली करते हुए फिर से पुनः उसी स्थान पर प्रभारी के रूप में बहाली कर दिया गया है जबकि नियमानुसार शर्मा के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज

## क्विक न्यूज

### मवेशी चराने जंगल गई युवती से छेड़छाड़, हुई एफआईआर

**रायगढ़।** गाय चराने जंगल गई युवती से युवक द्वारा छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज करायी गई है। घटना के बाद से युवक फरार है। घटना चक्रधर नगर थाना क्षेत्र की है। इस संबंध में पीड़ित युवती ने बताया कि रविवार की सुबह करीबन 11 बजे अपने घर के गाय को पास के जंगल में चराने के लिए गयी थी कि वहां अकेली पाकर एक लड़का बेईज्जती करने के नियत से हाथ बांह पकड़ने लगा। तब शोर मचाई तो आवाज सुनकर ग्राम आमापाल डीपापारा का डमरू चौहान आकर उस लड़के को डांट फटकार किया तो वह लड़का भागा। डमरू चौहान बताया कि छेड़छाड़ करने वाला लड़का आमापाल का बाला चौहान है। घर जाकर युवती अपने घरवालों को घटना के बारे में बताई और थाना जाकर रिपोर्ट दर्ज करायी। युवती के रिपोर्ट पर आरोपी बाला चौहान के खिलाफ धारा 354, 354(ख) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

### वार्ड नंबर 12 की पार्षद स्वाति सिंह ने सैनिटाइजर का छिड़काव किया



**अकलतरा।** अकलतरा के वार्ड नंबर 12 की पार्षद स्वाति आलोक सिंह के द्वारा सैनिटाइजर का छिड़काव किया गया इस बढ़ती महामारी कोरोना वायरस के रोकथाम के लिए वार्ड में लगातार पर्सांद द्वारा सैनिटाइजर का छिड़काव किया जा रहा है कोरोना वायरस को निजात पाने के लिए वार्ड की गलियों पर भी सन्नाटा पसरा हुआ है ऐसे ही सहर में सैनिटाइजर का छिड़काव किया गया और वार्ड वासियों को भी समझाइश दी गई कि ज्यादा से ज्यादा अपने घर पर ही रहे बहुत जरूरी काम है तभी घर से बाहर निकले जब घर से बाहर निकले तो मुंह पर मास्क लगाकर ही घर से बाहर निकले सैनिटाइजर छिड़काव के दौरान स्माइल खान,आलोक सिंह व वार्ड वासियों का योगदान रहा।

# कोरोना संक्रमित मरीजों के मृत्यु प्रकरणों की केश हिस्ट्री प्रस्तुत करें : कलेक्टर

- कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए महंगें इंजेक्शन रेडक्रास के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह ने सोमवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आयोजित बैठक जिले में कोरोना महामारी से संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए ऑक्सीजन सुविधायुक्त बेड की उपलब्धता और ऑक्सीजन आपूर्ति तथा सिलेण्डरों की रिफिलिंग किए जाने के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तथा मेडिकल कालेज के डॉक्टरों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कोविड अस्पतालों में मरीजों के मृत्यु प्रकरणों की केश हिस्ट्री तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा। जिससे मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता चल सके। जैसे मरीजों को पूर्व से कोई गंभीर बीमारी, कोरोना के प्रारंभिक लक्षणों को मरीज द्वारा अनदेखी करने और देरी से जांच कराने, पॉजिटिव आने के बाद अस्पताल पहुंचने में देरी अथवा मरीजों को अस्पताल पहुंचाने के लिए ट्रान्पोर्टेशन (वाहन की व्यवस्था) न होने या ऑक्सीजन सुविधा उपलब्ध न होने जैसे महत्वपूर्ण तथ्यों का पता लगाया जा सके और मृतक द्वारा की जाने वाली लापरवाही के बारे में उसके परिवार एवं आम नागरिकों को जानकारी हो सके कि कोरोना बीमारी में लापरवाही कितना घातक हो सकता है। उन्होंने जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों के मृत्यु वाले प्रकरणों की ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों का विकासखण्डवार पृथक-पृथक जानकारी तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डेथ रेट (मृत्यु दर)में कमी लाना बहुत आवश्यक है।

300 से अधिक भरे हुए ऑक्सीजन सिलेण्डर उपलब्ध

कलेक्टर सिंह ने कहा कि ऑक्सीजन की आवश्यकता वाले किसी भी मरीज को होम आईसोलेशन की अनुमति नहीं दी जाए और सभी कोविड अस्पतालों में ऑक्सीजन सिलेण्डरों की उपलब्धता, उपयोग एवं खाली सिलेण्डरों की रिफिलिंग के लिए ड्रिस्टिक ऑक्सीजन कमेटी का गठन करने के निर्देश दिए। मेडिकल कालेज के आईसीयू प्रभारी डॉ. लकड़ा ने बताया कि वर्तमान में 300 से अधिक भरे हुए ऑक्सीजन सिलेण्डर उपलब्ध है।

#### आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश

कलेक्टर भीम सिंह ने ड्रग इंसपेक्टरों को दवाई दुकानों में बिक्री होने वाले मास्क, चिकित्सा उपकरण तथा दवाईयों की नियमित जांच करने और दुकानों में अमानक स्तर की मेडिकल सामग्री पाए जाने पर इन दुकानों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ऋचा प्रकाश चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी, आईसीयू प्रभारी डॉ.लकड़ा सहित स्वास्थ्य विभाग एवं मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स उपस्थित थे।

## माजदा व ट्रक से डेढ़ लाख का कबाड़ पकड़ाया

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पूंजीपथरा पुलिस द्वारा एक बार फिर स्क्रैप के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करते हुए सोमवार को माजदा एवं ट्रक में लोड 8.5 टन कबाड़ पकड़ा गया है। जिसकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए है। एसपी रायगढ़ संतोष कुमार सिंह द्वारा पूंजीपथरा टीआई को अवैध कबाड़ कहां से निकली, कहां जा रही थी। इसकी भी जांच कर संबंधितों पर भी वैधानिक कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नवपदस्थ थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक मनीष नागर को सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली कि रायगढ़ से माजदा 407 एवं एक ट्रक में कबाड़ लोड होकर पूंजीपथरा की ओर निकली है, सूचना पर टीआई मनीष नागर के नेतृत्व में पूंजीपथरा थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक गिरधारी साव हमराह स्टाफ आरक्षक धर्मेन्द्र ठाकुर, विनोद शर्मा, विद्याधर सिदार सुबह करीब नौ बजे पूंजीपथरा बस्ती जाने वाले मार्ग पर नाकेबंदी कर रायगढ़ से आ रहे टाटा माजदा वाहन व ट्रक जिसमें स्क्रैप, मशीनरी पार्ट्स, लोहे के टुकड़े रखे हुए थे। पुलिस पार्टी द्वारा वाहन चालकों से वाहन एवं माल के कागजात पेश करने को कहने पर दोनों चालक वाहन का आर.सी. बुक, फिटनेस, बीमा रसीद, ड्राइविंग लाइसेंस पेश किया गया, लेकिन वाहन में लोड स्क्रैप के संबंध में कोई कागजात पेश नहीं कर पाए।

वाहन जांच में टाटा माजदा 407 वाहन क्र. सीजी 13 ए/ 2294 में 3.5 स्क्रैप मशीनरी पार्ट्स कीमती 15,000 का वाहन चालक रतन झा पिता स्वर्गीय राम नारायण झा 51 वर्ष निवासी सांगीताराई चौकी जूटमिल थाना कोतवाली रायगढ़ से जप्त किया गया है। ट्रक टाटा कंपनी का वाहन क्र. सीजी 13 एल /3295 में लोड 5 टन स्क्रैप टुकड़ा लोहे का मशीनरी पार्ट्स कीमती करीब 1,25,000 वाहन चालक नसीब कुमार साहू पिता बलराम साहू उम्र 33 वर्ष निवासी नेतनागर चौकी जूटमिल थाना कोतवाली से जप्त किया गया है।

## दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर भाजपा का चल रहा मंडल स्तरीय वेबीनार

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर मंडल स्तरीय वेबीनार का श्रृंखलाबद्ध आयोजन किया जा रहा है,इसी श्रृंखला में 28 सितंबर को जांजगीर नगर मंडल का वेबीनार संपन्न हुआ, जिसमें कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता जांजगीर चांपा विधायक नारायण चंदेल रहे, कार्यक्रम का संचालन नगर मंडल महामंत्री अमित यादव प्रदीप सोनी एवं पलाश चंदेल ने करते हुए दीनदयाल जयंती पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी, तथा जांजगीर-चांपा जिले में जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के मार्गदर्शन में सभी मंडलों में यह मंडल स्तरीय वेबिनार संपन्न होगा, 27 सितंबर को पामगढ़ मंडल का वेबीनार संपन्न हुआ जिसमें मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत तिवारी,जिला मंत्री धीरेंद्रनाथ योगी के मार्गदर्शन में विस्तारपूर्वक वक्ताओं ने जानकारी दी, उल्लेखित हो कि 25 सितंबर को अजातशत्रु पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार मंडल स्तर पर वेबीनार का आयोजन कर लोगों को कोरोनाकाल में घर पर रहकर ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए उनके बताए मार्गो पर चलने का आग्रह किया जा रहा है।

## इंटरनेट सेवा रुला रही मोबाइल उपभोक्ताओं को कंपनी की उदासीनता से नहीं सुधर पा रही सेवा

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



शक्ति शहर में विगत एक लंबे समय से रिलायंस जिओ कंपनी की मोबाइल इंटरनेट सेवा की बदतर स्थिति से मोबाइल उपभोक्ता बेहद परेशान है, तथा जिओ कंपनी के दिन प्रतिदिन बढ़ते उपभोक्ताओं को देखते हुए कंपनी द्वारा अपने सिस्टम को और अधिक विस्तारित न करने के चलते जिओ की सेवाएं बदतर होती जा रही है ऐसा लोगों का मानना है, किंतु तकनीकी रूप से जियो की सेवाओं में आखिर क्यों बाधा आ रही है यह तो कंपनी ही जानती है, किंतु विगत कई महीनों से रिलायंस जिओ कंपनी के उपभोक्ता इस बात को तथा अपनी पीड़ा को व्यक्त कर रहे हैं, किंतु ना जाने क्यों मोबाइल उपभोक्ताओं की सुनने वाला कोई नहीं है तथा शक्ति शहर की मानें तो बुधवारी बाजार क्षेत्र, स्टेशन रोड एवं कई ऐसे मोहल्ले हैं जहां रिलायंस जिओ कंपनी की सेवाएं आए दिन बाधित रहती हैं, तथा घरों के अंदर तो जिओ कंपनी का नेटवर्क काम ही नहीं करता एवं लोगों को छतों के ऊपर जाकर बात करना पड़ता है तथा इंटरनेट का उपयोग करना पड़ता है, सूत्रों की मानें तो शक्ति शहर में ही अकेले रिलायंस जिओ कंपनी के हजारों की संख्या में मोबाइल उपभोक्ता हैं तथा औसत में देखा जाए तो जिओ कंपनी ने शहर के अंदर अपने तकनीकी रूप से सिस्टम को उतना अधिक विस्तारित नहीं किया है तथा विगत वर्षों प्रदेश की तत्कालीन डॉ रमन सिंह की सरकार ने शक्ति अंचल में ही हजारों की संख्या में लोगों को मोबाइल वितरण किया तथा इन मोबाइलों में जिओ कंपनी की सिम लगी हुई थी तथा लोगों का मानना है कि उन मोबाइलों में आज भी लगभग 60 से 70त्न मोबाइल एवं उनके सिम उपयोग में आ रहे हैं, तो आखिर में कहीं न कहीं कंपनी के बढ़ते ग्राहकों की संख्या को देखते हुए कंपनी को इसकी चिंता करनी चाहिए किंतु ना जाने क्यों रिलायंस जिओ कंपनी के शहर सहित अंचल में कोई भी स्थाई रूप से तकनीकी अधिकारी मौजूद ना होने का पाने के कारण लोग आखिर में अपनी समस्याएं बताएं।

## कोरोनाकाल को देखते हुए सुरक्षा के साथ जयंती मनाना होगा : मुकेश

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

पूरे विश्व में जहां अग्रवाल समाज के कुल प्रवर्तक श्री श्री 1008 श्री भगवान श्री अग्रसेन जी की जयंती के पर्व को प्रति वर्ष समाज बंधुओं द्वारा तथा समाज के सभी वर्ग के लोगों द्वारा हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया जाता है, किंतु इस वर्ष मार्च 2020 के बाद से निरंतर चल रही कोरोना काल की वैश्विक महामारी तथा भयावह स्थिति को देखते हुए पूरे देश के विभिन्न स्थानों से इस जयंती पर्व जो कि आगामी 17 अक्टूबर को नवरात्रि पर्व के शुभारंभ दिवस मनाई जानी है, इसे लेकर अग्रवाल समाज के वरिष्ठ जनों के अलग-अलग वक्तव्य हैं, अग्रसेन सेवा संघ रायगढ़ के अध्यक्ष मुकेश मित्तल कलानोरिया ने जहां समस्त अग्रवाल बंधुओं से आग्रह करते हुए अपने सुझाव दिए हैं कि हम सभी को 17 अक्टूबर को होने वाले अग्रसेन जयंती के इस सामाजिक महापर्व को घरों में रहकर ही मनाये, इस दिन हम सभी अपने घरों में अग्रकुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन जी की पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण करें, तथा संध्या समय घरों के बाहर दीपों की रोशनी करें एवं प्रत्येक शहरों एवं ग्रामीण इलाकों में जहां अग्रवाल परिवार निवास करते हैं वहां एक स्थान पर या समाज के स्थापित अग्रसेन भवन या कि अन्य भवनों में शासन के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए एवं आवश्यक सोशल डिस्टेंसिंग के अनुरूप न्यूनतम संख्या में एकत्रित होकर भगवान अग्रसेन जी के चित्र पर पूजा अर्चना कर ही इस जयंती पर्व को संपन्न कराएं।

## पुलिस ने पकड़ा तीन ट्रकों में लोड 141 टन स्पंज आयरन

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर द्वारा जिले में कोयले एवं बहुमूल्य खनिजों के अवैध रूप से परिवहन एवं संग्रहण पर कार्यवाही करने के निर्देशों पर एसपी रायगढ़ संतोष कुमार सिंह द्वारा सारंगढ़ क्षेत्र में अवैध रूप से परिवहन होते स्पंज आयरन ट्रकों पर थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक आशीष वासनिक से कार्रवाई करायी गई है। थाना प्रभारी सारंगढ़ को पुलिस अधीक्षक रायगढ़ की ओर से सारंगढ़-रायगढ़ मार्ग पर वैध परमीट वाहनों के साथ कुछ वाहनें अवैध रूप से खनिजों के परिवहन में लगे हैं। ऐसे इनपुट मिले थे जिस पर निगाह रखने टीआई आशीष वासनिक द्वारा मुखबिर एवं स्टाफ को निर्देशित किया गया था। सोमवार की दोपहर थाना प्रभारी सारंगढ़ अपने स्टाफ के साथ भारतमाता चौक पर वाहनों की चेकिंग में लगे थे। उसी दरम्यान मुखबिर द्वारा तीन ट्रकों को सारंगढ़ के रास्ते भोपाल की ओर जाने की सूचना दिया गया। जिस पर थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ भारत माता चौक सारंगढ़ में स्टाफ को एलर्ट कर वाहनों के आने का इंतजार किए। दोपहर करीब दो बजे सीजी 09 नम्बर की तीन ट्रकों को भारतमाता चौक के पास रोका गया। ट्रक क्र. सीजी 09 जेएच-9955 में 46 टन स्पंज आयरन कीमत 08.74 लाख, ट्रक क्र. सीजी 09 जेएच- 0461 में 47 टन स्पंज आयरन कीमत 08.93 लाख, ट्रक क्र. सीजी 09-जेजी 7755 में 48 टन स्पंज आयरन कीमत 09.12 लाख रुपए लोड था।

## खड़ी गाड़ियों में बैटरी चोरी करने वाले अपचारी बालक व युवक गिरफ्तार

- दोनों से चोरी की तीन नग बैटरी बरामद, भूपदेवपुर पुलिस की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कुछ दिन पूर्व तमनार क्षेत्र में खड़ी ट्रेलर वाहनों से डीजल, बैटरी चोरी करने वालों पर कार्रवाई के बाद भूपदेवपुर पुलिस द्वारा भी बैटरी चोरी के मामले में युवक तथा उसके साथी अपचारी बालक को गिरफ्तार किया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना भूपदेवपुर में रविवार को रिपोर्टकर्ता ओम सिंह पिता भजुराम एवं प्रदीप सिंह पिता राजेन्द्र सिंह निवासी जगतपुर रायगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22-23 सितंबर की दरम्यानी रात तथा 26-27 सितंबर की दरम्यानी रात ग्राम नहरपाली प्रदीप पेट्रोल पंप के पास खडी ट्रेलर एवं हाईवा वाहन में लगे 02-02 नग बैटरी 12-12 वोल्ट का अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर लिया गया है।

रिपोर्ट पर धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया। अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के लिए थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक उत्तम साहू द्वारा थाने के एएसआई डीपी चौहान, आरक्षक मुरली मनोहर पटेल, जक्शन बघेल को माल मुल्जिम के शीघ्र पतासाजी के निर्देशित किए। पतासाजी दौरान भूपदेवपुर स्टाफ द्वारा संदेही प्रेमशंकर साहू एवं अपचारी बालक को बारीकी से पूछताछ करने पर दोनों अपने साथी बलराम वासुदेव ग्राम सेंद्रीपाली के साथ मिलकर प्रदीप पेट्रोल पंप के पास खड़ी ट्रेलर एवं हाइवा वाहन से बैटरी चोरी करना स्वीकार किए। इनके मेमोरण्डम, निशांदेही पर चोरी की मशरूका तीन नग बैटरी 12-12 वोल्ट का जुमला कीमती 20,400 रुपए को जप्त किया गया है। आरोपी प्रेमशंकर ऊर्फ नुंदरू पिता भगवानो साहू उम्र 30 वर्ष निवासी सेंद्रीपाली थाना खरसिया व एक अपचारी बालक को सोमवार को सक्षम न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में एक आरोपी बलराम वासुदेव ग्राम सेंद्रीपाली फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है।

## एसडीएम एवं नगरपालिका के प्रयासों से लॉकडाउन का सख्ती से पालन हुआ

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति अनुविभाग के नव पदस्थ एसडीएम बीएस मरकाम के मार्गदर्शन में एवं नायब तहसीलदार शिवकुमार डनसेना के दिशा निर्देश में शक्ति शहर में लॉक डाउन का सख्ती से पालन हो रहा है, तथा शहर के चारों प्रमुख मार्गो अग्रसेन चौक से बाराद्वार रोड, अग्रसेन चौक से मालखरौदा बस स्टैंड होते हुए टेमर रोड, अग्रसेन चौक से कसेर पारा होते हुए खरसिया मार्ग एवं बुधवारी बाजार से कोरबा रोड सोसायटी चौक जाने वाले मार्ग में तथा अग्रसेन चौक में भी लॉकडाउन के चलते आवश्यक बैरिकेटीग की गई है। साथ ही एसडीएम बीएस मरकाम एवं नायब तहसीलदार शिवकुमार डनसेना सहित पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी भी निरंतर पूरे शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में लॉकडाउन की मानिटरिंग करते हुए लोगों को इसका पालन करने हिदायत दे रहे हैं, वही लॉकडाउन के दौरान शहर के बेरीकेटिंग स्थल पर भी शिक्षा विभाग एवं पंचायत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो कि शिफ्ट अनुसार तत्परता के साथ अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं, तो वही स्थानीय नगर पालिका प्रशासन भी नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी जफर खान के नेतृत्व में पूरी तत्परता के साथ शहर के सभी वार्डो में साफ-सफाई के कार्य एवं सैनिटाइजिंग के कार्य को गति दे रही है, एवं स्वच्छता दीदियों द्वारा भी डोर टू डोर कचरा एकत्रित कर निर्धारित स्थल पर फेंका जा रहा है,एवम वर्तमान में जिला प्रशासन के दिशा निर्देशानुसार होम आइसोलेशन में रहे रहे कोरोना संक्रमित लोगों की भी समय-समय पर जानकारी प्रशासन द्वारा बनाई गई टीम के अधिकारी कर्मचारी ले रहे हैं,एवं समय-समय पर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं, स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी वर्तमान में कोरोनाकाल मे जहां पूरी सजगता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं तथा शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम के अंदर स्थित परशुराम सांस्कृतिक भवन के परिसर में भी नियमित रूप से कोरोना टेस्ट स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ अनिल कुमार चौधरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग का अमला विगत मार्च 2020 के बाद से निरंतर सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है।

## पेज 1 के शेष...

### 11 राज्यों की 56 विधानसभा ...

अक्टूबर को जारी होगी। जहां तीन नवम्बर को मतदान होगा, वहां नामांकन की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर है और नामांकन पत्रों की जांच 17 अक्टूबर को होगी तथा नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 19 अक्टूबर है। जहां सात नवम्बर को मतदान होगा, उसके लिए अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर है। नामांकन पत्रों की जांच 21 अक्टूबर होगी तथा नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 23 अक्टूबर है। मतगणना 10 नवम्बर को होगी। चुनाव की घोषणा के साथ ही सभी राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गयी है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड ...

चार मंजिला एसटीपी शुरू हो चुका है। अगले वर्ष हरिद्वार कुम्भ मेले में श्रद्धालु गंगा की निर्मलता का अनुभव लेंगे। सैकड़ों घाटों का सौंदर्यीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि साथ ही रिवर फ्रंट भी बनकर तैयार है। गंगा म्यूजियम से हरिद्वार आने वाले लोग गंगा से जुड़ी विरासत को समझ पाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि गंगा के निकटवर्ती पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण पर ध्यान दिया जा रहा है। यहां जैविक खेती और औषधीय पौधों की खेती की योजना है। आर्गेनिक फार्मिंग कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। मिशन डॉल्फिन से डॉल्फिन संवर्धन में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पानी की महत्ता को माता-बहनों से अधिक कौन समझ सकता है। हमने जल से जुड़े मंत्रालयों को एक कर जलशक्ति मंत्रालय का गठन किया। जल जीवन मिशन के तहत हर घर को नल से जल का लक्ष्य लिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार एक कदम और आगे बढ़ी है। उन्होंने केवल एक रूपए में पानी का कनेक्शन देने का बीड़ा उठाया है। वर्ष 2022 तक हर घर नल से जल देने का लक्ष्य रखा गया है। उत्तराखण्ड में कोरोना काल में भी पिछले 4-5 माह में 50 हजार परिवारों को पानी का कनेक्शन दिया गया है जो कि उत्तराखण्ड सरकार के संकल्प को दर्शाता है।

### अधिकारी एक सप्ताह ...

किया गया है, उनके संबंध में उचित कार्यवाही कर एक सप्ताह के अंदर जानकारी भेजें। उन्होंने मरवाही ग्राम पंचायत को नगर पंचायत बनाने की प्रक्रिया में संवैधानिक प्रावधानों का पालन करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के सचिव से कहा कि जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक की सूचना उन्हें अवश्य दी जाए, ताकि आदिवासियों के कल्याण संबंधी बिन्दु एजेण्डा में शामिल कराया जा सके। इसके साथ ही इन बैठकों में आदिवासियों के संबंध में शामिल किए गए नीतिगत विषयों की जानकारी भी दी जाए। बैठक में राज्यपाल के सचिव सोनमणि बोरा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के सचिव डी.डी. सिंह, नगरीय प्रशासन विभाग के अपर संचालक सोमिल चौबे और राज्यपाल के विधिक सलाहकार आर.के. अग्रवाल उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने कोरोना जागरूकता प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने कलेक्टर कार्यालय से कोरोना जागरूकता प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रथ शहर के सभी ईलाकों में जाकर कोरोना महामारी से बचाव के लिए किए जाने वाले सुरक्षात्मक उपायों जैसे होम आईसोलेशन में पल्स ऑक्सीमीटर का उपयोग कैसे करें, वाक टेस्ट, टेम्प्रेचर रीडिंग करना आदि की जानकारी देगा। इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा कोरोना मरीजों की सुविधा के लिए स्थापित होम आईसोलेशन कंट्रोल रूम तथा आपातकालीन स्थिति के लिए जारी फोन नंबर की जानकारी देगा। साथ ही सभी गली-मोहगों में तीन मूविंग एंड रिक्शा एवं पाम्पलेट के माध्यम से कोरोना से बचाव के लिए लोगों को सोशल डिस्टेसिंग, मास्क पहनना, हाथों की नियमित धुलाई एवं सेनेटाईजर प्रयोग करने संबंधी जानकारी के बारे में भी बताया जाएगा। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत ऋचा प्रकाश चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।



कार्यालय नगर पालिक निगम
(जोन -4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक
-: संशोधित ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्र.क्र. 130, 2019-2020
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड 45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **स्वामी विवेकानंद सदर बाजार 45** वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/94** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमति 1. अनिता वासवानी पति श्री राजेश वासवानी 2. ज्योति वासवानी पति कैलाश वासवानी 3. कविता वासवानी पति गुरदास** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री 1. अनिता वासवानी पति श्री राजेश 2. श्रीमति ज्योति वासवानी पति श्री कैलाश वासवानी** ने दान पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 03 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम
(जोन -4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक
-: संशोधित ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्र.क्र. 131, 2019-2020
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड 45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **स्वामी विवेकानंद सदर बाजार 45** वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/101** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमति 1. हेमंत कुमार सेठिया पिता स्व. पुखराज सेठिया 2. प्रदीप कुमार सेठिया पिता स्व. पुखराज सेठिया** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री 1. राजेश वासवानी पिता घनश्याम दास 2. अनिता वासवानी पति राजेश वासवानी 3. कैलाश वासवानी पिता घनश्याम दास 4. ज्योति वासवानी पति कैलाश** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानामा/रजिस्ट्री/ के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 03 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## क्विक न्यूज

### जिले की मदिरा दुकानें 1 से 2 अक्टूबर तक बंद

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय ने आदेश जारी कर कहा है कि कार्यालय आबकारी आयुकत छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र के तहत् जारी वर्ष 2020-21 के लिए देशी, विदेशी मदिरा की फु टकर दुकानों का अबकारी नीति के अंतर्गत व्यवस्थापन नियम एवं अन्य बिन्दुओं पर शासन के निर्देश के बिन्दु क्रमांक 13 के अंतर्गत के अनुसार ''गांधी जयंती'' 02 अक्टूबर 2020 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

### 25 हजार की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत एक विपत्तिग्रस्त परिवार को 25 हजार रूपये की आर्थिक अनुदान सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत कवर्धा तहसील के ग्राम घुघरीकला निवासी कैलाश राजपूत धान मंडी कवर्धा से धान खाली कर घर वापस आते वक्त खुटू कवर्धा से घुघरी मार्ग में राईसमिल के समीप ट्रेक्टर का ट्राली पलट जाने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त दया सिंह को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

# संस्कार भारती छत्तीसगढ़ की साधारण सभा की ऑनलाइन बैठक

■ **'संस्कार भारती में पद नहीं दायित्व होता हैं' बांकेलाल गौड़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष**

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कला एवं साहित्य के लिए समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की छत्तीसगढ़ प्रांत की दो दिवसीय 19 वीं साधारण सभा की ऑनलाइन बैठक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बांकेलाल गौड़ आगरा, क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रमोद झा भोपाल, मध्य क्षेत्र प्रमुख श्रीपाद जोशी उज्जैन एवं प्रांतीय अध्यक्ष अशोक चन्द्राकर रायपुर की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में पूरे प्रांत की 14 परिपूर्ण इकाईयों से अध्यक्ष मंत्री, कोषप्रमुख और मातृशक्ति प्रमुख, 17 संपर्कित इकाइयों के संयोजकों एवं प्रांतीय पदाधिकारियो ने हिस्सा लिया।

शनिवार सायं 6 बजे बैठक के प्रथम सत्र की शुरुआत परंपरा अनुसार संस्कार भारती के ध्येय गीत से हुई, जिसका गायन प्रांतीय महामंत्री हेमन्त माहुलीकर ने किया। तदुपरांत प्रांतीय सहमहामंत्री जागेश्वर मानसर ने पिछले वर्ष की कार्यवाही का वाचन किया।

अगले क्रम में प्रांतीय महामंत्री हेमन्त माहुलीकर ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रांतीय आई टी सेल प्रमुख रामेश्वर केवट ने कोरोना काल में ऑनलाइन माध्यम से हुए कार्यक्रमों की तकनीकी जानकारी दी, साथ ही आगामी समय मे संस्कार भारती के प्रांतीय इकाई के विभिन्न आयोजनों, सूचनाओं एवं जानकारियों को ट्विटर, इंस्टाग्राम एवं स्वतंत्र वेबसाइट के माध्यम से लोगों तक सुगमतापूर्वक पहुँचाने की बात कही। प्रांतीय साहित्य विधा प्रमुख विश्वनाथ कश्यप ने संगठनात्मक वक्तव्य में संगठन को आगे बढ़ाने, कार्यकर्ताओ को निःस्वार्थ भावना से कार्य करने संबंधी प्रेरक बातों का जिक्र किया। प्रथम सत्र के अंतिम उद्बोधन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बांकेलाल गौड़ ने संस्कार भारती छत्तीसगढ़ प्रांत की प्रशंसा करते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ता पूरी लगन, मेहनत और



ईमानदारी से कार्य कर रहे है, उन्होंने कहा कि 'संस्कार भारती में कार्यकर्ताओं को पद नही दायित्व दिया जाता है', जिसका निर्वहन कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी से करते हैं। उन्होंने संस्कार भारती के विभिन्न पहलुओं पर भी प्रकाश डाला, एवं उपस्थित सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ाया।

27 सितंबर रविवार द्वितीय दिवस में साधारण सभा के दूसरे सत्र की शुरुआत प्रातरू 10 बजे बिलासपुर इकाई के मंत्री बालमुकुंद श्रीवास द्वारा प्रस्तुत ध्येय गीत से हुई। तदुपरांत इकाइयों के अध्यक्ष, मंत्री, कोषप्रमुख एवं मातृशक्ति प्रमुखों की अलग-अलग ऑनलाइन बैठकों में आवश्यक जानकारियों एवं सूचनाओं का आदान प्रदान किया गया। 11.45 को तृतीय सत्र में ध्येय गीत दुर्ग-भिलाई इकाई से श्रीमती शीला लाकुड़कर जी ने प्रस्तुत किया।

इस सत्र में बिलासपुर, कटघोरा, कोरबा -पश्चिम, दुर्ग -भिलाई, छुरी, अम्बिकापुर, रतनपुर, पाली, कांकेर एवं कटघोरा के मंत्रीयो ने एवं बलौदाबाजार के संयोजक ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। भोजनावकाश के उपरांत 3.30 से चतुर्थ एवं अंतिम सत्र की शुरुआत कोरबा -पश्चिम के अरुण दास वैष्णव द्वारा प्रस्तुत ध्येय गीत से हुई। इसके पश्चात प्रांतीय मातृशक्ति प्रमुख सुश्री रजनी बाजपेयी ने इकाइयों की मातृशक्ति प्रमुखों की बैठक का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, इकाइयो के अध्यक्षों का प्रतिवेदन प्रांतीय संगठन मंत्री अनिल जोशी ने, प्रांतीय सहकोषप्रमुख रूपेश अग्रवाल ने कोष प्रमुखों की बैठक का प्रतिवेदन और सहमहामंत्री जागेश्वर मानसर ने सभी इकाइयों के मंत्रियों की बैठक का प्रतिवेदन सबके सम्मुख रखा। क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री प्रमोद झा भोपाल ने अपने प्रेरक उद्बोधन के माध्यम से संगठन को मजबूत बनाने एवं विस्तार देने संबंधी कुछ प्रमुख बिंदुओं पर अपनी बात रखी। क्षेत्र प्रमुख श्री श्रीपद जोशी उज्जैन ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज संस्कार भारती देश मे एक सशक्त संगठन के रूप में खड़ा हुआ है, जिसका श्रेय निश्चित रूप से कार्यकर्ताओं को जाता है, जो पिछले कई वर्षों से संगठन के साथ जुड़कर इसके संरक्षण, संवर्धन एवं विस्तार देने कड़ी मेहनत कर रहे है।

उन्होंने कार्यकर्ताओ को आत्मावलोकन एवं आत्मचिंतन करने की बात भी कही। भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की गिरावट से सबको आगाह करते हुए आव्हान किया कि संस्कार भारती के 6 कार्यक्रमों के एवं कला साधकों के माध्यम से सांस्कृतिक प्रदूषण के खिलाफहमको तैयार होना पड़ेगा।

## बीईओ एवं एबीईओ द्वारा किया गया लाउडस्पीकर ऑफलाइन क्लास का किया औचक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

कोरोना महामारी के कारण जहां बच्चों, की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है, वही प्राशा सल्फीपदर ( लंजोड़ा) में नवाचार वैकल्पिक शिक्षा व्यवस्था लाउडस्पीकर आफलाइन क्लास चालू है। जिसे बीईओ केआर सिन्हा एवं एबीईओ एसआर देवांगन द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षक देव कुमार जगत द्वारा अध्यापन कार्य में उपयोग किए जाने वाले स्थानीय शिक्षण सामाग्रीयों को देखकर काफी प्रभावित हुए जिससे बच्चे आसानी से सीख रहे हैं उन्होंने बच्चों से कहानी वाचन एवं पहाड़ा, मौखिक प्रश्न उ साथ ही इस दौरान बच्चो को छिन्द का आकर्षक व सुंदर गुलदस्ता बनाते देख इसे बनाने की विधि के बारे में जानकारी ली।

**जिला स्तरीय कार्यक्रमों में बच्चों द्वारा बनाए गए छिन्द का गुलदस्ता की मांग** - बता दें कि पूर्व कलक्टर नीलकंठ टेकाम द्वारा ग्राम सल्फीपदर के कार्यक्रम में बच्चों द्वारा बनाए गए छिन्द का गुलदस्ता को देखकर बहुत प्रभावित हुए थे।

उन्होंने बच्चों से बातें की और अपने जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए बच्चों द्वारा बनाए गए छिन्द का 100 नग गुलदस्ता आर्डर भी करवाये थे। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के जनपद सदस्य रेखा नेताम, सरपंच अनिता नेताम, सचिव लक्ष्मण बघेल वार्ड पंच सुखराम नेताम, मीना नेताम, अनेश नेताम, सी ए सी सनत मरकाम शिक्षिका सुरेखा सिंह, एस एम सी अध्यक्ष बिसरूराम नेताम, सुखनाथ नेताम, पंचम सिंह नेताम, मनी नेताम उपस्थित रहे।

## होम आइसोलेशन में रह रहे मरीज के मकानों को किया जा रहा है चिन्हित

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



कोरोना संक्रमित व्यक्तियों के कांटेक्ट ट्रेसिंग एवं होम आइसोलेशन में रह रहे पॉजिटिव मरीजों के घर स्टीकर चस्पा करने कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे से प्राप्त निर्देश के तहत नगर पालिक निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए समस्त जोन आयुक्तों को निर्देश दिए हैं! निर्देशानुसार होम आइसोलेशन में रह रहे कोरोना पॉजिटिव वाले व्यक्तियों के मकानों को चिन्हित करने का कार्य शुरू कर दिया है। निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त कर्मचारी घरों के दरवाजे या दीवारों पर लाल रंग के स्टीकर चस्पा कर होम आइसोलेशन में रह रहे कोविड-19 के पॉजिटिव मरीजों की संख्या सहित अन्य जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। जिससे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को मानिटरिंग करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नही होगी। स्टीकर लगाने संबंधी कार्य के लिए स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक एवं निगम के राजस्व विभाग की टीम को प्रशिक्षण दिया जा चुका है! लक्षण युक्त मरीज, गंभीर मरीज और बिना लक्षण वाले मरीजों को वर्ग बार अलग कर सूचीबद्ध करते हुए रिपोर्ट तैयार की जा रही है! मरीज के संपर्क में आए हुए हाई रिस्क कांटेक्ट एवं लो रिस्क प्राइमरी कांटेक्ट के बारे में भी जानकारी एकत्रित की जा रही है! कांटेक्ट ट्रेसिंग के तहत कांटेक्ट में आए हुए लक्षण वाले व्यक्ति का कोरोना जांच किया जाएगा।

## किसानों को आत्मनिर्भर बनाने, मोदी सरकार के कृषि बिल का स्वागत : बालसिंह बघेल

पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिला पंचायत सदस्य बालसिंह बघेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा सरकार के देश हित में एक-एक कर सभी मुद्दों को लेकर आगे बढ़ रही है। जिससे भारत की आय में जनता का सीधा संबंध रहा है, जैसे कि, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान पेंशन योजना, आदि आज एक और बड़ा फैसला किसानों के हित में सरकार ने किया है। इस बिल का मैं, स्वागत करता हूं, अब किसान मंडी से बाहर अपनी फसल भी बेच सकता है, मैं किसान हूं, और मैंने देखा है, जब किसान फसल लेकर मंडी जाता है ,लंबी लाइन इंतजार करना पड़ता है ,कि, बिजौली कब



आएंगे और कीमत बिजौली तय करके, सारा खर्च कटौती के पश्चात, किसान को फसल का अनुचित कीमत देता है जिससे अब किसान फसल का कीमत स्वयं तय करेगा।

नए कृषि बिल का सभी किसान भाइयों को स्वागत करना चाहिए, नई अधिनियम में किसानों को मंडी से बाहर कहीं भी अपनी फसल की उचित कीमत ,बिक्री की आजादी, दी गई है ,किसानों को अनुबंध कृषि का प्रावधान मिला है, जिससे किसान की फसल का उचित दाम मिलेगा। अधिक मूल्य किसानों को प्राप्त होगा। किसान अत्याधुनिक कृषि तकनीकी की अपने कृषि कार्य में उपयोग करने में सक्षम होंगे।

इस बिल के पास होने से ,किसान अपनी फसल खरीदी के 3 दिन के भीतर अपनी फसल की कीमत प्राप्त कर लेगा। अपनी मेहनत का कीमत उसे बिना किसी दिक्कत के प्राप्त होगा।कांग्रेस पार्टी के व विरोधी दल के लोग 7 जनता और किसानों को बिल की गलत जानकारी देकर ,अपना राजनीतिक फायदा उठाना चाह रही है। कल तक कांग्रेस पार्टी के लोग ,अपने ही घोषणा पत्र में ,जिन -जिन सुधारों का जिक्र कर रही थी। आज वह उन्हीं सुधारों का विरोध कर रही ह। पिछले कई दशकों तक कांग्रेस पार्टी का यही नीति रही।

## वेअर हाउस के 40 कर्मचारियों, 240 हमालों को मास्क वितरण किया



पायनियर संवाददाता ➤ कुरूद
www.dailypioneer.com

कोरोना के बढ़ते संक्रमण को मद्देनजर रखते हुए। वेअर हाउस भाटागांव कुरूद के प्रबंधक मोहनलाल मोकाती एवं नॉन के एम के कोष्टा द्वारा वहां कार्यरत 40 कर्मचारियों तथा 240 मजदूर हमालों को मास्क वितरण किया गया। साथ ही गोदामों में सेनेटाइज र का छिड़काव कर। कोरोना से बचाव के उपाय किए गए। उक्ताशय की जानकारी धन्नू सोनवानी ने प्रदान की।

## करंट की चपेट में आने से किसान की मौत, खेत में मिली सड़ी गली लाश

पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिला के फरसगांव ब्लाक में ग्राम पाण्डेआठगाव के एक किसान की उसी के खेत मे सड़ी गली लाश पड़ी मिली जिसकी मौत बिजली के करंट की चपेट में आने से हुई। मृतक किसान 17 सितम्बर की दोपहर से घर से निकला था जो घर नही आया था जिसकी 9 दिनों बाद 26 सितम्बर को उसी के खेत मे सड़ी गली लाश मिली है जिसकी मौत बिजली के करंट से होना प्रतीत हो रहा है।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी श्यामलाल नेताम पिता गांडा राम नेताम उम्र 25 वर्ष निवासी पाण्डेआठगाव ने फरसगांव थाने में 26 सितंबर को रिपोर्ट लिखा है कि उसके पिता गांडा राम 17 सितम्बर की दोपहर 03 बजे से घर से निकला था जो शाम तक घर वापस नहीं आने से परिजनों ने आसपास गांव में पता किया गया फिर भी पता नहीं चलने पर बाहर परिजनों से भी पता किया गया फिर भी उसकी जानकारी नहीं मिली। वहीं परिजनों द्वारा पतासाजी के दौरान जब 26 सितंबर को घर से लगभग 6 किलोमीटर दूर उसके गांव के खेत तरफ जाकर पतासाजी के दौरान मृतक गांडा राम की खेत के किनारे मृत अवस्था में सड़ी गली लाश मिली जहा एक बिजली के तार मृतक के ऊपर चिपका हुआ था तो दूसरा तार ऊपर बिजली के तार पर लटका हुआ था देखने से ऐसा लग रहा था कि बिजली तार जोड़ते समय बिजली करंट लगने से उसकी मौत हो गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा में लिया गया जहाँ घटनास्थल पर जाकर देखा गया घटनास्थल पर मृतक खेत के अंदर अवस्था में पडा हुआ था। जहा बिजली का एक तार ऊपर बिजली तार में लगा हुआ था तो दूसरा तार उसके शरीर में चिपका हुआ था इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह आने से मौत हो गई है। घटना स्थल पर बिजली विभाग के कर्मचारियों व परिजनों की उपस्तिथी जांच पंचनामा के बाद शव का पोस्मार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया गया।

## परशुराम चौक में तोड़फोड़ करने वालों को गिरफ्तार करने की मांग



**बेमेतरा।** सर्व ब्राह्मण समाज जिला बेमेतरा द्वारा थाना बेमेतरा में एक एफ आई आर लिखा कर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की गई उल्लेखनीय है कि कल रात कुछ अज्ञात तत्वों के द्वारा कलेक्टर निवास के सामने नगर के परशुराम चौक चौक में तोड़फोड़ की गई है जिसकी सर्व ब्राह्मण समाज जिला बेमेतरा के द्वारा निंदा की गई एवं आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आज सर्व ब्राह्मण समाज के उपप्रांताध्यक्ष लेखमणी पाण्डेय जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा मुख्य सलाहकार नंद किशोर पांडे गजानंद शर्मा राजा शर्मा जय पाण्डेय शिवम तिवारी आषिश शर्मा छब्बी महराज सतिश शर्मा रवि पाण्डेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल थाना बेमेतरा पहुंचकर परशुराम चौक में हुए तोड़फोड़ की रिपोर्ट दर्ज कराएं एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कीया उपप्रांताध्यक्ष लेखमणी पाण्डेय ने कहा कि सर्व ब्राह्मण समाज का नगर में शांति एवं सौहार्द्र बनाए रखने में मुख्य भुमिका रहता है हम किसी समाज या वर्ग विशेष के खिलाफ नही रहते लेकिन कुछ विध्वंसक तत्वों नें ब्राह्मणो को उकसानें का काम किया है।

## मंत्री के आश्वासन के बाद एनएचएम कर्मचारी संघ ने हड़ताल को स्थगित किया

पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन के पश्चात एनएचएम कर्मचारी संघ फरसगांव द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल को स्थगित कर दिया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं राज्य सभा सांसद फूलो देवी नेताम को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विकासखंड फरसगांव के एनएचएम कर्मचारियों द्वारा मीडिया, जनप्रतिनिधियों को सम्मानित करते हुए हड़ताल के दौरान सहयोग देने हेतु पुलिस प्रशासन, एवं सभी राजनीतिक पार्टियों सहित आमजनों का आभार प्रकट किया गया।

दरअसल अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर छग प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले राज्य के एनएचएम एवं सीजी एसएसीएस के कुल 13000 संविदा स्वास्थ्य कर्मी



दिनांक 19 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। दिनांक 26 सितंबर एवं दिनांक 27 सितंबर को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से प्रतिनिधिमंडल के चर्चा उपरांत मंत्री महोदय द्वारा जन घोषणा पत्र में किए गए नियमितीकरण के वादे को पूरा करते हुए राज्य के 13000 के सीएसीएस एवं एनएचएम कर्मचारियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू करने एवं हड़ताल अवधि के दौरान जिन कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्रवाई हुई है उसे शुन्य करते हुए कर्मचारियों को अपने कार्यालय में बिना शर्त उपस्थित दिए जाने की अनुमति देने की बात कही गई। इस मौके पर एनएचएम कर्मचारियों ने कहा कि संघ के राज्य स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के निर्देशानुसार उपरोक्त वर्णित सहमति के आधार पर मंत्री महोदय द्वारा नियमितीकरण के वादे पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की गई एवं साथ ही समस्त एनएचएम एवं सीजी एसएसीएस कर्मचारियों से अपील की गई कि करोना काल में राज्य की जनता के हित में देखते हुए हड़ताल स्थगित कर देवें। स्वास्थ्य मंत्री जी से हुई सकारात्मक चर्चा और उनके अपील एवं राज्य की जनता के हित को देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ दिनांक 27 सितंबर को आगामी तिथि तक के लिए हड़ताल स्थगित करता है।

**समस्त कार्यालय शासन द्वारा निर्धारित समयावधि में होंगे संचालित**

## जिले में व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन कल से होगी शुरू

■ **कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा आदेश जारी**

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जनमेजय महोबे ने आदेश जारी कर कहा है कि बालोद जिलें में कोरोना वायरस (कोविड-19) के व्यापक संक्रमण को देखते हुए कार्यालयीन आदेश के द्वारा 22 सितंबर 2020 से 30 सितंबर 2020 की मध्य रात्रि की अवधि के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत् सपूंर्ण बालोद जिला को कंटेनमेंट घोषित करते हुए व्यवसायिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया था। कोरोना (कोविड-19) के संक्रमण से बचाव/रोकथाम एवं संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने के लिए फिजिकल डिस्टेंसिंग, मास्क एवं समय-समय पर हाथ धोना/ सेनिटाईज करना अधिक कारगर है। अतः आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30, 34 सहपठित एपिडेमिक डिसीजेज एक्ट 1897, यथा संशोधित 2020 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कार्यालयीन आदेश को अधिक्रमित करते हुए निम्नलिखित आदेश प्रसारित किया गया है। 1 अक्टूबर 2020 से समस्त कार्यालय शासन द्वारा निर्धारित समयावधि में संचालित होंगे। व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन पर सामान्यतः कोई प्रतिबंध नहीं होगा, किन्तु कोई भी दुकान/ व्यवसायिक संस्थान रात्रि 08 बजे के बाद संचालित नहीं होंगे। पेट्रोल पंप एवं मेडिकल दुकानें उनके निर्धारित समय में ही खुलेंगे। रेस्टोरेंट/होटल संचालन एवं टेक अवे/होम डिलीवरी की अनुमति रात्रि 10 बजे तक ही होगी। सिनेमा हॉल, स्वीमिंग पूल, मनोरंजन पार्क, क्लब थियेटर, मॉल एवं ऑडिटोरियम, असेम्बली हॉल एवं स्पोर्टिंग काम्पलेक्स पूर्ववत बंद रहेंगे। शैक्षणिक संस्थान, स्कूल, कॉलेज एवं कोचिंग संस्थान पूर्ववत् बंद रहेंगे। कोरोना संक्रमित मरीज पाए जाने की स्थिति में कंटेनमेंट जोन में पूर्व की भांति सभी गतिविधिंया प्रतिबंधित रहेंगी। सभी कार्यालय प्रमुख अपने कार्यालय परिसर में फिजिकल डिस्टेंसिंग, मास्क का उपयोग एवं समय-समय पर हाथ धोने/सेनिटाईज करने हेतु आवश्यक व्यवस्था अनिवार्यतः सुनिश्चित करेंगे। यदि किसी कार्यालय में इस निर्देश की अवहेलना पाई जाती है तो संबधित कार्यालय प्रमुख को इसके लिए उत्तरदायी माना जाएगा तथा संबधित इंसिडेंट कमांडर/ उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी अर्थदण्ड अधिरोपित कर सकेंगे। अर्थदण्ड की कटौती वेतन से भी की जा सकेगी। छत्तीसगढ़ शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अधिसूचना अनुसार 17 जुलाई 2020 द्वारा कोविड-19 के संक्रमण के रोकथाम एवं नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देश का पालन नहीं किए जाने की दशा में महामारी रोग अधिनियम, 1897 के अधीन निर्मित विनिमय के तहत् निम्नानुसार जुर्माना अधिरोपित करने हेतु आदेशित किया गया है- सार्वजनिक स्थलों में मास्क/फेस कवर नहीं पहनने की स्थिति में एक सौ रूपए, होम क्वारेन्टाईन के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किए जाने की स्थिति में एक हजार रूपए, सार्वजनिक स्थलों पर थूकते हुए पाए जाने की स्थिति में एक सौ रूपए और दुकानों/व्यवसायिक संस्थानों के मालिकों द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग/ फिजिकल डिस्टेसिंग का उल्लंघन किए जाने की स्थिति में दो सौ रूपए जुर्माना होगा।

## निगम की टीम ने नेहरू नगर की दुकान से खाली कराया कब्जा

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नेहरू नगर पूर्व स्थित दुकान में कब्जे की शिकायत पर जोन-1 आयुक्त सुनील अग्रहरि और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा कब्जाधारी के खिलाफ कार्रवाई की। नेहरू नगर पूर्व स्थित दुकान क्रमांक 6 का ताला तोड़कर मालिक को कब्जा दिलवाया गया तथा टेबल, पुराना दरवाजा को पंचनामा तैयार कर जप्त किया गया। संपदा विभाग के बंछोर लाल कोसरे ने जानकारी देते हुए बताया कि ओल्ड सॉडा काम्प्लेक्स नेहरू नगर पूर्व की एक दुकान को अंबरीश सिंह ने 30 वर्षीय लीज पर लिया था, लीज नवीनीकरण कराने के बाद उसने आपसी सहमति से अनिल पाठक को दुकान किराए करते हुए उसके नाम पर नामांतरण करने राजी हुआ। नामांतरण के बाद अनिल पाठक ने चावला डेकोरेटर्स से दुकान को खाली कराने की मांग की थी। आज जोन क्रमांक 1 की टीम ने दुकान का ताला तोड़कर कब्जा दुकान मालिक को दिलवाया। चावला डेकोरेटर्स को दो बार नोटिस देने के बावजूद वह दुकान की चाबी नहीं सौंप रहा था, अधिकारियों के द्वारा मौके पर उपस्थित होने बोलने के बाद भी आनाकानी करते रहा! कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता अनिल सिंह, उप अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना भी मौके पर उपस्थित थे।

# कांग्रेस अपने उस स्टैंड पर ही घिरती जा रही है जिसमें वे किसी बाहरी का दखल न होने का दावा कर रहे हैं

## खैरागढ़ राजपरिवार से ताल्लुक रखने वाले विधायक देवव्रत सिंह स्थानीय मोर्चे पर कांग्रेसी नेताओं-कार्यकर्ताओं पर हावी क्यूं हैं?

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खैरागढ़ क्षेत्र में राजनीति उबाल पर रही। इस उबाल का असर जिले के कई हिस्सों में देखने मिला जहां कांग्रेसियों ने पूर्व कांग्रेस नेता और मौजूदा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ से खैरागढ़ के विधायक देवव्रत सिंह का पूतला फूंक दिया। 10 साल बाद कांग्रेस छोड़कर सक्रिय राजनीति में वापसी करने वाले देवव्रत सिंह को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गुस्सा है। दूसरी ओर, विरोधी दल का हिस्सा होते हुए भी देवव्रत कांग्रेस की राजनीति में दखल रख रहे हैं। हाल-फिलहाल में एक साक्षात्कार के दौरान तो वे ये ऐलान भी कर चुके हैं कि उनके खून में कांग्रेस है।

देवव्रत की इन बातों के खिलाफ कांग्रेस अध्यक्ष अपने ही स्टैंड पर घिर रहे हैं। गंडई नगर पंचायत के कांग्रेसी पार्षदों और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से उलझ चुके विधायक देवव्रत सिंह को लेकर कांग्रेस किसी भी तरह की बयानबाजी से बच रही है। अलबत्ता कांग्रेस अपने ही पार्षदों, कार्यकर्ताओं को समझाकर वापस अपने खेमे में तो ले आई। लेकिन नाराज लोगों को मनाने जो वायदे किए गए हैं वो किसी भी जरिए से देवव्रत के विरोधियों के हिस्से आते नहीं दिखते। उल्टा इस मामले ने देवव्रत की कांग्रेस में दखल की पुष्टि ही की है।





एक छोटे से मसले ने देवव्रत सिंह और कांग्रेस को लेकर स्थिति और भी स्पष्ट कर दी है। स्व. अजीत जोगी की पार्टी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ से चुनाव लड़कर विधायक चुने जाने के बाद से देवव्रत हमेशा कांग्रेस के पाले में खड़े नजर आए हैं। वे पिछले पौने दो वर्षों से किसी भी मौके पर कांग्रेस को न ही निशाने पर लेते दिखे और न ही जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ की ओर से उनका कोई क्लियर स्टैंड देखने को मिला। साफ तौर पर कहें तो देवव्रत, भूपेश सरकार के सिपाही के तौर पर ही सामने आए। कभी अप्रत्यक्ष रुप से तो कभी सीधे तौर पर।

खैरागढ़ क्षेत्र के कांग्रेस नेता अपने ही वरिष्ठ नेताओं से इस मसले को लेकर नाराज हैं। खैरागढ़ राजपरिवार से ताल्लूक रखने वाले देवव्रत सिंह कांग्रेस के लिए बेगाने होकर भी यहीं अपना अघोषित ठीहा बनाए हुए हैं। इस घुसपैठ को लेकर अब तक जिले में किसी नेता ने मुंह नहीं खोला है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता भी इस मसले को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं। जबकि देवव्रत हर गुजरते दिन के साथ कांग्रेस में अपना दखल बढ़ाते जा रहे हैं।

**देवव्रत कांग्रेस के लिए चीज़ क्या हैं?**- यह गंडई नगर पंचायत और जिले में कई स्थानों पर विधायक देवव्रत सिंह के खिलाफ हुए कांग्रेसियों के प्रदर्शन ने साफ कर ही दिया है कि पार्टी के बड़े नेता भी देवव्रत सिंह के हाथों के नीचे ही हैं। आखिर क्यूं दूसरे दल के विधायक के विरोध में कांग्रेसियों को अपने ही दल से इस्तीफा देना पड़ा? इतना ही यह समझने के लिए काफी है कि विधायक देवव्रत कांग्रेस के लिए चीज़ क्या हैं। यही तो कारण रहा कि जहां कांग्रेस को विपक्षी दल के विधायक के खिलाफ आक्रामक होना था वहां उन्होंने सिर्फ अपने ही पार्षदों, कार्यकर्ताओं को समझाने की जरुरत समझी। मामला चाहे जो रहा हो लेकिन कांग्रेस जब अपने ही कार्यकर्ताओं के साथ किसी विपक्षी दल के नेता के विरुद्ध खड़ी न हो सके तो यह संगठन के लिए गंभीर मसला है।

### नाम लेने से भी बच रहे

ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पदम कोठारी का कहना है कि किसी बाहरी नेता का कांग्रेस में कोई दखल नहीं है। लेकिन उनके इस बयान में दम नहीं दिखता क्यूंकि वे सीधे तौर पर देवव्रत सिंह का नाम लेने से बचने की कोशिश में उलझते जान पड़ते हैं। कोठारी कहते हैं कि, हमने अपने पार्षदों, कार्यकर्ताओं को समझाया कि दूसरे दल के नेता के विरोध को लेकर कांग्रेस से इस्तीफा देने का कोई औचित?य नहीं है। लेकिन ये पक्ष भी सरासर अस्पष्ट ही लगता है। खबर है कि विवाद बढ़ने के बाद जिला कांग्रेस प्रभारी पंकज शर्मा को विधायक देवव्रत सिंह और नाराज पार्षदों, कार्यकर्ताओं को मनाने मध्यस्थता करनी पड़ी। आखिर ये नौबत क्यूं आई.. इसका जवाब कांग्रेसी भी नहीं दे पा रहे हैं।

### आलाकमान देवव्रत के साथ

विधायक बतौर देवव्रत सिंह अपने निर्वाचन क्षेत्र में स ि य हैं। वे छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (छजकां) से विधायक हैं लेकिन आश्चर्यजनक तौर पर जब उनके विज्ञापन प्रकाशित होते हैं तो उसमें न ही छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी की तस्वीर होती है और न ही अमित जोगी की। छजकां के वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार कर देवव्रत सिंह के विज्ञापनों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और जिला प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर की तस्वीरें लगी होती हैं। इतना ही यह समझने के लिए भी काफी है कि जहां क्षेत्र के कांग्रेसी देवव्रत के खिलाफ खड़े हो रहे हैं तो दूसरी ओर कांग्रेस के आलाकमान देवव्रत के साथ हैं।

# आईटीबीपी जवानों ने दान किए प्लाज्मा, संस्कारधानी की वॉरियर बेटी भी शामिल

■ **कोविड19 मरीजों के लिए छिड़ी मुहिम**

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



प्रदेशस्तर पर नवदृष्टि फॉउंडेशन द्वारा प्लाज्मा प्लाजमा डोनेशन की मुहिम जारी है। इसी क्रम में वनांचल के आईटीबीपी जवानों ने राजधानी में कोविड19 दौर से निपटने आदर्श प्रस्तुत किया। आईटीबीपी जवानों ने प्लाजमा डोनेशन के लिए स्वयं ही रायपुर पहुंचकर प्लाज्मा डोनेट करके अंजान कोविड मरीजों की मदद की।

उल्लेखनीय है कि प्लाज्मा थैरेपी से भी कोविड19 से निपटने कवायद जारी है। इसी तारतम्य में देश सेवा के साथ ही देश के नागरिकों की प्रत्यक्ष सेवा के लिए अपना बहुमूल्य रक्त देकर जीवनरक्षा का एक आदर्श पेश किया।एसडीओपी घनश्याम काम?, एसडीओपी सौरभ तिवारी तथा डॉ मनोज शुक्ला आइटीबीपी के मार्गदर्शन में जवान बहादुर सिह ठाकुर बी प्लस व मुकेश ठाकुर बी प्लस प्लाज्मा डोनेसन किया। इनके दान किये प्लाज्मा चार कोरोना मरीजो के लिए एकत्रित किये गए। आईटीबीपी के एक अन्य जवान ने भी अपना एंटीबाडी टेस्ट कराया है। राजधानी के बालको हॉस्पिटल में फनेन्द्र जैन व राज आड़तिया व आशीष खंडेलवाल मौजूद थे।नवदृष्टि फॉउंडेशन ने आभार व्यक्त करते हुए सभी से रक्तदान की अपील की।

**बेटी सिमरन ने किया प्लाज्मा दान**- संस्कारधानी राजनांदगांव की बहादुर कोरोना योद्धा बेटी सिमरन ने बी प्लस कोरोना रक्तदान कर बेटी दिवस पर प्लाजमा डोनेशन किया। उनके पिता ने स्वयं अपनी बिटिया सिमरन को लेकर राजनांदगांव से लगभग 100 किलोमीटर दूर बालको अस्पताल राजधानी रायपुर पहुंचकर ब्लड डोनेशन कराया।

# भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भाजपा ग्रामीण मंडल राजनांदगांव विधान सभा के नए कार्यकारिणी गठन पर भाजपा कार्यालय राजनादगांव में कोरोना काल प्रोटोकॉल के तहत बैठक रखी गई। इसमें पूर्व मंडल अध्यक्ष लीला धर साहू के सौजन्य से सभी नव नियुक्त पदाधिकारी ग्रमीण नेताओं का भाजपा का गमछा भेंट कर जिला अध्यक्ष मधुसूदन यादव, जिला पंचायत सभा पति अशोक देवांगन, रोहित चंद्राकर द्वारा सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान वरिष्ठों ने ग्रामीण क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने और लोगों की हर स्तर पर मदद करने की बात नई कार्यकारिणी सदस्यों से कही। इस बैठक में कृष्णा तिवारी, मनोज साहू, बलराम निर्मलकर, खेम दास साहू, कृष्ण दास वैष्णव, मनहरण साहू, अंगद साहू, पुष्पा गायकवाड़, पुष्पा उइके, तेजराम देवांगन, रमेश चंद्राकर, मुकेश साहू, मोती देवांगन, हेमलाल साहू, दिनेश सकरे सहित कार्यकारणी सदस्य मौजूद रहे।




# पंडित दीनदयाल जयंती पर गोष्ठी, नेताओं के निशाने पर रही कांग्रेस

■ **ऑनलाइन आयोजित गोष्ठी में शामिल हुए भाजपा नेता**

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी द्वारा 28 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में किया गया। इसमें सर्वप्रथम स्वागत प्रतिवेदन दक्षिण मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी ने प्रस्तुत किया, तत्पश्चात भाजपा नेता सचिन बघेल ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि लोगो के जीवन में एकात्म मानववाद की विचारधारा को लागू करने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना पूरा जीवन शोषित, गरीब, वंचितों की सेवा में समर्पित कर दिया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी प्रत्येक नीति में किसान, मजदूर, वंचित डेढ़ करोड़ लोगों के लिए पक्के घर बनाकर उनके सपने को साकार किया। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने भी इस दौरान अपने विचार रखे। भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र पर व्याख्यान देते हुए विस्तार से बाते रखते हुए कुछ प्रसंग को बताते हुए, उसकी आज के संदर्भ में प्रसांगिकता बताई। गोष्ठी का संचालन करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस ने पूरे देश को उलझा कर रखा, उसकी नीति सिर्फ देश पर राज करने की रही। इस दौरान दिवंगत केंद्रीय रेल राज्य मंत्री सुरेश अंगड़ी, वरिष्ठ भाजपा नेता जसवंत सिंह, एवं भाजपा की पूर्व महापौर शोभा सोनी, भाजपा के मार्गदर्शक शिव प्रसाद पांडे, सचिन सोनी, महेंद्र जैन, एवं ओम प्रकाश अग्रवाल, दिलीप चन्द्राकर, बीरबल साहू के दुखद निधन पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि प्रकट की गई।

# प्राइवेट डॉक्टर के 10 परिजन हुए पॉजिटिव

## ब्लॉक के धौराभाठा में 5 परिजन संक्रमित, सीएचसी डोंगरगांव में 17 संक्रमितों की पुष्टि

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में कोविड19 ने एक ही दिन में एक ही परिवार के 10 सदस्यों को चपेट में लेने की सनसनीखेज खबर है। नगर के एक निजी डॉक्टर के 10 परिजन कोविड19 पॉजिटिव हुए हैं। धौराभाठा में भी एक परिवार के 5 सदस्य संक्रमित मिले हैं।

खबर लिखे जाने तक सीएचसी अंतर्गत नगर व ब्लॉक सहित एक ही दिन में 17 पॉजिटिव की पुष्टि की गई है। सीएचसी के बीएमओ ने आधिकारिक जानकारी में बताया कि डोंगरगांव नगर के वार्ड01 में प्राइवेट डॉक्टर के 10 परिजनो के कोविड19 पॉजिटिव होने की पुष्टि सीएचसी बीएमओ ने की है। उक्त निजि डॉक्टर पुर्व एल्डरमेन रह चुके हैं। वहीं सीएचसी के ही धौराभाठा में भी एक ही परिवार के 5 सदस्य पॉजिटिव पाये गए हैं। इनके अलावा तेन्दुनाला में 01 व मोखली में 01 मरीज की पहचान की गई है। संक्रमितों को कोविड केयर सेंटर शिफ्ट करने प्रक्रिया जारी थी।




### नगर में सनसनी, गाँवों में खुलापन

नगर में समय दर समय कोविड विस्फोटक तौर पर उभरकर आया है। नगर के कुछ व्यापारी फैमिली के बाद अब चिकित्सीय पेशे से जड़े रहे एक निजी डॉक्टर के परिवार को चपेट में ले लिया है। ग्रामीण इलाके में भी अनेक ऐसे परिवार सामने आ चुके हैं, जहां समूचा परिवार ही सं मित हो चुका है।

### जनपद की कर्मचारी भी पॉजिटिव

नगर निकाय के अलावा जनपद भी कोविड से अछूता नहीं रहा है। जनपद की अब तक 3 महिला कर्मचारी पॉजिटिव हो चुकी है। एक चपरासी भी पॉजिटिव आई थी। अब एक अन्य वरिष्ठ महिला कर्मचारी परिजन पॉजिटिव होने की खबर से जनपद में फिर से सन्नाटा पसर गया है।

# खुज्जी विधानसभा क्षेत्र को मिली पौने 4 करोड़ की सौगात

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

■ **विधायक के प्रयासों से मिली स्वीकृति**



खुज्जी विधानसभा को इस वर्ष मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में शासकीय भवनों तक के पहुंच मार्ग वाली राहों को सुगम बनाने लगभग पौने दो करोड़ रुपये की स्वीकृत प्रदान की गई है। इसमे ग्राम मातेखेड़ा से मिडिल स्कूल तक पहुंच मार्ग 19.00लाख, ग्राम पैरीटोला से टोला स्थित स्कूल तक पहुंच मार्ग 19.00 लाख, ग्राम आतरगांव मुख्य सड़क से आंगनबाड़ी पहुंच मार्ग 19.00 लाख, मुख्य सड़क से उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंच मार्ग जरहामहका 19.00 लाख शामिल है। इसके अलावा अटल चौक से स्कूल तक पहुंच मार्ग बम्हनी चारभांठा 15.00 लाख, मुख्य मार्ग से तुरेंगड पंचायत भवन पहुंच मार्ग 10.00 लाख, मुख्य सड़क से पंगरीखुर्द स्थित स्कूल तक पहुंच मार्ग 10.00 लाख, मुख्य सड़क से देवरी प्राथमिक शाला पहुंच मार्ग 19.00 लाख,राम मंदिर पारा से स्वस्थ्य केंद्र तक पहुंच मार्ग 19.00 लाख, वार्ड 11 से प्राथमिक शाला चिखली पहुंच मार्ग 19.00 लाख, वार्ड 11 से आंगनबाड़ी केंद्र चांपाटोला तक पहुंच मार्ग 19.00 लाख,बाजार पार से पूर्व माध्यमिक शाला भड़सेना पहुंच मार्ग 19.00 लाख,मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी केंद्र ठेठवार लंझिया पहुंच मार्ग 19.00 लाख,ग्राम पंचायत पंचायत जोब में हाई स्कूल भवन पहुंच मार्ग 9.54 लाख,आदिवासी छात्रावास 8.40 लाख,हायर सेकंडरी स्कूल पहुंच मार्ग 11.73लाख , हाई स्कूल भवन गेरूघाट पहुंच मार्ग 4.91 ,हाई स्कूल भवन रामपुर पहुंच मार्ग 7.09लाख, हायर सेकंडरी स्कूल गैंदाटोला पहुंच मार्ग 9.39 लाख,हाई स्कूल भवन जोशीलमती पहुंच मार्ग 4.83 ,उप स्वस्थ्य केंद्र गिदर्री पहुंच मार्ग 4.18लाख, हाई स्कूल भवन खुर्सीपार 6.92लाख , नवागांव चारभांठा पहुंच मार्ग 6.78लाख,हाई स्कूल बड़गांव चारभांठा पहुंच मार्ग 11.75लाख,हाई स्कूल भवन बेंडाड़ी पहुंच मार्ग 4.64लाख,हाई स्कूल भवन बम्हनी चारभांठा 5.46लाख,हाई स्कूल भवन पहुंच मार्ग 18.56,हाई स्कूल भवन हालेकोसा पहुंच मार्ग5.46लाख,हाई स्कूल भवन कुहीकला पहुंच मार्ग13.96लाख,हाई स्कूल भवन रामतरै पहुंच मार्ग 11.68लाख,हाई स्कूल भवन बेलरगोंदी पहुंच मार्ग5.96लाख,कुमारदा 4.83 लाख हाई स्कूल तुरेंगड पहुंच मार्ग 4.83लाख,हाई स्कूल कुहीखुर्द पहुंच मार्ग2.54लाख,हाई स्कूल चिखलाकसा पहुंच मार्ग2.54लाख की कुल स्वीकृति खुज्जी विधायक छन्नी चन्दू साहू जी की अनुशंसा पर प्रदान की गई है।

उक्त कार्य की स्वीकृति प्रदान करने पर क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी सिद्धिक मेमन, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रामछत्री चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य कांति भंडारी, छुरिया ब्लॉक अध्यक्ष चुम्मन साहू, कुमरदा ब्लॉक अध्यक्ष मिथलेश ठाकुर, अंबागढ़ चौकी ब्लॉक अध्यक्ष रफीक खान, पूर्व नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, महामंत्री नरेश शुक्ला, रितेश जैन, छोटे लाल कटेंगा के साथ साथ क्षेत्र समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता व क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू, पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव, प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर व विधायक छन्नी चन्दू साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है।

0 एसपी ने की कार्रवाई, पीड़िता को खाप पंचायत से वापस मिली रकम

# ग्राम प्रमुखों ने लगाया जुर्माना, पुलिस तक पहुंची बात तो वापस की रकम

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

हाल-फिलहाल के दिनों में खाप पंचायतों के फैसलों को लेकर विवाद खड़ा होता जा रहा है। नया मामला खैरागढ़ क्षेत्र के गातापार इलाके का है जहां एक महिला, सरपंच व अन्य लोगों के खिलाफ खाप पंचायत ने फैसला सुनाते हुए बड़ी रकम दंड के रुप में वसूल ली थी। रकम न भरने पर उन्हें सामाजिक बहिष्कार की धमकी मिली थी। यह मामला जब पुलिस तक पहुंचा तब जाकर पीड़ितों का न्याय मिल सका।

बताया गया है कि यह मामला जमीन की बिक्री से जुड़ा हुआ है। ग्राम पंचायत लछना के एक व्यक्ति को चंपाबाई लोधी ने अपना खेत बेचा था। इस बिक्री नामे में दो गवाह के दस्तखत थे और सरपंच भी इस सौदे में गवाह था। लेकिन महिला के द्वारा बेचे गए खेत को लेकर ससुराल पक्ष ने आपत्ति कर दी थी। कोर्ट-कचहरी में चले इस मामले में आखिर में जमीन चंपाबाई के ही हिस्से आई थी। जिसके बाद उसने जमीन बेच दी।

लेकिन कोर्ट-कचहरी का यह फैसला ग्रामीणों को रास नहीं आया।



इस मामले को लेकर 12 ग्रामों के प्रमुखों ने बैठक की और अंततः चंपाबाई, जमीन खरीददार, सरपंच और गवाहों पर 25-25 और 7 हजार को जुर्माना लगा दिया। उन्हें यह रकम भरनी पड़ी क्यूंकि ग्राम प्रमुखों ने उन्हें सामाजिक बहिष्कार की चेतावनी दी थी। ग्राम प्रमुखों ने इस खरीदी-बिक्री को वैध मानने से इंकार कर दिया था।

आखिर में इस मामले को लेकर चंपाबाई ने सीधे एसपी डी श्रवण से गुहार लगाई। सामाजिक उत्पीडऩ के मामले में कड़ा रूख अख्तियार करते हुए एसपी ने सीधे खैरागढ़ एसडीओपी जीसी पति को मामले की छानबीन करने का निर्देश दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पंचायती हुक्म जारी करने वाले दर्जनभर लोगों को तलब किया। इसके बाद पीड़ितों से ऐंठे गए रकम को पुलिस की दखल के चलते वापस करना पड़ा। इस संबंध में राजनांदगांव एसपी डी. श्रवण ने कहा कि शिकायत के आधार पर पीड़ितों के साथ न्याय किया गया है। उनसे वसूले गए रकम को वापस दिलाया गया है। ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस हमेशा तत्पर है।

# ओमप्रकाश अग्रवाल बाबाजी के निधन पर श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** जिला शतरंज संघ राजनांदगांव द्वारा एक शोक सभा आयोजित कर शतरंज के वरिष्ठ मार्गदर्शक एवं प्रेरणा स्त्रोत रहे । स्व. ओमप्रकाश अग्रवाल बाबाजी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ ने शोक व्यक्त किया। संघ के सचिव असद नवाज ने शोक सभा आयोजित कर बताया कि ओम बाबाजी ने जिले में शतरंज खेल के विकास हेतु अपना जीवन समर्पित किया जिले में शतरंज के कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर कि खिलाड़ियों को मार्गदर्शन एवं सहयोग दिया । संघ में विभिन्न पदो पर रहते हुए पांच दशक तक शतरंज खेल को आगे बढ़ाया। ऐसे शतरंज के खेल के भीष्म पितामह माने जाने वाले विलक्षण व्यक्तित्व के धनी बाबाजी का निधन वास्तव में इस क्षेत्र में अपूर्णीय क्षति है । शोक सभा में रामप्रसाद पाल, दीपक चौरसिया, मनोज जोशी, संजय जैन, दादू टेम्भूरकर, डोगरगढ़ से वीरेन्द्र अग्रवाल, उमा महेश वर्मा, अमित छाबड़ा, खैरागढ़ से मुकेश दरवने, चौकी से ईश्वर पटेल, अंबिकापुर से सरोज वैष्णव एवं कई अंतर्राष्ट्रीय एवं खिलाड़ी इस आनलाईन शाक सभा में शामिल हुए।



## क्विक न्यूज

### वन अधिकार पट्टेधारी किसान करेंगे चाय की खेती

**बिलासपुर।** नवगठित जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के सुदूर वनांचल के ग्राम पंचायत ठारपथरा आमानाला के वन अधिकार पटटे धारी किसान चाय की खेती करेंगे। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के तहत 72 किसानों का चिन्हांकन किया गया है जिनके निजी भूमि में चाय बगान तैयार किया जाएगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बिलासपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन अधिकार पटटे धारी वनवासियों के आजिविका संवर्धन एवं जीवकोपार्जन के लिए 72 हितग्राहियों के 72 एकड़ क्षेत्रफल में चाय के बगान निर्मित किये जाने के लिए 2 करोड़ 16 लाख रूपए स्वीकृत किये जा रहे है। इन बगानों में हितग्राही अपने परिवार के साथ स्वंय कार्य करते हुए चायपत्ती का उत्पादन और प्रसंकरण करेगें तथा पैकेजिंग कर स्थानीय स्तर पर उसका विक्रय करेंगे और आय अर्जित करेंगे। मनरेगा के तहत यह पहला नया कार्य है जिसका क्रियान्वयन गौरला पेण्ड्रा मरवाही जिले में किया जा रहा है।

# किसान विरोधी बिल का युकां ने किया विरोध, केंद्र सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने कर रही है काम

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



युवा कांग्रेस ने आज किसान विरोधी बिल का विरोध करते हुए नेहरू चौक में प्रदर्शन किया केंद्र के कृषि बिल को किसान विरोधी बिल बताते हुए युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव जावेद मेमन की अगवाई में नेहरू चौक पर युवक कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा किसान बिल वापस लेने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुखौटा काले गुब्बारे में उड़ा कर विरोध जताया।

युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव जावेद मेमन की अगुवाई में युवक कांग्रेस ने नेहरू चौक पर पैदल मार्च करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया यूका के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नेहरू चौक पर आज काले गुब्बारे में पीएम का मुखौटा लगाकर हवा में उड़ा कर किसान विरोधी बिल को वापस लेने की मांग की आग लगते ही प्रदेश कांग्रेश के दिग्गज नेता जहां रायपुर में पैदल मार्च निकाल रहे हैं वहीं युवक कांग्रेस ने नेहरू चौक पर प्रदर्शन किया जावेद मेमन ने कहा है कि केंद्र सरकार के खिलाफ पूरे देश में किसान आक्रोशित है 15 राज्यों में किसान सड़क पर उतरे हैं सभी किसान इसे किसानों के हित में बिल्कुल नहीं मान रहे हैं और मोदी सरकार के इस बिल को उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने वाला बिल बता रहे हैं प्रदेश कांग्रेस ने भी आज पूरे जिले में प्रदर्शन किया युवक कांग्रेस ने नेहरू चौक पर आंदोलन करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया । मोदी सरकार के द्वारा लाए गये तीन नए अध्यादेश में किसानो को पूंजीपति बनाने की योजना नहीं दिख रही है बल्कि किसानों को चंद पूंजीपतियों के हाथों की कठपुतली बनाने की स्पष्ट तैयारी नजर आ रही है।

मोदी सरकार के किसान विरोधी अध्यादेश को वही लोग जायज एवं सही ठहरा रहे हैं जो अडानी, अम्बानी जैसे पूंजीपतियों के बिचौलिए हैं। विरोध प्रदर्शन में शामिल जावेद मेमन , अमितेश राय , शेरु अशलम , गोपाल दुबे , वशीम खान. रिजवान खान.रिश्रृ कश्यप , अख्तर खान ,आदित्य बीडीका , अमन घौरे , संतोष महराज ने कहा है कि बीते 6 साल से मोदी भाजपा सरकार, छत्तीसगढ़ ही नहीं देशभर के युवाओं, किसानों के साथ छल कर रही है। स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिश के अनुसार लागत मूल्य का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देने का वादा कर सत्ता में बैठी मोदी सरकार ने 6 साल में किसानों से किए वादों को पूरा नहीं किया। सस्ता डीजल, सस्ती रासायनिक खाद और उत्तम क्वालिटी के बीज सहित किसानों की आय दुगनी करने का वादा अब तक पूरा नहीं हुआ। अब मोदी सरकार के द्वारा लाए गए तीन काले कानून किसानों के लिए काला पानी की सजा का फरमान है, जिसमें किसान तो सिर्फ फसल उगायेगा और फायदा पूँजीपति को मिलेगा। ये अध्यादेश भारत के अन्नदाता एवं एक अरब तैंतीस करोड़ जनता के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

भाजपा के एमएसपी का मतलब किसानों को उपज का मिनिमम सपोर्ट प्राइज नहीं बल्कि पूंजीपतियों के लिए मैक्सिमम सपोर्ट इन प्रॉफिट है। केंद्र की सरकार काले अध्यादेश का विरोध कर रहे लोगों को किसान नहीं होने का दावा कर रहे भाजपा नेताओं पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि पूंजीपतियों के बिचौलियों को किसानों की पहचान ही नहीं है। पूरे भारत में किसान, मोदी सरकार के नए अध्यादेश के खिलाफ खड़े हुए हैं।

## लॉकडाउन खुलते ही बाजार में उमड़ा हुजूम व्यवस्था बनाने सड़क पर उतरे पुलिस अधिकारी!



पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मंगलवार सुबह अनलॉक होते ही सब्जी मंडियों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। आला अफसर खुद सड़क पर उतरकर लोगों समझाने निकले। 8 दिनों की लॉक डाउन के बाद शहर के बृहस्पति बाजार, शनिचारी, बुधवारी बाजार में लोग सब्जी लेने उमड़ पड़े, साथ ही अन्य जरूरत के सामान लेने मार्केट में लोगों की भीड़ लग गई, तो पुलिस व प्रशासन का अमला उन्हे समझाइश देने निकला

**सभी दुकानें और बाजार एक साथ खुलेंगे-** प्रशासन की ओर से जारी की गई गाइडलाइन में सख्ती से पालन करने के आदेश दिए गए हैं। रायपुर में दुकानें सिर्फ रात 8 बजे तक ही खुल सकेंगी। हालांकि होटल और रेस्टोरेंट को रात 10 बजे तक होम डिलीवरी के लिए छूट दी गई है। इस दौरान मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग, सैनिटाइजर समेत नियमों का पालन अनिवार्य रहेगा। वहीं पहले बारी-बारी से दुकानें खुलती थीं, लेकिन अब सभी एक साथ खोली जाएंगी।

**दफ्तर भी खुलेंगे, एक तिहाई अमले से होगा काम-** मंत्रालय, डायरेक्टोरेट और सभी सरकारी दफ्तर आज से खुल गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेश के मुताबिक मंत्रालय व इंद्रावती भवन स्थित कार्यालयों में अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति साप्ताहिक रोस्टर के मुताबिक अधिकतम एक तिहाई होगी। कर्मचारियों को मंत्रालय व इंद्रावती भवन आने के लिए ज्यादा से ज्यादा निजी वाहनों का प्रयोग करने को कहा गया है। लॉकडाउन के 7 दिनों में सैंपल बड़े, पर मरीजों की संख्या नही लॉकडाउन के बाद सैंपल लेने की संख्या बड़ी, लेकिन अच्छी बात यह रही कि इस दौरान मरीजों की संख्या 52.53 फीसदी कम हुई है।

## मरवाही में चुनाव के मद्देनजर पूर्व मंत्री व भाजपा चुनाव प्रभारी अमर अग्रवाल ने मंडल अध्यक्षों की बैठक ली

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



नवगठित जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के धनपुर ( धोबर ) एवं अटल भवन पेंड्रा में मरवाही उत्तर, दक्षिण एवं पेंड्रा ग्रामीण,सेमरा के भाजपा मंडल शक्तिकेन्द्र प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक की विभिन्न संगठनात्मक विषयो को लेकर हुई ।

बैठक में विधानसभा प्रभारी,पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने मंडल प्रभारियों से नुक्कड़ सभाओ के कार्यक्रम की मंडलवार प्रगति की समीक्षा करते हुए उक्त कार्यक्रम को अभियान के रूप में लेते हुए तय सीमा में पूरा करने के संकल्प को दोहराया ।बैठक में जिले में सम्पन्न हुए कार्यक्रमो की समीक्षा के साथ ही साथ बूथों के कार्य विस्तार की जानकारी दी और आगामी कार्यक्रमो की विस्तृत रूपरेखा भी तैयार की गई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल , जिला महामंत्री राम श्रीवास , शिव प्रताप राय , जिला उपाध्यक्ष बृजलाल राठौर , राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह , दिलीप यादव , कुबेर सारथी, जिला मंत्री राखी गहलोत दिनेश मरावी , नीरज जैन , लालजी यादव , राकेश दीक्षित , जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश शिवदासानी , रितेश फार्मेनिया , समीरा पैकरा ,शंकर कवर ,जिला युवा मोर्च अध्यक्ष दीपक सिंह ,कालु जालान,मन्जू जयसवाल,भोलू नहरेल , विभा नहरेल , मंडल अध्यक्ष शंकर चक्रधारी ,लुसन राठौर , छोटे लाल , महामंत्री कमलेश यादव, आशीष पांडे , ओमकर ओट्टी, अजय तिवारी, पुष्पेंद्र त्रिपाठी , अभय वर्मा, शिव गुप्ता, संतोष सोनकर ,गया जायसवाल , एकलव्य केवट, गया महाराज इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कोरोना मरीजों की रिकवरी रेट में बिलासपुर जिला अव्वल, कलेक्टर ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना मरीजों के रिकवरी रेट में बिलासपुर जिला छत्तीसगढ़ में अव्वल नंबर पर है। बिलासपुर जिले में कोविड-19 के 82 प्रतिशत मरीज स्वस्थ्य हो गये। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। जिले में कोरोना मरीज के रिकवरी रेट में लगातार सुधार हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी पिछले रिपोर्ट में बिलासपुर जिला 75 प्रतिशत रिकवरी रेट के साथ राज्य में दूसरे स्थान पर था। कल 28 सितम्बर को जारी रिपोर्ट के अनुसार रिकवरी रेट में जिला का पहला स्थान है। जिले में 7 हजार 234 कोविड-19 पॉजीटिव मरीजों में से 5 हजार 968 मरीज पूर्णत स्वस्थ्य हो गये। जिनमें 2 हजार 383 मरीज अस्पतालों से स्वस्थ्य होकर डिस्चार्ज हुए तथा होम आईसोलेशन में रहने वाले 3 हजार 585 मरीज भी पूर्णत स्वस्थ्य हो गये है।

रिकवरी दर में लगातार वृद्धि पर कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस उपलब्धि में स्वास्थ्य विभाग का अहम योगदान है। सरकारी एवं निजी अस्पताल अपना सम्पूर्ण योगदान दे रहे हैं तथा पुलिस प्रशासन और आम जनता की भी इसमें सराहनीय भूमिका है। उन्होंने कहा कि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने, मास्क के उपयोग के लिए जन जागरूकता हेतु भी लगातार प्रयास किये जा रहे है। जिससे कोरोना संक्रमण में रोकथाम हो सके। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि अस्पताल और होम आईसोलेशन से बचने के लिए प्रशासन के दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करे। कलेक्टर ने कहा कि जिले को कंटेनमेंट क्षेत्र से विमुक्त कर दिया है लेकिन हमे सर्तक रहना होगा और कोरोना संक्रमण से बचने के लिए सभी जरूरी सुरक्षा उपाय करने होंगे।

## सुषमा कोठारी बनी रेल मंडल उपभोक्ता सलाहकार समिति सदस्य

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ति
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ की पूर्व राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सुषमा कोठारी को नागपुर मंडल पर गठित मंडल रेल उपभोगकर्ता सलाहकार समिति में सदस्य के रूप में नामांकित किया गया है। कोठारी की नियुक्ति वरिष्ठ मंडल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर की अनुशंसा पर ए के सिंह मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने की। उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया है कि श्रीमती कोठारी को बिलासपुर/नागपुर मंडल पर गठित मंडल रेल उपभोगकर्ता सलाहकार समिति में सदस्य के रूप में नामांकित किया गया है। ज्ञात रहे कि वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती सुषमा कोठारी पूर्व में डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति की सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दे चुकी है। उनका कार्यकाल बहुत अच्छा रहा है। श्रीमती कोठारी के सदस्य बनने पर कार्यकर्ताओं व शुभ चिंतकों ने बधाई दी है। श्रीमती सुषमा कोठारी ने अपनी नियुक्ति पर रेलमंत्री पीयूष गोयल व रेलवे मंडल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रेल मंडल ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसका पूरी लगन से निर्वहन करूंगी व रेल उपभोक्ताओं की समस्याओं को समय समय पर रेलवे के सम्बंधित विभागों तक पहुँचाती रहूंगी।

# कचरे के स्थान पर लगेंगे औषधीय पौधे

### अब जीवी पॉइंट से बढ़ेगी शहर की सुंदरता, पुरानी हटरी को नया हटरी बनाने की हो रही पहल

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में नगर निगम आयुक्त प्रतिदिन लॉकडाउन में भी शहर का निरीक्षण कर छोटी-बड़ी समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। साथ ही शहर को व्यवस्थित रखने स्थल निरीक्षण कर रहे हैं।

ज्ञात हो कि कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन में निगम आयुक्त आशुतोष पांडे निगम अमला के साथ निरीक्षण कर शहर के कोने कोने में जा रहे हैं आज निरीक्षण दौरान आयुक्त ने शहर में जीबी पॉइंट अंकित किए जिसे सुंदरता एवं स्व%छता के लिए उपयोग में लाया जाएगा साथ ही वहां एंटीऑक्सीडेंट पौधे जैसे तुलसी, पुदीना, मुसब्बर वेरा लैवेंडर, अजवाइन, मेहंदी, एलोवेरा आदि लगाए जाएंगे। स्थानों को जल्द से जल्द बनाकर नया स्वरूप देने अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं निरीक्षण दौरान बड़े हटरी व्यस्ततम बाजारों की गलियों में घूम कर नजारा देखा। जिसे देखकर चिंता जताई कि यदि यहां कभी कोई अप्रिय घटना घट जाए तो किसी को भी बचाना मुश्किल हो जाएगा। संकरी एवम तंग गलियों में दुकान बढ़ा दिए गए हैं। कब्जा करके दुकानों के ऊपर मकान भी बना दिया गया है ना कोई शौचालय ना कोई पार्किंग है। यहां की अव्यवस्था के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि जल्द इस क्षेत्र पर कार्यवाही करते हुए व्यवस्थित किया जाए।

निगमायुक्त आशुतोष पांडेय ने बताया कि आज के निरीक्षण में हमने पुरानी हटरी में जांच की। उक्त स्थल पर सामुदायिक या व्यावसायिक दृष्टि से उपयुक्त नहीं है तंग गलियां है और वहां जितना आबंटन हुआ था उससे ज्यादा हो गया हो और लोग काबिज हैं जितना क्षेत्रफल उनको दिया गया था उसमें ज्यादा ही काबिज है व्यवसायियों की सुविधा को देखते हुए कि वह आगजनी ना हो या ऐसी स्थिति आए तो लोग सुरक्षित निकाले जा सके। हमारी गाड़ियां अंदर तक जा सके इसके लिए विस्तृत प्लान बनाया जाएगा। सर्वप्रथम विधि अधिकारी राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वर्कआउट करके अच्छा प्लान प्रस्तुत करें इससे शहर के मध्य में सर्कुलर बाजार मिल सके जो पालिका बाजार के नाम से हो और पुरानी हटरी को नई हटरी का स्वरूप दिया जा सके। साथ ही कब्जाधारियों के लिए भवन व राजस्व विभाग को भेजा जाएगा।

## अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिभावान विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन 31 अक्टूबर तक लिए जाएंगे

**बिलासपुर।** भारत सरकार अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिभावान विद्यार्थियों से वर्ष 2020-21 के लिए प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक और मेरिट-कम-मिन्स छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन 31 अक्टूबर तक आमंत्रित किया गया है।

विद्यार्थियों को ऑनलाईन आवेदन मंत्रालय के वेबसाईट www. scholarships.gov.in में करना होगा। पी मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों को दी जायेगी जिसके लिए आय सीमा 1 लाख रूपए है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं तथा महाविद्यालयीन एवं आईटीआई स्तर के विद्यार्थियों को दी जायेगी जिसके लिए आय सीमा 2 लाख रूपए है। इसी तरह मेरिट-कम-मिन्स छात्रवृत्ति व्यावसायिक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों को दी जाएगी जिसके लिए आय सीमा 2.50 लाख रूपए निर्धारित है। कक्षा पहली को छोड़कर विगत परीक्षाफल 50 प्रतिशत से अधिक होना चाहिए तथा आवेदन के साथ विद्यार्थी का बैंक खाता एवं आधार नंबर होना आवश्यक है।

# एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल एक माह के लिये स्थगित

- **स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन पर कर्मचारी वापस काम पर लौटे**

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ति
www.dailypioneer.com



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सक्ती में पदस्थ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के समस्त अधिकारी कर्मचारी 19 सितम्बर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर थे, जिनका एकसूत्रीय मांग नियमितीकरण थी, चूंकि चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार आने पर अनियमित संविदा कर्मचारियों को 10 दिनों के भीतर नियमित करने की बात हुई थी।

जो लगभग 20 माह गुजरने के बाद भी किसी भी प्रकार की कोई पहल नही होने के कारण संविदा कर्मचारियों में आक्रोश देखा गया। इस कारण प्रदेश के लगभग 13000 कर्मचारी एनएचएम के हड़ताल पर चले गए जिससे प्रदेश की स्वास्थ्य ब्यवस्था चरमरा गई, अंततः स्वास्थ्य मंत्री महोदय के आश्वासन उपरांत एवं आपात स्थिति को देखते हुए निर्णय लिया गया है कि सभी कर्मचारी अपनी हड़ताल 1 माह के लिए स्थगित करते हैं,तथा इस बीच अगर मांगो पर कार्यवाही नहीं होती है तो 1 नवंबर से पुनः हड़ताल के लिए हम सब बाध्य रहेंगे।

**दुर्गा मूर्ति की ऊंचाई 6 फीट और चौड़ाई 5 फीट, पंडाल का आकार 15 वर्गफीट से अधिक नहीं होगा**

# नवरात्रि पर्व के लिए जिला प्रशासन ने जारी किया आदेश

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना वायरस संक्रमण के इस दौर में नियंत्रण एवं रोकथाम की दृष्टि से नवरात्रि पर्व के लिए जिला प्रशासन द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये है। कलेक्टर द्वारा दिशानिर्देशानुसार नवरात्रि पर्व के दौरान दुर्गा माता की मूर्ति स्थापित करते समय यह ध्यान रखा जाये कि मूर्ति की ऊंचाई 6 फीट और चै?ाई 5 फीट और मूर्ति स्थापना वाले पंडाल का आकार 15 वर्गफीट से अधिक न हो। पंडाल के सामने पर्याप्त खुली जगह हो। पंडाल एवं सामने खुली जगह से स?क अथवा गली प्रभावित न हो। पंडाल में दर्शको के बैठने के लिए पृथक व्यवस्था न हो। कुर्सी न लगाया जाये। किसी भी एक समय में पंडाल में सामने मिलकर कुल 20 व्यक्ति से अधिक न हो। एक पंडाल से दूसरे पंडाल की दूरी 250 मी. से कम न हो।

मूर्ति स्थापित करने वाला व्यक्ति अथवा समिति एक रजिस्टर संधारित करेगी जिसमें दर्शन हेतु आने वाले सभी व्यक्तियों का नाम, पता, मोबाईल नंबर दर्ज किया जायेगा ताकि उनमे से यदि कोई कोरोना संक्रमित मिले तो कांटेक्ट ट्रेसिंग किया जा सके। मूर्ति स्थापित करने वाले व्यक्ति अथवा समिति कम से कम 4 सीसीटीवी कैमरे लगाएगा ताकि उनमे से यदि कोरोना संक्रमित मिले तो कांटेक्ट ट्रेसिंग किया जा सके। मूर्ति दर्शन अथवा पूजा में शामिल होने वाला कोई भी व्यक्ति बिना मास्क के नहीं जायेगा। ऐसा पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति अथवा समिति के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किया जावेगा। मूर्ति स्थापित करने वाले व्यक्ति अथवा समिति द्वारा सेनेटाईजर, थर्मल स्क्रीनिंग, एक्सीमीटर, हैण्डवाश एवं क्यू मैनेजमेंट सिस्टम की व्यवस्था की जायेगी। थर्मल स्क्रीनिंग में बुखार पाए जाने अथवा कोरोना से संबंधित कोई भी सामान्य या विशेष लक्षण पाए जाने पर पंडाल में प्रवेश नहीं देने की जिम्मेदारी संबंधित समिति की होगी।

व्यक्ति या समिति के द्वारा फिजिकल डिस्टेंसिंग हेतु आगमन एवं प्रस्थान की पृथक से व्यवस्था बास बल्ली से बेरीकेंटिग कराकर कराया जायेगा। यदि कोई व्यक्ति जो मूर्ति स्थापना स्थल पर जाने के कारण संक्रमित हो जाता है तो ईलाज का संपूर्ण खर्च मूर्ति स्थापना करने वाला व्यक्ति अथवा समिति द्वारा वहन की जाए। कंटेनमेंट जोन में मूर्ति स्थापना की अनुमति नही होगी।

यदि पूजा की अवधि के दौरान उपरोक्त क्षेत्र कंटेनमेंट घोषित हो जाता है तत्काल पूजा समाप्त करनी होगी। मूर्ति स्थापना के दौरान विसर्जन के समय अथवा विसर्जन के पश्चात किसी भी प्रकार के भोज, भंडारा, जगराता अथवा सांस्कृतिक कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं होगी। मूर्ति स्थापना के समय, स्थापना के दौरान, विसर्जन के समय अथवा विसर्जन के पश्चात किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं डीजे बजाने की अनुमति नहीं होगी। मूर्ति स्थापना एवं विसर्जन के दौरान प्रसाद चरणामृत या कोई भी खाद्य एवं पेय पदार्थ के वितरण की अनुमति नहीं होगी। मूर्ति विसर्जन के लिए एक से अधिक वाहन की अनुमति नहीं होगी। मूर्ति विसर्जन के लिए पिकअप, टाटा एस, छोटा हाथी से बड़े वाहन का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। मूर्ति विसर्जन के वाहन में किसी भी प्रकार की अतिरिक्त साज सज्जा झांकी की अनुमति नहीं होगी।

## जिसे चोर समझकर पीटा उसने आत्मग्लानी से की आत्महत्या

**रायगढ़।** कापू क्षेत्र के डोमनारा में एक व्यक्ति को चोर समझकर पीटने के बाद युवक के द्वारा आत्मग्लानीवश फांसी लगाकर जान दे देने के मामले में जांच के बाद पुलिस ने दो लोगों पर अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना कापू के मर्ग धारा 174 जा.फौ.के मृतक तरकस राठिया पिता जगतराम राठिया उम्र 26 साल निवासी सुपकालो के मर्ग जांच में पाया गया कि मृतक तरकस राठिया चार मार्च की रात करीब 7.30 बजे घर से अपने साथियों के साथ बैशाखू मांझी के घर ग्राम डोमनारा में मुर्गा बनाकर खाए एवं शराब भी पिए। बाद में सभी लोग अपने-अपने घर चले गए। रात करीब 12 बजे मृतक तरकस राठिया अंधेरे में जुड़नसाय मांझी के घर घुस गया। जुड़नसाय तरकस राठिया को चोर समझकर दो थप्पड़ मारा तो तरकस वहां से भागने लगा चोर-चोर की आवाज का हगा सुनकर जुड़नसाय का चचेरा भाई पानसाय जो पड़ोस में रहता है अपने घर से बाहर रोड पर निकला और तरकस राठिया को वह भी चोर समझकर मारपीट किया। सात मार्च को डूमरनारा के धौरानी जंगल में तरकस राठिया का शव सेनहा झाड़ के डगाल में फांसी पर लटका मिला। कापू पुलिस शव पंचनामा कार्रवाई पश्चात शव का पीएम सीएचसी धरमजयगढ़ से कराया गया।

# कोरोना काल में केंद्र का दिया एक लाख टन चावल सरकार ने बांटा ही नहीं

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना काल में केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार को लगभग सवा पांच लाख टन चावल और चना उपलब्ध कराया। इसमें से साढ़े चार लाख टन चावल का वितरण बीपीएल और अन्य राशन कार्डधारियों को किया गया। राज्य सरकार के पास विभिन्न जिलों में इसका एक लाख टन चावल वितरण के लिए शेष है।

वहीं केंद्र ने राज्य को 26 हजार टन से अधिक चना उपलब्ध कराया। बीपीएल परिवारों को एक किलो मुफ्त चना का वितरण किया गया। कोरोना काल में केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रतिमाह 1 लाख 15 हजार 338 टन चावल का आबंटन राज्य सरकार को तीन रुपए प्रति किलो की दर से किया। वहीं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1 लाख टन से अधिक चावल एवं 5150 टन चना का अतिरिक्त आबंटन दिया गया। प्रवासी श्रमिकों जिनके पास राशनकार्ड नहीं थे, उनको राशन उपलब्ध कराने के लिए केंद्र ने आत्मनिर्भर भारत योजना के अंतर्गत मई एवं जून में प्रतिमाह 10 हजार टन चावल और 528 टन चना का निःशुल्क आबंटन छत्तीसगढ़ राज्य को दिया।

केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए राशन आबंटन का वितरण राज्य से सभी जिलों में किया गया। राज्य सरकारों को सहायता उपलब्ध कराने को लेकर खाद्य विभाग के सहयोग से पांच किलो चावल और 1 किलो चना का वितरण बीपीएल, अन्नपूर्णा, एकल निराश्रित और निःशक्त जन राशनकार्ड धारियों को मुफ्त में किया गया। केंद्र ने राज्य को इस अवधि में कुल 501925 टन चावल आबंटित किया।

इसमें से राज्य सरकार ने 4 लाख 46 हजार 366 टन का वितरण किया। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कोरोना काल में संक्रमितों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए केंद्र सरकार ने 30 जून को योजना का विस्तार किया। इसके अंतर्गत जुलाई और अगस्त भंडारण कराकर वितरण करने की तैयारी की जा रही है। राज्य में मिले आबंटन के अनुरूप उठाव नहीं होने के कारण कई जगहों पर वितरण शेष है।

नारायणपुर में सबसे कम आबंटन कोरोना काल के समय चावल के आबंटन को लेकर खाद्य विभाग से जारी आंकड़े के अनुसार अप्रैल से लेकर जुलाई तक रायपुर में प्रतिमाह 12865 टन, बिलासपुर में 12480, रायगढ़ में 11514, दुर्ग में 10076, बलौदाबाजार-भाटापारा में 10738, राजनांदगांव में 11638 टन चावल का प्रतिमाह आबंटन जारी किया गया। वहीं सबसे कम 1021 टन प्रति माह का आबंटन नारायणपुर जिले के लिए जारी किया गया।

राज्य ने जारी किया साढ़े पांच लाख टन से अधिक का आवंटन खाद्यमंत्री अमरजीत भगत ने बताया कि कोरोना काल में मार्च से लेकर जुलाई तक राज्य सरकार ने राशन कार्डधारियों के लिए 5 लाख 76 हजार टन से अधिक का चावल का आबंटन जारी किया।

जिलों में 57 लाख 11 हजार प्रचलित राशनकार्ड धारियों को राशन उपलब्ध कराया गया। इस दौरान राशन की कमी को पूरा करने के लिए पीडीएस के माध्यम से बीपीएल और अन्य वर्ग के लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया गया। वहीं सामान्य वर्ग के राशन कार्डधारियों को इस दौरान 10 रुपए किलो में राशन उपलब्ध कराया गया।

# छुट्टी पर लगा बैन- उपचुनाव के ऐलान होते ही आचार संहित हुई लागू




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया**

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने अपने कार्यालय से ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने मरवाही विधानसभा उप निर्वाचन-2020 के कार्य म की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.सी. देवसेनापति एवं संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वय विपिन मांझी तथा डॉ. के.आर.आर.सिंह एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारीगण उपस्थित थे।

मरवाही उपचुनाव का ऐलान होते ही गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में अब आचार संहिता लागू हो गयी है। कलेक्टर डोमन सिंह ने इस बाबत आदेश जारी कर दिया है। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही अब सभी अधिकारी-कर्मचारी की छुट्टियों पर बैन लग गया, बिना कलेक्टर की अनुमति के अधिकारी-कर्मचारी अवकाश पर नहीं जायेंगे और अपने मुख्यालय में मौजूद रहेंगे।

वहीं चुनाव में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल करने को लेकर भी कलेक्टर ने गाइडलाइन जारी कर दिया है। निर्देश के मुताबिक रात के 10 बजे से सुबह के 6 बजे तक किसी भी तरह के लाउड स्पीकर का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। प्रत्याशी या राजनीतिक दल सुबह 6 बजे से रात के 10 बजे तक चुनाव प्रचार कर सकेंगे। लाउडस्पीकर मध्यम स्तर के आवाज वाले ही इस्तेमाल किये जा सकेंगे। कलेक्टर ने जिले में धारा 144 के तहत हथियार के साथ प्रदर्शन, धरना व आंदोलन करने पर रोक लगा दी है। हालांकि उन अधिकारी व कर्मचारियों पर ये आदेश लागू नहीं होगा, जो या तो ड्यूटी में लगे हैं। वहीं बुजुर्गों व दिव्यांगों पर भी ये आदेश लागू नहीं होगा। इसके अलावे धरना, प्रदर्शन व जुलूस के लिए भी अब अनुमति लेनी होगी। कलेक्टर ने जिले में लगे सभी विज्ञापनों व होर्डिंग्स को एक दिन के भीतर हटाने का निर्देश दिया है, साथ ही सभी होर्डिंग्स को हटाकर एक दिन के भीतर रिपोर्ट तलब किया गया गया है। कलेक्टर की तरफ से होर्डिंग्स व अन्य विज्ञापनों को हटाकर रिपोर्ट निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर को भेजी जायेगी।

# झीरम मामले में छत्तीसगढ़ सरकार को सुप्रीम कोर्ट का झटका, दो टूक में याचिका खारिज

पायनियर संवाददाता < रायपुर/नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने 2013 में हुए झीरम घाटी नक्सल हमले की जांच कर रहे न्यायिक जांच आयोग के सामने और गवाह पेश किए जाने की छत्तीसगढ़ सरकार की अपील को ठुकरा दिया है। राज्य सरकार ने अपील की थी कि न्यायिक जांच आयोग के सामने और गवाहों को पेश किया जाए। मई 2013 में हुए इस हमले में कांग्रेस पार्टी की छत्तीसगढ़ इकाई के कई बड़े नेताओं सहित 29 लोग मारे गए थे। न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति आरएस रेड्डी और एमआर शाह भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि आप चाहते हैं कि विशेषज्ञ गवाह की जांच हो लेकिन आयोग इस पर सहमत नहीं थे। आप भले ही आयोग का कार्यकाल बढ़ा दें लेकिन पैनल ने अपनी कार्यवाही बंद कर दी है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी अपील में हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। राज्य सरकार चाहती थी कि इस मामले में अतिरिक्त गवाहों से पूछताछ करने के विशेष न्यायिक आयोग को निर्देश दिया जाए। न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और एमआर शाह की पीठ की से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि न्यायिक आयोग ने छह महत्वपूर्ण गवाहों की गवाही दर्ज करने के अनुरोध को खारिज करते हुए जांच बंद कर दी थी। करीब 7 साल पहले यानि 25 मई 2013 को नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के दरभा क्षेत्र में झीरम घाटी के अंदर कांग्रेस नेताओं के एक काफिले पर हमला किया था।

उस नक्सल हमले में 29 लोगों की मौत हुई थी और कांग्रेस पार्टी के कई दिग्गज नेताओं की भी जान गई थी। नक्सल हमले में जान गंवाने वाले 29 लोगों में तत्कालीन पीसीसी चीफ नंद कुमार पटेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल शामिल थे।

# रोज शराब पीकर उत्पात करता था पति पत्नी ने गला घोंट कर मार डाला




अंबिकापुर। रोज शराब पीकर घर में विवाद झगड़ा करने वाले पति से परेशान पत्नी ने हंगामे करने के बाद सो रहे पति का गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी महिला पुलिस की हिरासत में है।दंपत्ति के 19 वर्षीय पुत्र ने पिता की संदिग्ध मौत की सूचना पुलिस को दी थी। मामला डूमरडीह गाँव का है, जहाँ राजकुमार नामक अधेड़ का शव उसके ही बिस्तर में बरामद हुआ था। मृतक के बारे में पत्नी ने बताया कि वह आदतन शराबी था और बीती रात शराब पीकर सोया तो उठा ही नहीं। इस बीच पुलिस का ध्यान मृतक के गले पर मौजूद काले निशान पर गया, पीएम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि मौत गला दबाकर दम घोंटने से हुई है।पुलिस ने संदेह के आधार पर पत्नी से कड़ाई से पूछताछ की तो पत्नी राजकुमारी ने खुलासा करते हुए बताया रोज शराब पीकर मारपीट करता था.. परेशान कर दिया था, रात को फिर झगड़ा लड़ाई किया। तो कपड़े से गला घोंट कर मैने मार दिया।

**पैंगोलिन के स्केल बेचने के लिए खोज रहे थे ग्राहक**

# जंगली जानवरों के अंगों की तस्करी, तीन गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < रायपुर/धमतरी
www.dailypioneer.com



उपनिदेशक उदंती के निर्देश में 26 सितम्बर को वन परिक्षेत्र अधिकारी अरसीकन्हार, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी कालागढ़ एवं अन्य वन अमला द्वारा विशेष एंटी पोचिंग टीम उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के सहयोग से गोपनीय सूचना के आधार पर अरसीकन्हार रिसगांव वन मार्ग पर धोबन नाला के समीप घेराबंदी कर संरक्षित वन्य जीव पैंगोलिन (साल खपरी) के स्केल को बेचने के फिराक में दो आरोपियों जिनका नाम (1) पुनऊ राम पिता बिसाहू जाति कमार उम्र 26 वर्ष ग्राम बोईरगांव,(2) छब्बू राम पिता श्यामलाल जाति कमार उम्र 32 वर्ष को 218(0.952 किलोग्राम) साल खपरी स्केल, 2 नग मोटर सायकल चाकू 1 नग, एवं कुल्हाड़ी 1 नग के साथ पकड़ा गया और एक आरोपी अशोक कुमार पिता मंशाराम जाति कमार ग्राम बोईरगांव मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। जिसे दिनांक 27 सितम्बर 2020 को पकड़ा गया। पूछताछ के लिए आरोपियों को वन परिसर सांकरा लाया गया।

पूछताछ के लिए आरोपियों के द्वारा बताए गए स्थल से सूअर का दांत 02 नग, मोर पंख 48 नग, खरगोश का फंदा 02 बंडल, सूअर का फंदा 1 बंडल, तीर 1 नग बरामद किया गया है। आरोपियों के अपराध कबूल करने पर उनके विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के धारा 9, 27 31, 39, 39(द), 44, 50,51 एवं 52 के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 14247/19 दिनांक 27.09.2020 को दर्ज कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने की विधिवत कार्यवाही की जा रही है एवं जब्त वाहन को राजसात की कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में योगेश रात्रे वन परिक्षेत्र अधिकारी इंदागांव, गोपाल कश्यप वन परिक्षेत्र अधिकारी अरसीकन्हार, लोचन राम निर्मलकर वनपाल, राकेश मारकण्डे वनरक्षक, मनोज ध्रुव वनरक्षक सोहन लाल निषाद वनरक्षक, अनिरुद्ध कुमार सोम वनरक्षक, चन्द्रभान साहू वनरक्षक, गोवर्धन लाल यादव वनरक्षक, नीलकंठ ध्रुव गेमगार्ड, विनय कुमार पटेल गेमगार्ड रामसुन्दर साहू, संतू राम शोरी सुरेंद्र कुमार पटेल, मिथिलेश कुमार दैनिक श्रमिक आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# ओडीएफ प्लस में छत्तीसगढ़ को देश में दूसरा स्थान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

ओडीएफ+ की श्रेणी में छत्तीसगढ़ को देश में दूसरा स्थान दिया गया है। 8 अगस्त से 15 अगस्त के बीच चलाये गये गंदगी मुक्त अभियान में छत्तीसगढ़ के 62 गांव ओडीएफ प्लस घोषित किये गये हैं। सर्वाधिक ओडीएफ प्लस गांव में छत्तीसगढ़ को दूसरा स्थान दिया गया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस पर राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ को सम्मानित किया जायेगा। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की तरफ से आयोजित आनलाइन समारोह में ये पुरस्कार दिया जायेगा। आपको बता दें कि 1 अप्रैल से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के फेस2 की शुरुआत की गयी है। इसके अंतर्गत ओडीएफ का स्थायित्व सहित ठोस एवं तरल अवशिष्ट प्रबंधन पर कार्यकर सभी गांवों के लिए 8 मापदंड भारत सरकार ने निर्धारित किये हैं। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत प्रदर्शन पर पंचायत मंत्री टीएस सिंहदेव ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की राज्य, जिला, ब्लाक व ग्राम की पूरी टीम और गामीणों को बधाई दी है।

# आईजी विवेकानंद सिन्हा की कोरोना रिपोर्ट आयी पॉजिटिव

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में कोरोना की रफ्तार बेहद तेज है। प्रदेश में कुल पॉजिटिव का आंकड़ा अब 1.10 लाख तक पहुंच गया है। तो वहीं मौत का आंकड़ा भी 900 के आसपास हो गया है। पिछले कुछ महीनों से रायपुर के साथ-साथ दुर्ग में भी कोरोना का कहर सबसे ज्यादा दिख रहा है। कल तो दुर्ग में 500 से ज्यादा नये केस मिले थे, जो दुर्ग के लिए अब तक के सबसे ज्यादा बड़े आंकड़े थे। जानकारी के मुताबिक दुर्ग आईजी विवेकानंद सिन्हा को भी कोरोना हो गया है। कुछ दिन पहले कराये कोरोना टेस्ट में आईजी की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। हालांकि उन्हें किसी भी तरह का लक्षण नहीं है, लिहाजा वो घर में ही आईसोलेट रहेंगे। जानकारी के मुताबिक आईजी कार्यालय में पदस्थ अर्दली, वाहन चालक सहित 5 लोग कोरोना पॉजिटिव हैं। सभी लोगों का 21 सितंबर को कोरोना टेस्ट किया गया था। आज आयी रिपोर्ट में आईजी विवेकानंद सिन्हा सहित 6 लोग कोरोना पॉजिटिव हैं।

# शिक्षक और टॉपर्स बताएंगे, कैसे करें परीक्षाओं की ऑनलाइन तैयारी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं के परीक्षार्थियों के लिए एग्जामिनेशन प्रिपरेशन कंटेंट जारी किया है। यह कंटेंट कोरोना काल में घर में रह रहे बोर्ड परीक्षार्थी की तैयारी को लेकर है। इसे नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया (एनडीएलआई) ने बनाया है। कोरोना के चलते स्कूल बंद हैं। ऐसे में घर में रह कर छात्र को बोर्ड परीक्षा की तैयारी में इस कंटेंट से मदद मिलेगी। सीबीएसई के अनुसार, इसमें उन सारे बिंदुओं पर फोकस किया गया है, जिस पर परीक्षा की तैयारी के दौरान शिक्षकों द्वारा ध्यान दिया जाता था। बोर्ड परीक्षा के पैटर्न पर इसमें सवाल और उसका जवाब अध्याय के आधार पर बनाए गए हैं। इसमें 2021 की बोर्ड परीक्षाओं के संदर्भ में सभी गाइडलाइन दी गई है। प्रिपरेशन कंटेंट सामग्री को बोर्ड ने सभी स्कूलों को भी इसे भेजा है। सभी स्कूलों को अपने माध्यम से भी छात्रों को यह मुहैया करवाना है। एग्जाम प्रिपरेशन कंटेंट में प्रश्न और उसके उत्तर के अलावा अलग-अलग शैक्षणिक संस्थान के प्रोफेसर आदि का वीडियो लेकर भी अपलोड किया गया है। इसमें दीक्षा पोर्टल के शिक्षकों की मदद ली गयी है। कॅरियर टिप्स सीबीएसई स्कूलों के बच्चों को इंडियन एयर फोर्स (आईएएफ) में कॅरियर बनाने की जानकारी एप के माध्यम से मिलेगी। सीबीएसई ने सभी स्कूलों को निर्देश दिया है कि इससे बच्चों को जोड़ें, ताकि इस क्षेत्र में जाने की चाह रखने वाले बच्चों को लाभ मिल सके। इसके लिए इंडियन एयर फोर्स ने एक विशेष एप तैयार किया है। कोविड-19 के बीच स्कूल से दूर हुए बच्चे अपनी पढ़ाई और करियर को लेकर कई तरह के तनाव से गुजर रहे हैं। ऐसे में एयर फोर्स ने इस पहल के जरिए बच्चों को करियर का नया अवसर दिया है। बोर्ड के मुताबिक, यह पहली बार है जब भारतीय वायु सेना के अधिकारी से बच्चों को इस क्षेत्र के करियर के बारे में पता चलेगा। प्रश्नों के प्रारूप की भी जानकारी एग्जामिनेशनल प्रिपरेशन कंटेंट से बोर्ड परीक्षार्थियों की तैयारी नियमित रूप से होगी। डाउट क्लियर करने में मदद मिलेगी।

**सीमावर्ती जिला होने के बावजूद इन जिलों में कोरोना नहीं फैलने दिया गया**

# 10 जिले जहां कोरोना के सबसे कम मिले हैं अब तक मरीज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में कोरोना बेकाबू रफ्तार से बढ़ रहा है। कुल पॉजिटिव का आंकड़ा तो अब एक लाख 10 हजार हो चुका है, तो वहीं मौत का आंकड़ा भी 900 के करीब जा पहुंचा है। प्रदेश के 28 जिलों में कोरोना का कहर टूटा है, लेकिन इन सबके बावजूद छत्तीसगढ़ के कई जिले ऐसे हैं, जहां कोरोना का संक्रमण बेहद कम है। इन सब में गौर करने वाली बात ये है कि जिन जिलों में सबसे कम मरीज मिले हैं, उनमें अधिकांश जिला दूसरे राज्यों की सीम से सटे हैं, बावजूद यहां संक्रमण ज्यादा फैलने नहीं दिया गया।

हालांकि ये बात जरूर है कि ये जिले भी बेहद छोटे हैं। आइए देखते हैं कि उन जिलों के आंकड़े, जहां कोरोना पॉजिटिव की कुल संख्या दो हजार भी नहीं पहुंची है, वो उस सूरत में जब राजधानी में 32 हजार से ज्यादा कोरोना पॉजिटिव हो चुके हैं।

छत्तीसगढ़ में सबसे कम संक्रमण वाले जिलों की बात करें तो उसमें सबसे पहला नाम है गौरेला-पेंड्रा-मरवाही का। जीपीएम में अभी तक कुल 321 मरीज मिले हैं, जिसमें से अधिकांश स्वस्थ्य होकर घर चुके हैं, सिर्फ 58 लोग ही अभी बीमार हैं। वहीं दूसरा सबसे कम संक्रमित जिले में बलरामपुर का नाम है। बलरामपुर में अब तक कुल 939 मरीज ही मिले हैं, जिनमें से 247 अभी इलाजरत है। उसके बाद नंबर आता है जशपुर का, इस जिले में कुल 1048 पॉजिटिव अब तक मिले हैं, उनमें से भी अधिकांश स्वस्थ्य होकर घर लौट गये हैं।

चौथा नंबर पर कोंडागांव जिला में कुल मरीजों की संख्या 1208 है, कोंडागांव में 297 मरीज ही फिलहाल बीमार हैं। नारायणपुर जिला का, इस जिले में 1270 संक्रमित अब तक मिले हैं, जिनमें से अभी एक्टिव केस 400 हैं। पांचवें नंबर बेमेतरा में 1322 पॉजिटिव केस अब तक मिले हैं, हालांकि बेमेतरा के लिए चिंता की बात ये हैं, यहां हुए संक्रमित की मौत ज्यादा हुई है। इस जिले के 13 संक्रमितों की अब तक मौत हो चुकी है।

कोरिया कम संक्रमित वाले जिलों में छठे नंबर है, इस जिले में 1317 मरीज अब तक मिले हैं, हालांकि यहां भी मौत का आंकड़ा ज्यादा है, मरीजों की कम संख्या के बावजूद यहां 11 लोगों की मौत अब तक हो चुकी है। गरियाबंद कम संक्रमित वाले जिले में सातवें नंबर पर है। गरियाबंद में 1373 केस अब तक मिले हैं। हालांकि यहां भी मौत का आंकड़ा काफी ज्यादा है, इस जिले में भी अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है।

मुंगेली जिले में भी अन्य जिलों की तुलना में बेहद मरीज मिले हैं, मुंगेली में अब तक 1487 पॉजिटिव मिले हैं, अच्छी बात ये है कि यहां मौत भी काफी कम हुई है, अब तक स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक यहां 3 मौत हुई है। सूरजपुर नौवें नंबर है, यहां अब तक 1515 पॉजिटिव मिलि हैं, जिनमें 457 मरीजों का अभी इलाज चल रहा है, 7 लोगों की मौत यहां अभी तक हुई है। जबकि 10वें नंबर पर बीजापुर है, जहां 1621 पॉजिटिव अब तक मिले हैं। यहां 6 की मौत अब तक हुई है।

# कोरोना से पूर्व खाद्य मंत्री की पत्नी की मौत

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में कोरोना संक्रमण से एक बार फिर मौत सामने आई है, बीते सोमवार की रात पूर्व खाद्य मंत्री एवं वर्तमान विधायक पुन्नूलाल मोहले की पत्नी की मौत हो गई, विगत 18 सितम्बर को उनकी कोरोना पाजिटिव होने की पुष्टि की गई थी इसके अलावा मिली जानकारी के अनुसार उन्हे स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याए भी थी , पाजिटिव होने की पुष्टि के बाद से उनका ईलाज होम आईसोलेशन में जारी था ।

गौरतलब हो कि जिले में सितम्बर का महिना कोरोना संक्रमण को लेकर भारी रहा है जहां लगातार स्वास्थ्य पुलिस व अन्य विभाग के कर्मचारियों संक्रमित होने की वजह से कई कार्यालयों को बंद रखा गया था, वही इस महिने लगभग 5 से 6 मौतो का आकडा भी सामने आया है, ऐसा ही मामला बीते सोमवार को सामने आया जब पूर्व खाद्य मंत्री पुन्नूलाल मोहले की पत्नी द्वारिका देवी की मौत कोरोना संक्रमण के कारण हो गई, मिली जानकारी के अनुसार 18 सितम्बर को उनकी कोरोना पाजिटिव होने की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई थी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403